सुप्रभात

रांची, शनिवार

23.12.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, एकादशी/ द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 160



12 फिल्म मर्दानी 3 में काम करेंगी रानी मुखर्जी

## न्यूज डायरी

### गणतंत्र दिवस पर फ्रांस के राष्ट्रपति होंगे चीफ गेस्ट

**नयी दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पीएम मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति ने नयी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत आने की पुष्टि की है।

### बजरंग पुनिया ने किया पद्मश्री लौटाने का ऐलान

**नयी दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में शुक्रवार को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया।

### लातेहार में जेजेएमपी के चार नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने सटीक कार्रवाई कर छिपादोहर थाना क्षेत्र से जेजेएमपी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लेवी के पैसे और हथियार भी बरामद हुए हैं।

### छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में नौ मंत्री और शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 10 दिन पुराने विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का आज विस्तार हुआ और नौ नये मंत्री शामिल किये गये। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन शुक्रवार की दोपहर राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी।

### इडी के समक्ष पेश नहीं होंगे तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शुक्रवार को ईडी कार्यालय नहीं गये। उन्हें लैंड फॉर जॉब मामले में तलब किया गया था। सूत्रों के अनुसार तेजस्वी ने कुछ और दिनों की मोहलत मांगी है। बता दें कि लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी ने तेजस्वी को तलब किया था।

### जगन्नाथपुर मंदिर का स्थापना दिवस 25 को

**रांची।** श्रीजगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति 25 दिसंबर को लक्ष्य अर्चना के साथ स्थापना दिवस मनायेगी। सुबह पांच बजे से भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुल जायेंगे। आठ बजे से लक्ष्य अर्चना प्रारंभ होगी। मुख्य पुजारी रामेश्वर पाढ़ी ने शुक्रवार को कहा कि सुबह 8:30 बजे से गणपति हवन होगा।

### कारोबारी कृष्णा ने इडी कोर्ट में दिया पिटीशन

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा ने शुक्रवार को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया है। इसपर सुनवाई के लिए अदालत ने दो जनवरी की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में उनके खिलाफ आरोप गठन भी होना है। पिछले दिनों हाईकोर्ट से कृष्णा को जमानत मिल चुकी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## तैयारी क्रिसमस की...



फोटो : समीर

# एनटीपीसी कोल माइंस को स्टार रेटिंग पुरस्कार में मिला तीसरा रैंक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एनटीपीसी दुलंगा कोयला खनन परियोजना को वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए ओपन कास्ट खानों की श्रेणी के तहत स्टार रेटिंग पुरस्कार (तीसरी रैंक) से सम्मानित किया गया है। एनटीपीसी तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजना को वर्ष 2019-20 के लिए ओपन कास्ट श्रेणी के तहत स्टार रेटिंग (अचीवर्स रैंक) से भी सम्मानित किया गया है। एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव और अनिमेष जैन, सीईओ, एनटीपीसी



माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने 20 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कोयला खदानों की वार्षिक स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में प्रह्लाद जोशी, कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किये।

## पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड का भरा खजाना खाली कर दिया था

# दो साल में बनायेंगे ताकतवर फिर हाथ फैलाना नहीं पड़ेगा

**सरकार आपके द्वार**

- युवाओं, किसानों का भविष्य संवारने को प्रतिबद्ध
- समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बना रहे हैं
- नया समाहरणालय भवन धनबाद को समर्पित
- 206 योजनाओं का तोहफा, 497 के बीच बंटी परिसंपत्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी राज्य के हर नौजवान के भविष्य संवारने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। भरे खजाने के साथ झारखंड अलग हुआ था, पर पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड को देश का पिछड़ा राज्य बनकर रख दिया। उनलोगों ने राज्यहित नहीं सिर्फ अपना ही विकास किया। राज्य का खजाना लूटा। पूर्ववर्ती सरकारों ने जो किया उसे देख कर चिंता होती है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र की सरकार व्यापारियों की जमात है। विधायक और सांसदों की खरीद फरोख्त ही उनकी मंशा है। महंगाई से देश के लोग कहर रहे हैं, पर सरकार को कुछ दिखता नहीं। श्री सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार जनहित के ऐसी-ऐसी योजनाएं चला रही है, जिससे झारखंड आगे बढ़ रहा है। यह सरकार अगले दो वर्षों में राज्य को इतना ताकतवर बना देगी कि जब हम 2025 में 25 वर्ष के युवा हो जायेंगे, तब हमें किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी को ध्यान में रख कर सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों समेत सबके हित में जुटी हुई है। श्री सोरेन शुक्रवार को धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड स्थित मोदी टोला ग्राम में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

### गांव, देहात और टोलों से चल रही है सरकार



सीएम ने कहा कि उनकी सरकार में आज कोई भी ऐसा घर नहीं है, जहां सरकार की कोई न कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। हम समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ रहे हैं। सीएम ने कहा कि यह आदिवासियों-मूलवासियों और झारखंड वासियों की सरकार है। यह सरकार रांची-दिल्ली से नहीं बल्कि गांव-देहात और मोहल्ला टोला से चल रही है। इस कार्यक्रम के दौरान शिविरों में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार लोगों के घर और दरवाजे तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। यह सिलसिला हर वर्ष जारी रहेगा।

### डीवीसी पर से खत्म करेंगे निर्भरता

सीएम ने कहा कि राज्य के कुछ जिले ऐसे हैं जहां बिजली के लिए डीवीसी से हमें बिजली खरीदनी पड़ती है। अक्सर डीवीसी की मनमानी की बात सामने आती है। अब हमारी सरकार बहुत जल्द अपने बलबूते पूरे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति करेगी। हमारी सरकार इस राज्य को गरीबी और पिछड़ापन के टैग से निजात दिलाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## जंतर-मंतर पर रैली में बोले राहुल- हम डरने व दबने वाले नहीं हैं

# मोदी लोकतंत्र खत्म करना चाहते हैं : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा है कि मोदी सरकार देश के लोकतंत्र को बर्बाद कर तानाशाही पर उतर आयी है। विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया, जिन्होंने संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर सरकार से सवाल पूछे। अपने सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, माकपा के सीताराम येचुरी, भाकपा के डी राजा, द्रमुक के तिरुचि शिवा तथा गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के नेताओं ने यहां जंतर मंतर पर आयोजित रैली का आयोजन किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि 2024 में मोदी सरकार को मिलकर बाहर का रास्ता दिखाना है। देश को बचाना है इसलिए इंडी गठबंधन का गठन किया गया है। श्री खड़गे ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह ने देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का बीड़ा उठाया हुआ है। ये लोग दलितों, मजदूरों, महिलाओं और किसानों को कुचलने का काम कर रहे हैं इसलिए हमने देश को बचाने के लिए इंडी गठबंधन बनाया है।



**हवा निकल गयी थी भाजपा सांसदों की :** जंतर मंतर पर धरना के दौरान शुक्रवार को राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले संसद भवन में घुसपैठ हुई तब भाजपा सांसदों की हवा निकल गयी थी। उसके सभी सांसद भाग गये, जो अपने आप को देश भक्त कहते हैं। राहुल गांधी ने कहा, संसद के अंदर वे गैस का सिलेंडर ले आए? उन्होंने ये विरोध क्यों किया? उसका कारण क्या था? बेरोजगारी! इस देश का युवा आज रोजगार नहीं पा सकता है। मोदी जी ने उनसे रोजगार छीन लिया है। उन्होंने कहा कि लड़ाई नफरत और मोहब्बात के बीच है। भाजपा जितनी नफरत फैलायेगी, इंडिया' गठबंधन उतनी ही मोहब्बात, भाईचारा और एकता फैलायेगा। विपक्षी सांसदों को आपने सदन से बाहर निकाल दिया।

### हाइकोर्ट में राहुल गांधी मामले पर सुनवाई 4 को

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को न्यायाधीश अंबुज नाथ की कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। अगली अब 4 जनवरी को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता भाजपा नेता नवीन झा की ओर से झारखंड हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार और विनोद साहू ने अपनी दलील पेश की। यह मामला साल 2018 का है, जब दिल्ली के कांग्रेस महाधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं। इसी का हवाला देते हुए नवीन झा ने निचली अदालत में 2019 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

# मोदी-नड्डा ने भाजपा की बैठक में बनायी रणनीति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 2024 चुनाव से पहले माहौल बनाने को लेकर विपक्ष जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहा है, तो तैयारी में भाजपा भी जुट गयी है। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों और कार्यक्रमों की रुपरेखा तय करने के लिए शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (विस्तार) में शुरू हुई। बैठक में पीएम मोदी ने भी भाग लिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की अध्यक्षता में यह बैठक हो रही है। बैठक में 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की जा रही है।

बैठक में केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं का कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा, हाल के पांच विधानसभा चुनावों के परिणाम और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पार्टी के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की गयी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में पार्टी के विभिन्न मोर्चों और राज्य इकाइयों ने अपनी मौजूदा संगठनात्मक गतिविधियों का ब्योरा साझा किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की ओर से इन मोर्चों व राज्य इकाइयों को दिशा-निर्देश दिये गये।

## भारत बंद पर झारखंड में भी नक्सली उत्पात

# रेल ट्रैक को बम से उड़ाया हावड़ा-मुंबई मार्ग बाधित

- कई ट्रेनें रद्द, रेलवे अधिकारी परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा, रांची।** भारत बंद के दौरान नक्सलियों ने कई जगह उत्पात मचाया। छत्तीसगढ़ के बाद झारखंड में भी नक्सलियों ने सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए रेल पटरी को क्षतिग्रस्त कर दिया। गुरुवार की देर रात को नक्सलियों ने चाईबासा में गोइलकेरा व पौसेता स्टेशनों के बीच बम विस्फोट कर रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इस वजह से कई ट्रेनों का परिचालन ठप पड़ गया है। (शेष पेज 11 पर)

### रेलवे ट्रैक और एनएच की सुरक्षा बढ़ायी गयी



ट्रैक पर विस्फोट के बाद रेलवे रूट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी। बंद को देखते हुए झारखंड पुलिस और रेलवे पुलिस दोनों ही अलर्ट मोड में थी। हर ट्रेन की गहनता से जांच करवाई जा रही है। बंद को लेकर भाकपा माओवादियों के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह लिखा गया है कि नक्सल मुक्त झारखंड के नाम पर केंद्रीय बलों के साथ मिलकर झारखंड पुलिस आदिवासी बहुल इलाकों में अत्याचार कर रही है।

### खूंटी में युवक की पिटाई के बाद हत्या

**खूंटी।** जिले में अड़की थाना क्षेत्र के बोहंडा टोला के कदल सकेड़ा गांव में 27 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने पहले युवक की पिटाई की, उसके बाद धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। इस हत्याकांड को गुरुवार देर रात अंजाम दिया गया। युवक का नाम जीवन हेम्ब्रम है। वो अपने घर में सो रहा था कि अचानक आधा दर्जन अपराधी पहुंचे और घर से निकाल कर पहले उसकी पिटाई की। उसके बाद हथियार से काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद अपराधियों ने उसे पत्थर से कूच दिया। शुक्रवार को घटना की जानकारी अड़की पुलिस को ग्रामीणों ने दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## देश में कोरोना के नये वेरिएंट के अब तक 26 मामले

# बिहार में भी दो मिले, सभी एयरपोर्ट पर होगी जांच

एजेंसी

**नयी दिल्ली, पटना।** कोरोना वायरस के नये वेरिएंट जेएन.1 के मरीज कई राज्यों में मिल चुके हैं। बिहार में में भी दो मरीज मिले हैं। देश में अब तक जेएन.1 सब वेरिएंट के 26 मामले आये हैं। 26 मामलों में 19 केस गोवा में, 4 राजस्थान में और केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र में एक-एक केस हैं। बिहार में भी कोरोना के दो मरीजों के मिलने के बाद सरकार अलर्ट हो गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद राज्य सरकार ने सभी तीन एयरपोर्टों पर यात्रियों की कोरोना जांच के निर्देश दे दिये हैं। ताजा जानकारी के अनुसार नये वेरिएंट के 8 मरीज शुक्रवार को मिले। देश में तेजी से फैल रहे कोरोना के नए वेरिएंड ने लोगों में एक बार फिर से डर का माहौल पैदा कर दिया है। (शेष पेज 11 पर)

### बिहार में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

बिहार में दो नये मामले मिलने से सीएम नीतीश ने आपात बैठक कर इस विषम परिस्थिति से निपटा की तैयारियों की समीक्षा की है। सीएम ने



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हालात पर नजर बनाये रखने किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उच्चस्तरीय बैठक के बाद सीएम ने सभी तीन एयरपोर्टों पर यात्रियों की कोरोना जांच के निर्देश दिये। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि कोविड की निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप अस्पतालों में दवा, उपकरण, बेड, ऑक्सीजन, मानव बल और अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता रखें। इन दोनों मरीजों की जो ट्रैवल हिस्ट्री मिली, उसके अनुसार एक व्यक्ति केरल की यात्रा करके लौटा है तो वहीं दूसरा असम से आया है।

# दिल के दौरे में सीपीआर लाइफ सेविंग : डॉ नारायण

## झारखंड हृदय समागम : दिल की बीमारियों से बचने व तकनीक की दी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पहली बार स्वास्थ्य विभाग ने झारखंड हृदय समागम का आयोजन किया है,जो दो दिनों तक चलेगा। समागम में डॉक्टरों को हृदय रोग के इलाज प्रबंधन की आधुनिक तकनीक और इलाज के साधनों से अवगत कराया जा रहा है। झारखंड हृदय समागम के संयोजक और प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हेमंत नारायण ने बताया कि डॉक्टरों और आम जनता में यह जागरुकता लाना चाहते हैं कि हृदय रोग और खासकर हार्ट अटैक की स्थिति में क्या त्वरित उपाय करें ताकि मरीज की जान बचायी जा सके।

समागम के दौरान पुलिस के जवानों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की जानकारी दी जा रही है। इससे किसी आपात स्थिति में मेडिकल इमरजेंसी की सुविधाएं पहुंचने से पहले अगर दिल की धड़कन बंद हो जाए तो उसे दोबारा शुरू किया जा सके। रांची के जैप-1 में चल रहे इस समागम में 450 से अधिक चिकित्सक भाग ले रहे हैं।

इसका आयोजन कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के सहयोग किया गया है। समागम की खासियत यह है कि राज्य के अलग अलग जिलों और प्रखंडों में सेवा दे रहे डॉक्टर्स हृदय रोग के मामले में ग्लोबल स्तर पर हो रहे नयी खोज से अवगत होंगे और इसका लाभ राज्य की जनता को ही मिलेगा। (शेष पेज 11 पर)



**क्या है सीपीआर :** कोलकाता से आये सीपीआर विशेषज्ञ मो मुस्ताक कहते हैं कि अगर किसी व्यक्ति का हर्ट बीट यानि दिल की धड़कन रुक जाये और तुरंत मेडिकल इमरजेंसी उपलब्ध न हो तो सिर्फ 03 मिनट में उस व्यक्ति का ब्रेन डेड हो जाता है। ऐसी स्थिति में अगर सही ढंग से सीपीआर सही तरीके से किया जाए तो 90% से अधिक मामले में जान बचायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ पुलिसकर्मियों को बल्कि छात्र-छात्राओं को भी सीपीआर की जानकारी होनी चाहिए। इसके तहत प्रति मिनट 100 बार छाती पर एक खास स्थान पर 1-2 इंच का दबाव बनने जितना प्रेशर देकर दबाना होता है। हर 30 दवाब के बाद बीमार व्यक्ति को कैसे माउथ टू माउथ दो बार कृत्रिम सांस देना है। उन्होंने पुलिस के जवानों को डमी मॉडल पर सीपीआर देने के सही तकनीक की जानकारी दी।

# सैलानियों ने पीटीआर में देखा बाघ, तस्वीर उतारी

## आसपास के लोगों को किया गया अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/ रांची।** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में एक बार फिर बाघ नजर आया। इसके बाद अधिकारियों की सतर्कता बढ़ गयी। बेतला नेशनल पार्क घूमने आये बंगाल के कुछ सैलानियों ने बाघ की तस्वीर कैद की है। इसकी सूचना मिलने के बाद जंगल में पेड़ों पर कैमरा ट्रैप लगा दिये गये हैं।

खबर है कि कई दिनों से इस बाघ को जंगल में देखा जा रहा था। बंगाल से आये पर्यटकों ने बाघ को देखा और उसकी तस्वीर को अपने कैमरे में कैद कर लिया। ये पर्यटक शुक्रवार की शाम बेतला नेशनल पार्क में भ्रमण कर रहे थे।

उसी दौरान उन्हें बाघ को दिखा। और तुरंत इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर लिया। वेतला के टूरिस्ट वाहन चालक नजीबुल्लाह अंसारी और गाइड के रूप में मोहम्मद हनीफ अंसारी भी पर्यटकों साथ थे। कई दिनों से सूचजना मिल रही थी कि बाघ आसपास के पालतू जानवरों को मार रहा है।

## कुरमाली की जगह कुड़मालि के रूप में संशोधित हो भाषा का नाम : लंबोदर महतो

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक कुड़मालि भाषा के लिये वर्तमान में प्रयुक्त हो रहे त्रुटि पूर्ण कुरमाली शब्द को विलोपित कर कुड़मालि शब्द के रूप में संशोधित करने की मांग की है। उन्होंने शीतकालीन सत्र में सरकारी संकल्प पर चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग की। साथ ही, उन्होंने सदन के माध्यम से यूजीसी को भी पत्र लिखकर कुरमाली के स्थान पर कुड़मालि संशोधन करने की मांग राज्य सरकार से किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भी संथाली के जगह संताली, कुरुख के लिए कुडुख, खड़िया के बदले खरिया आदि शब्द नाम प्रयुक्त किया जा रहा हैं। फिर कुड़मालि के साथ पक्षपात एवं अन्याय क्यों।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–कमला देवी, उम्र–58 वर्ष रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फिट, पहनावा–सफेद रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला कमला देवी, पति–स्व0 हरिनाराण सिंह, सा0–कार्ट सराय रोड अपर बाजार निकट खाड़ीखाना चौक, थाना–कोतवीली, जिला–राँची जो दिनांक–10.09.2023 को घर से बगैर बताए निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में कोतवाली थाना सनहा संख्या–28/23 दिनांक–13.05.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी कोतवाली, राँची। – 9431706158

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 314134 Police (23-24)_D



### e-Procurement Cell
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

**Very Short e-Procurement Notice**

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 01 /2023-24

Date:-21-12-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Boundary wall at UPG Middle School Bes , Block- Katkamdag , Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 5216289/- |
| 3. | Time of Completion | 3 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 24-12-2023 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 02-01-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 314038 Building(23-24).D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/39/2022-23 (5th call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/ SD/HZB/ 39/01/2022-23 | प्रखण्ड केरेडारी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.01.2024 से दिनांक 18.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 314045 Rural Development(23-24).D



### झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 173 /2023-24 दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-15 / 2023-24 | केतार | 1 | मुख्य पथ से मुकुन्दपुर बस्ती होते हुए पण्डा नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.700 कि०मी०) | 1331.328 | तेरह करोड़ एकतीस लाख बत्तीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | केतार | 2 | मुख्य पथ से हुरका गरूड़ होते हुए मेरौनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 4. 200 कि०मी०) | | | |
| | | खरौंधी | 3 | अरंगी मुख्य पथ से किसान महाविद्यालय होते हुए बैतरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.000 कि०मी०) | | | |
| | | खरौंधी | 4 | सिसरी वेयर हाउस से अंधरी होते हुए बनखेता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 2.150 कि०मी०) | | | |
| | | खरौंधी | 5 | अमरोरा मेन रोड से होते हुए चिनियाही टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.000 कि०मी०) | | | |
| | | खरौंधी | 6 | कूपा मुख्य पथ से विद्यालय होते हुए चनैर टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.000 कि०मी०) | | | |
| | | केतार | 7 | पाँचडुमर मुख्य पथ से मंदिर होते हुए कमडरवा बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 11.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–12.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 314094 (Rural Work Department) 23-24 (D)


### आइएनडीआइए ने निकाला प्रतिरोध मार्च, सांसदों के निलंबन पर जताया विरोध, कहा

# केंद्र सरकार अपना रही तानाशाही रवैया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** लोकसभा और राज्यसभा से 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महागठबंधन आइएनडीआइए के बैनर तले सभी घटक दल लोकतंत्र एवं संविधान बचाये रखने के लिए जिला स्कूल से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अजय नाथ शाहदेव, झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडे, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष हरि सिंह, भाकपा माले से अजय सिंह, भुवनेश्वर केवट, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस आक्रोशपूर्ण विरोध मार्च का मकसद जनता का ध्यान हमारे लोकतंत्र के सामने मौजूद खतरनाक स्थिति को बताना है। उन्होंने कहा कि संसद में युवकों का विरोध करने का एकमात्र कारण बेरोजगारी था। केंद्र सरकार इसमें विफल रही है। यही कारण है कि युवकों ने यह रास्ता अख्तियार किया।

उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में यह पहली घटना है, जब विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित किया गया। यह लोकतंत्र पर एक धब्बा है और देश के लिए एक राष्ट्रीय अपमान है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संसद की मर्यादा एवं लोकतंत्र की मर्यादा दोनों को ताक पर रख दिया है।

वित्त मंत्री मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि संसद सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को सदन में बयान देना चाहिए। यही लोकतंत्र की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि बयान नहीं देना यह सदन का अपमान है। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि देश में बहुदलयीय लोकतंत्र हो। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि युवक संसद में कैसे पहुंच गये और जिनकी अनुशंसा पर वे सब संसद में पहुंचे, उनपर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

#### भाजपा वाले सदन रख लें, लेकिन सड़क हमारा है

झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा वाले सदन रख लें। लेकिन, सड़क हमारा है। सड़क पर आंदोलन करने से हमें कोई नहीं रोक सकता। उद्योगपति उनके जरूर हो सकते हैं, लेकिन हमारे साथ जनता है। विनोद पांडे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दल एकजुट हैं और आगे भी एकजुट रहेंगे। झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि देश में जो संकट आया है, उस संकट से लड़ने के लिए पूरे विपक्षी दल एकजुट हैं। भाकपा माले के भुवनेश्वर केवट ने कहा कि देश से लोकतंत्र खत्म करने की षड्यंत्र रची जा रही है। संविधान की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। वाम दल के वरिष्ठ नेता अजय कुमार सिंह ने कहा पूरे देश से सांसद चुनकर संसद भवन इसीलिए जाते हैं कि वह जनता की आवाज को देश की पटल पर रख सके। लेकिन, जिस तरह से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार सांसदों की आवाज को दबाना चाह रही है, वह जायज नहीं है।

## मनी लांड्रिंग के आरोपी सुनील यादव की डिस्चार्ज अर्जी पर हुई सुनवाई

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन से प्राप्त राशि के मनी लांड्रिंग के आरोपी साहिबगंज जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुनील यादव की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर शुक्रवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कहा कि सुनील यादव मामले में निर्दोष है। इडी कोई पुख्ता सबूत नहीं दिया है। मामले से उसको मुक्त किया जाए। इसका विरोध इडी के वकील ने किया। साथ ही मामले में प्रत्युत्तर फाइल करने के लिए समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख नौ जनवरी निर्धारित की है। मामले की सुनवाई इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में हुई। आरोपी की ओर से गुरुवार को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की गई है। बता दें कि मामले में इडी ने आरोपी के खिलाफ जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को दी विदाई, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल के अंतिम कार्यदिवस के दिन उन्हें हाईकोर्ट के वकीलों में विदाई दी। कोर्ट परिसर में हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, काउंसिल के सदस्य, एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, महासचिव नवीन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

चीफ जस्टिस ने वकीलों द्वारा उनकी विदाई में दिए गए सम्मान पर आभार जताते हुए कवि सूरदास द्वारा यशोदा मां और श्री कृष्ण की माखन चोरी के बाद की घटना पर रचित कविता के कुछ अंश पढ़ कर सुनाये। इसके साथ ही उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि झारखंड में किया गया कार्य उन्हें हमेशा याद रहेगा। 24 साल न्यायिक सेवा में रहा। इतने बड़े हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बना। कोई दुख नहीं कि अब रिटायर्ड हो रहा हूं। एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने कहा कि नए हाईकोर्ट के भवन में कोर्ट शुरू कराने में चीफ जस्टिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही और हाईकोर्ट के सभी वकील उन्हें हमेशा याद रखेंगे। दलबता दें कि चीफ जस्टिस का कार्यकाल इसी महीने 28 तारीख को खत्म हो जाएगा।

## खबरें कोर्ट की

### पंकज मिश्रा की जमानत पर हाइकोर्ट में सुनवाई 5 जनवरी को

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 5 जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। बता दें कि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी। इस तलाशी अभियान के दौरान, ईडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किए थे।

### टिंकल भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 जनवरी को

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता अनिल कुमार को निचली अदालत में ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र की प्रति कोर्ट में शपथपत्र के रूप में दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी निर्धारित की है। बता दें कि ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी, इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है। इस मामले में ईडी ने टिंकल भगत के खिलाफ 2 सितंबर को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। टिंकल साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा है। टिंकल भगत को ईडी ने 7 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

### देवघर अस्पताल मामले में हाइकोर्ट ने यथास्थिति बनाये रखने का दिया आदेश

**रांची।** देवघर के मधुपुर अनुमंडल में गैर मजुरूवा जमीन पर बने तालाब पर अस्पताल बनाए जाने के टेंडर को चुनौती देने वाली अरुण शाही की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में यथा स्थिति (स्टेटस को) बनाए रखने का आदेश दिया है यानी अब वहां की स्थिति पूर्व में जैसी थी वैसी कोर्ट के अगले आदेश तक बनी रहेगी। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की गई है। पूर्व में खंडपीठ ने अरुण शाही की रिट याचिका को जनहित याचिका(पीआईएल) में बदला था। दरअसल, प्रार्थी का कहना है कि देवघर के गोविंदपुर मौजा में मधुपुर अनुमंडल स्थित बांध/तालाब पर अस्पताल बन रहा है। इसका शिलान्यास 18 सितंबर 2023 को चुका है। तालाब को भरकर उसकी जमीन पर अस्पताल बनाना गलत है।

### सुनील यादव की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई जनवरी माह में होगी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह निराधार हैं। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। सुनील यादव के और से हाईकोर्ट में अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2024 को होगी।

### हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा- संजीव सिंह को क्यों नहीं भेजा गया एम्स

**रांची।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि संजीव सिंह को क्यों नहीं बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 3 जनवरी 2024 निर्धारित की है। प्रार्थी संजीव सिंह की ओर से अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन का प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया गया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार है। वे रिम्स में इलाजरत है। रिम्स के आठ डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजने की अनुशंसा की है, लेकिन जेल प्रशासन अगस्त माह से ही इस मामले में कुछ नहीं कर रहा है। बता दे की पूर्व में हाईकोर्ट दो बार संजीव सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर चुका है।

### निशिकांत दुबे की पीआइएल पर अब 2 जनवरी को सुनवाई

**रांची।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनहित याचिका दायर की है। जिसपर आज शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय अदालत में पक्ष रख रहे हैं।

## कांग्रेस पार्टी आदिवासी-दलित का करती है अपमान : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासी, दलित, पिछड़ों का अपमान करती है। उन्होंने उपराष्ट्रपति के संबध में की गई मिमिक्री और उसका राहुल गांधी द्वारा की गई रिकॉर्डिंग को पिछड़ा समाज का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस का चाल,चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है। राहुल गांधी की अपरिपक्वता भी उजागर हुई है।

उन्होंने कहा कि इसके पूर्व देश के राष्ट्रपति के संबंध में भी कांग्रेस की टिप्पणी देश की जनता को मालूम है। उन्होंने कहा कि कभी इन्हीं की पार्टी के दलित नेता भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अपमानित होते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित इंडी एलायंस को न आदिवासी राष्ट्रपति बर्दाश्त है, न पिछड़ा उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच राजतंत्र की है। उसे एक परिवार की प्रशंसा से ज्यादा कोई पसंद नहीं।

उन्होंने कहा कि देश के सांसदों को जनता जनहित में कानून बनाने, कल्याणकारी कार्यों के लिये भेजती है। लेकिन इंडी एलायंस के सांसद केवल हंगामा कर सदन का समय बरबाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन में छोटे मोटे अपराध में जेल जाने वाले कैदियों का कैसे सामुदायिक कार्यों से जोड़ा जाये। कैसे किसी को कुचलकर भागने वाले गाड़ी चालक को पुलिस की गिरफ्त में आने पर 10 साल की सजा दी जाये, जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा हो रही हो। कानून बनाने की बात हो रही हो और इंडी एलायंस के सांसद इसे हंगामा से दबाना चाहते हों तो फिर स्पीकर द्वारा कारवाई जरूरी हो जाता है।

## रेल मंत्री से मिले सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विधायक ढुल्लू महतो

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से नई दिल्ली में मिलकर धनबाद- रांची पैसेंजर ट्रेन, धनबाद- हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व धनबाद- चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का पुनः परिचालन करने की मांग की है। उन्होंने रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया कि 15 जून 2017 तक इन पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होता था। साथ ही रेल मंत्री को इस बात स्मरण कराया कि 19 फरवरी 2019 से धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग का पुनः परिचालन शुरू कर दिया गया है। इसको देखते हुए 5333/53336 धनबाद- रांची पैसेंजर ट्रेन ,53337/53338 धनबाद -हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व 53339/53340 धनबाद - चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग पर पुनः परिचालन किए जाने की जरूरत है। यह पैसेंजर ट्रेन धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग की जीवन रेखा कही जाती है।

## ओड़िया भाषी विद्यालयों में समस्या दूर करने की मांग

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष को प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** ओड़िया भाषी विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर गोलमुरी उत्कल समाज मध्य विद्यालय और गौड़ सेवा केंद्र खरसावां सरायकेला का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्व में प्रचलित ओड़िया भाषा माध्यम के विद्यालयों को पुनः चालू कर ओड़िया बहुत क्षेत्र के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने, ओड़िया बहुल विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में टेट पास की बाध्यता समाप्त करने, ओड़िया भाषी स्कूलों को अल्पसंख्यक घोषित करने, पहली से 12वीं तक के विद्यालयों में पुस्तक उपलब्ध करने, स्कूलों को प्रमाण पत्र देने, शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में सामान्य वर्ग को 43 वर्ष वर्ष और ओबीसी को 45 वर्ष तक की छूट देने, सिंहभूम प्रमंडल के ओड़िया भाषाई क्षेत्र के समस्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने आदि मांग की गई है ।

आयोग के उपाध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर गौड़ सेवा केंद्र खरसावां सरायकेला के पितोवास प्रधान, सुमन प्रधान, सूरज प्रधान, काशीनाथ प्रधान और गोलमुरी उत्कल समाज मध्य विद्यालय जमशेदपुर के अध्यक्ष अनंत नारायण पाढ़ी और सचिव प्रदीप कुमार जैना प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

## हाइकोर्ट ने दिया सरकार को शोकॉज दायर करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सुधीर कुमार रजक एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को शोकॉज दायर करने का निर्देश दिया है। अदालत ने सिंगल बेंच के ऑर्डर का पालन नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एक-एक मामले में शोकॉज दायर करने का निर्देश दिया है। यह मामला पारा शिक्षक एवं गैर पारा शिक्षकों को काउंसिलिग एवं नियुक्ति में शामिल किए जाने से जुड़ा हुआ है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डा एस एन पाठक की कोर्ट में हुई। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज, तेजस्विता सफलता ने बहस की।

स्पीड न्यूज

## गगनजीत भुल्लर ने निर्धारित दो शॉट की बढ़त बरकरार रखी

**जमशेदपुर।** भारतीय स्टार गगनजीत भुल्लर ने 3 करोड़ रुपये की इनामी राशि वाली टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023 के दूसरे राउंड में छह-अंडर 66 के स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त बरकरार रखी, टाटा स्टील पीजीटीआई का सीजन-एंड इवेंट जमशेदपुर में बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। निर्धारित आधे चरण में गगनजीत (64-66) का कुल स्कोर 14-अंडर 130 था। राहिल गंगजी (70-62) ने 10-अंडर 62 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन किया और 21 स्थान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 132 के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

## झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए विकास मुखर्जी

**जमशेदपुर।** विकास मुखर्जी सर्वसम्मति से झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति के दुबारा अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं : कार्यकारिणी अध्यक्ष (ग्रामीण) नेपाल दास, कार्यकारिणी अध्यक्ष (शहर ) परेश कुमार नंदी ।उपाध्यक्ष श्रीमती पूरबी घोष, अरुण विश्वास, मिहिर कुमार दास, गोविंद मुखर्जी, प्रबीर कुमार पॉल। महासचिव संदीप सिंह चौधरी, संयुक्त सचिव : उदय सोम, चित्रदीप भट्टाचार्जी, दिब्येंदु रॉय, राहुल घोष, सोमा राय ।कोषाध्यक्ष : दिलीप कुमार महतो और सह कोषाध्यक्ष : शुभ्रा दास। कार्यकारिणी सदस्य : आशीष कुमार मंडल, अरुप कुमार चौधरी, रंजीत मित्र, गौतम दास, धनंजय दास, अरुण दासगुप्ता, बानी प्रसाद मुखर्जी, अनूप कुमार दास। को ऑप्टेड मेंबर : चित्रदीप भट्टाचार्जी, राहुल घोष, गणेश प्रसाद दास, विश्वजीत मंडल, बाबूलाल चक्रवर्ती,पूरबी रानी दत्त , प्रबीर कुमार दास, गौतम बनर्जी। प्रभारी पटामदा और बोराम प्रखंड गौतम बनर्जी और धनंजय दास। प्रभारी पोटका प्रखंड रवींद्र नाथ दास,प्रबीर कुमार दास ।शिक्षक प्रकोष्ठ श्री गणेश प्रसाद दास और आशीष कुमार मंडल। महिला प्रकोष्ठ पूरबी रानी दत्त ।मुख्य संरक्षक विश्यजीत मंडल। अभ्यांतरीन हिसाब निरीक्षक संजय बागची।

## विवेक विद्यालय की छात्राओं ने नागपुर में लहराया परचम

**जमशेदपुर।** यहां गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय की छात्राओं ने स्कूल व शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर फलक पर पहुंचाने का काम किया है। पिछले दिनों नागपुर में आयोजित 37वीं नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट 2023 में विवेक विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर दो पदक मिला। कक्षा 11वीं की दो छात्राओं, स्निधा पात्रा और अश्रेषा भदौरिया ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए क्रमशः पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग में दो पदक हासिल किया। दोनों छात्राओं ने केवल विवेक विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की गरिमा को बढ़ाया है। विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह ने बताया कि विद्यार्थी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से रजत और स्वर्ण पदक हासिल कर रहे है। यह केवल छोटागोविंदपुर ही नहीं, बल्कि पूरे जमशेदपुर के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने दोनों छात्राओ, उनके अभिभावको एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाइयां दी है।

## माई किड्स प्रीस्कूल में क्रिसमस कार्निवल संपन्न

**जमशेदपुर।** माई किड्स प्री स्कूल परसुडीह और सोनारी, ने इस वर्ष क्रिसमस के मौके पर एक शानदार कार्निवल का आयोजन किया। जिसने बच्चों और उनके परिवारों को एक साथ लाने में सफलता प्राप्त की है। कार्निवल ने बच्चों को खेल, गाने, और रंग-बिरंगे गतिविधियों का आनंद लेने का अवसर दिया। विभिन्न विभागों में आयोजित हुए खेलों ने बच्चों की रूचि को बढ़ाया और उन्हें साझा करने का मौका दिया। इस अद्वितीय मौके पर माई किड्स प्री स्कूल धन्यवाद व्यक्त करता है परसुडीह और सोनारी के सभी अभिभावकों के समर्थन और सहयोग के लिए हम उन सभी को धन्यवाद देते हैं।

# आज की स्त्री एक सशक्त औरत : ममता कालिया

खबर मन्त्र ब्यूरो



श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में स्त्री लेखन की लोकप्रियता विषय पर बोलतीं चर्चित लेखिका ममता कालिया। साथ में बायें से रचना रश्मि, डॉ संजीता वर्मा, उपन्यासकार मधु कांकरिया व डॉ संध्या सिन्हा। विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो व कुलपति गोविंद महतो।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में 'तीन दिवसीय सातवां अंतरराष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव' का द्वितीय दिवस आज संपन्न हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन, हिंदी की वरिष्ठ साहित्यकार, ममता कालिया, मधु कांकरिया एवं नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय से आई डॉ. संजीता वर्मा चिंतन-मनन सत्र में सम्मिलित हुई। इस सत्र की समन्वयक डॉ. संध्या सिन्हा एवं श्रीमती रचना रश्मि रहीं।

चिंतन-मनन सत्र का आज का विषय था 'स्त्री लेखन की लोकप्रियता'। इस सत्र का आरंभ ममता कालिया जी से पहला प्रश्न पूछ कर किया गया कि महिलाओं के बारे में आपने बहुत कुछ लिखा है वर्तमान समय में महिलाओं के बारे में आप क्या सोचती हैं? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं का है और महिलाएं अपना आसमान ढूंढ चुकी है । स्त्री लेखन से संबंधी पुस्तकों को पाठको का प्यार मिल रहा है। आज की स्त्री एक सशक्त औरत है। मधु जी से पूछा गया कि आपने कोलकाता के लाल बत्ती क्षेत्र की महिलाओं के ऊपर एक उपन्यास लिखा है, आपको उसे लिखते समय किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती पूर्ण कार्य था लेकिन उस क्षेत्र की महिलाओं की पीड़ा एवं वेदना को जानने-समझने का नजदीक से अवसर मिला था। डॉ. संजीता वर्मा जी से पूछा गया कि नेपाल में स्त्री लेखन के प्रति लेखिकाओं का झुकाव कितना है? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि नेपाल में भी लोग स्त्री के संघर्ष को अपने लेखन का विषय बना रहे हैं और विशेष कर कार्य क्षेत्र में जो महिलाओं के साथ बदसलूकी होती है उस पर भी लेखन कार्य हो रहा है। ममता कालिया ने आगे कहा कि स्त्री लेखन का समय गतिशील और ऊर्जामय है आजकल स्त्रियां कलम की सामर्थ्य पहचान गई हैं शारीरिक सामर्थ्य तो वह सदियों से पहचान रखी थी अब वर्तमान समय स्त्री का समय है साहित्य कला संस्कृति एवं रोजगार में वे सभी जगह अव्वल है। सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला भी महोत्सव के द्वितीय दिवस में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होने विश्वविद्यालय के हिन्दी भाषा के प्रति प्रयास को सराहा।

महोत्सव में द्वितीय दिवस पर उपस्थित हुए अतिथिगण-पटमदा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुमंता कुमार सेन, डॉ. अनिता निधि, डॉ. नन्दन पाण्डेय, डॉ. प्रतिभा प्रसाद, हिन्दुस्तान के संपादक गणेश मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु गर्ग, डॉ. सुखनंदन सिंह आदि उपस्थित थे।

सातवाँ अन्तर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव के द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताएं - दंगल, विज्ञापन रचना, लघुनाटिका (प्रथम चरण), वृत्तचित्र एवं रील्स संचार, नृत्य नाटिका, भाषा रूपांतरण, साहित्य के रंग (रंगोली) प्रश्नोत्तरी (द्वितीय चरण) इत्यादि थी' इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक - संदीप सावर्ण, संदीप मुरारका, डॉ. मीनाक्षी करण, कुमार विवेक, मो. शाहिद अनवर, आमिर अजहरी, दीपिका बनर्जी, श्रावणी रथ मिश्रा, वर्षा सिंह, सोमी बोस, नवनीत कुमार मिश्रा, विद्या तिवारी इत्यादि उपस्थित थे।

द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताओ मे सम्मिलित होने वाले महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की सूची - देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, रंभा कॉलेज ऑफ एजूकेशन, गीतिलता, मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज, चक्रधरपुर, जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, महिला कॉलेज, चाईबासा, जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज, करीम सिटी कॉलेज, साईनाथ विश्वविद्यालय, करीम सिटी बी.एड कॉलेज, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, द ग्रैजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वूमंस, कुल्टी कॉलेज पश्चिम बंगाल, ए.बी.एम. कॉलेज, गोलमुरी, डी.ई.ओ. आई.टी.आई, दुगनी, बी.आई.टी. मेसरा, एम.बी.एन.एस. इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन, कलिंगा इंस्टिट्यूट को सोशल साइंस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, चर्च स्कूल बेलडीह टेंपल सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग, उड़ीसा, मॉडल कॉलेज खरसावां, आर्का जैन यूनिवर्सिटी' विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो ने गणमान्य अतिथियों एवं निर्णायकों को स्मृति चिन्ह, पौधा एवं शौल देकर सम्मानित किया।

# एमजीएम अस्पताल के नये भवनों का निर्माण समय पर पूरा करें : डीसी

### डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने की एमजीएम कॉलेज एवं अस्पताल में आधारभूत संरचना निर्माण कार्य की समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो



एमजीएम अस्पताल में नयी आधारभूत संरचनाओं के विकास की समीक्षा करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री।

**जमशेदपुर।** एमजीएम कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहे आधारभूत संरचना निर्माण कार्य को लेकर पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एमजीएम सुपरिटेंडेंट, डिप्टी सुपरिटेंडेंट, भवन निर्माण एवं भवन निगम के कार्यपालक अभियंता समेत संवेदक बैठक में उपस्थित रहे। डीसी ने फेज वाइज किए जा रहे निर्माण कार्य के प्रगति की क्रमवार समीक्षा कर स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य तय समयसमीमा में ही पूर्ण हो इसे सुनिश्चित करेंगे । कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में वर्तमान में भवनों की स्थिति की जानकारी ली। निर्माण कार्य की समुचित निगरानी के लिए समिति के गठन का निर्णय लिया गया जिसमें प्रशासनिक पदाधिकारी के अलावा, सिविल सर्जन, एमडीएम कॉलेज एवं अस्पताल के सुपरिटेंडेंट व अन्य प्रतिनिधि, भवन निर्माण एवं भवन निगम के अभियंता तथा अन्य शामिल होंगे। गौरतलब है कि एमजीएम कॉलेज परिसर में 500 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है वहीं एमजीएम अस्पताल परिसर में भी पुराने बिल्डिंग की जगह नए निर्माण कराये जा रहे। डीसी ने कहा कि कोल्हान प्रमंडल के तीन जिलों का भार एमजीएम पर रहता है, ऐसे में स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ता प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा। एक बड़ी आबादी को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिले इसके लिए जरूरी है कि निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं।

## भाजपा शहीद निर्मल महतो की जयंती पर उलियान समाधि स्थल पर देना चाहती है धरना

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणीय नायक, शहीद निर्मल महतो के जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव जमशेदपुर के कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल के समक्ष एकदिवसीय शांतिपूर्ण उपवास पर बैठेंगे। शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों के संग अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय जाकर उन्हें इस आशय हेतु पत्र देकर अनुमति मांगी है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिनांक 8 अगस्त, 2019 को शहीद आंदोलनकारी निर्मल महतो की शहादत दिवस पर लौहनगरी जमशेदपुर में उनके पवित्र समाधि स्थल को साक्षी मानकर युवाओं से 1 वर्ष में 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था।

## डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह जेआरडी टाटा स्टेडियम में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के हेड हेमंत गुप्ता मुख्य अतिथि थे। हेमंत गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी दिलचस्पी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल विनय आहूजा भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कक्षा 7 ए एमरल्ड हाउस के मिलनजीत तथा कक्षा 6 सी रुबी हाउस के अभय कुमार घोषित किए गएत्र सब जूनियर बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कक्षा 7 बी की श्रुति रही जो रूबी हाउस की सदस्य हैं जबकि जूनियर बालक वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कक्षा 9 डी के छात्र और टोपाज हाउस के कृष्णा बोदरा रहे जूनियर बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कक्षा 9 सी एवं एमरल्ड हाउस की सुमोना इशा मंडल रहीं। सीनियर बालक वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 12 ए एमरल्ड हाउस के कौशल कुमार गुप्ता रहे जबकि सीनियर बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कक्षा 11 सी की छात्रा अन्वेशा प्रमाणिक रही। ओवरऑल चैंपियनशिप का विजेता रूबी हाउस को घोषित किया गया जबकि उपविजेता एमरल्ड हाउस रहा वहीं सर्वश्रेष्ठ अनुशासित हाउस का पुरस्कार रूबी हाउस को प्रदान किया गया। समारोह में डीबीएमएस संस्था की ओर से चेयरपर्सन फाइनेंस बी चंद्रशेखर, सचिव अनीता रामकृष्ण, कोषाध्यक्ष भुवना कृष्णन, संयुक्त सचिव कमला वेंकट, संयुक्त कोषाध्यक्ष पीएस अरुणा तथा प्रबंधन समिति की सदस्य गण जयंती राममूर्ति एवं विद्या नारायण डीबीएमएस संस्था के सदस्य एम वेंकटरमन तथा की एस नारायण प्रधानाचार्य गुरप्रीत भमरा उप प्रधानाचार्य सुपर्णा राय तथा एस शिरीन एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## साकची गोलचक्कर पर जैमस्ट्रीट कल

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से, विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला एक समावेशी और विविध कार्यक्रम, रोमांचक और रोमांचकारी जैम स्ट्रीट का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम 24 दिसंबर, 2023 को सुबह 6:30 बजे साकची (साकची चौराहे से पुराने बुक स्टोर तक) में होने वाला है। इस रविवार को साकची मेन रोड पर बैडमिंटन खेलने, जुम्बा के साथ कसरत करने और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाइए। जैमस्ट्रीट केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि यह विभिन्न रुचियों को पूरा करने वाली विभिन्न गतिविधियों का मिश्रण है। योग सत्रों की शांति से लेकर साहसिक खेलों की एड्रेनालाईन भीड़ तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। चाहे आप फिटनेस के प्रति उत्साही हों, कला प्रेमी हों, या पारिवारिक मनोरंजन के दिन की तलाश में हों, जैम स्ट्रीट में यह सब है।

# आसन्न चुनाव में जुगसलाई सीट पर आजसू की जीत पक्की : सहिस

### गोबिंदपुर में आजसू पार्टी का लिट्टी पार्टी सह मिलन समारोह संपन्न, केंद्रीय नेतृत्व के मनोनीत सभी पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

### झामुमो नेत्री लक्ष्मी गोप सैकड़ों महिलाओं संग आजसू पार्टी में हुईं शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



मिलन समारोह में उपस्थित केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस व अन्य पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आजसू पार्टी जिला समिति का मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी का आयोजन गोबिंदपुर स्थित पी.के. प्रेस मेटल में किया गया। मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रामचंद्र सहिस ने कहा कि संगठन में मिले दायित्व को निर्वाह करने के लिए आप सभी का सहयोग और साथ की आवश्यकता है। मुझे याद है कि मेरे नये चेहरे को पार्टी ने जनता के सहयोग से छोटे से कस्बे से उठाकर विधायक बना जनसेवा करने अवसर दिया। मैं पार्टी के नीति सिद्धांतो के साथ लगातार 10 वर्षो तक जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य किया लेकिन वर्तमान सरकार मेरे किए कार्यों को गलत तरीके से जनता को दिग्भ्रमित कर झूठे प्रचार प्रसार कर जनता को धोखा देने का कार्य किया। सहिस ने आगे कहा कि आज मैं दावे के साथ कहता हूं कि आगामी आसन्न विधानसभा चुनाव में आप सभी मजबूती के साथ आगे बढ़े और लोकतंत्र के महाचुनाव की तैयारी में लोग जुट जाए क्योंकि वर्तमान सरकार अपने अंतिम सांसे ले रही है। आसन्न चुनाव में जुगसलाई सीट पर आजसू की जीत पक्की है।

हम इस सीट पर ऐतिहासिक मत हासिल कर पुरजोर वापसी करेंगे, और क्षेत्र में एक बार फिर विकास की गंगा बहेगी। समारोह में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि मुझे गर्व है की मैं उस जिले का जिला अध्यक्ष हू जिस जिले में केंद्रीय प्रधान महासचिव के साथ साथ कुल 18 केंद्रीय पदाधिकारी की नियुक्ति करने का कार्य किया है और पुनः मुझे खुशी होगी जब इस जुगसलाई विधानसभा से पूर्व मंत्री को पुनः मंत्री के रूप देखेंगे ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके और इस क्षेत्र का भी बहुआयात मांगे जो अभी तक लंबित उसे पूरा करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। इन्ही आशा और विश्वास के साथ सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन है। समारोह में केंद्रीय महासचिव प्रो रविशंकर मौर्या ने कहा कि आपके स्वागत समारोह का असली परीक्षा आगामी 2024 के आसन्न विधानसभा चुनाव में जुगसलाई विधान सभा के लोगो का दिल जीतना है क्योंकि वर्तमान सरकार से जनता त्रस्त है और नेता जी लोग मस्त हैं। इसलिए जनहित में जनता से जुड़े विषयो को लेकर कार्य करना है और सभी लोगो को आगामी 25 दिसंबर को आजसू पार्टी के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के जयंती के अवसर पर बोड़ाम प्रखंड स्थित मुकरूडीह चौक पर प्रतिमा अनावरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सभी उपस्थित होंगे।

झामुमो नेत्री लक्ष्मी गोप सैकड़ों महिलाओ संग आजसू पार्टी में शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन सुजीत शर्मा ने किया जबकि अध्यक्षता कन्हैया सिंह ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामचंद्र सहिस , कन्हैया सिंह, स्वप्न कुमार सिंहदेव, चंदगुप्त सिंह, नंदू पटेल, सागेन हांसदा, प्रो रविशंकर मौर्या, दीपक अग्रवाल, बुल्लू रानी सिंह सरदार, संजय सिंह, संजय मलाकार,अप्पू तिवारी, आदित्य महतो, चंद्रेश्वर पांडेय, कृतिवास मंडल, अरूप मल्लिक, राजेश कर्मकार, धर्मवीर सिंह, शंभू शरण, मनोज ठाकुर, सन्नी सिंह, रमाशिस , सुजीत शर्मा, अंजय सिंह भोला, मृत्युंजय सिंह, मंजू राज, सुधीर सिंह, मनजीत यादव, सैलेंद्र सिन्हा, सोमू भौमिक, सचिन प्रसाद, बबिता सिंह, सावित्री यादव, कंचन यादव, हेमंत पाठक, नीलू सिंह, प्रमिला शर्मा, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी,प्रवीन प्रसाद, ललित सिंह,शंभू शरण, मनोज ठाकुर, सैलेश सिंह, सौरभ राहुल, धनेश सिंह गुड्डू , चुनका माडी,संजय करुआ , समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

## एसडीएसएम स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन इयंगर याद किये गये

**जमशेदपुर।** एसडीएसएम स्कूल फर एक्सीलेंस के प्रांगण में आज 22/12/2023 दिन शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन इयंगर के 137वाँ जन्मदिन के उपलक्ष्य में गणित विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या मौसमी दास, उपप्राचार्या तथा विषय संयोजकों द्वारा रामानुजन की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर प्रगति की ओर अग्रसर होने का प्रतीक पौधों में पानी डालकर किया गया। वीर बालदिवस के उपलक्ष्य में फतह सिंह और जोरावर सिंह के बलिदान और त्याग के महत्व को बच्चों ने विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा प्रदर्शित किया जिसमें कविता, कहानी और चित्रकला के माध्यम से उनके बलिदान की कहानी को चरित्रार्थ किया। छोटे बच्चों द्वारा क्रिसमस दिवस का आयोजन नृत्य, गीत के साथ किया गया। सांता ने बच्चों को चॉकलेट देकर यीषु मसीह के महत्व को बतलाया।

## वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने आधी रात तक बांटे कंबल

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के युवाओ ने शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुवे देर रात 2 बजे तक शहर के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर फुटपाथ,बाजार व गलियों में खुले आसमान के नीचे सोने वाले सैकड़ो बूढ़े बुजुर्ग व बच्चों को कम्बल ओढ़ा कर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। संगठन के स्वयंसेवकों ने मुख्य रूप से स्टेशन, बिस्टुपुर, साकची, एग्रिको, गोलमुरी, बमार्माइंस, बागबेड़ा, कदमा, टेल्को, गोविंदपुर व सोनारी के क्षेत्रो में टीम ने अभियान को चलाया। संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने बताया कि इस अभियान को पिछले 8 सालों से हर ठंड में लगातार चलाया जा रहा ताकि बढ़ती ठंड के वजह से किसी को अपनी जिंदगी न खोना पड़े और खुले में रात गुजारने वाले को राहत मिल सके। कार्यक्रम में शामिल हरि सिंह राजपूत,मोहन राव, चंदन, संदीप, गगनदीप, मोहित, अंकित, अभिषेक, महेश, क्रांति, उपेन्द्र, राहुल, विवेक, शुभम, ज्योत, प्रवीन, राकेश व अन्य शामिल हुए।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की टीम ने मनाया क्रिसमस

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 22 दिसंबर को सोमवारी सबर के साथ ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की टीम खुशियां बांटने पहुंची उनके आवासीय विद्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय। ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर,अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान,समाजसेवी अफताब आलम,मोइनुद्दीन अंसारी ने आवासीय विद्यालय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोलमुरी जाकर सोमवरी सबर के साथ क्रिसमस के मौके पर खुशियां मनाई और सबर परिवार के बीच गरम टोपी,कॉपी,पेंसिल,जूते,मोजे और खाने पीने की चीजें भी दी और वहां रह रहे बच्चों के साथ खुशियां मनाई गई। वहां पढ़ा रहे शिक्षकों से बच्चों के बारे में जानकारी भी ली गई और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की टीम ने आने वाले कुछ दिनों में सारे बच्चों के साथ के आने वाले समय में एक कार्यक्रम आयोजन करने की योजना भी बनाई जिसमे बच्चों के बीच उपहार एवं मिठाइयां भी बांटी जाएंगी और खास तौर से गरम कपड़े का भी वितरण किया जाएगा।

## बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर में मना महासर माता का 15वां मासिक कीर्तन उत्सव

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा कुलदेवी महासर माता का 15वां मासिक कीर्तन उत्सव बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। यजमान राहुल भालोटिया सपत्नी द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्जवलित की गयी। पंडित रामजी पारिक ने पूजा की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक रोहित गुलाटी, बंटी चांगिल, नेहा कौर द्वारा श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया गया। कलाकारों द्वारा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर कुलदेवी का गुणगान किया गया। भजनों की शानदार प्रस्तुति पर भक्त माता के जयकारे लगाते हुए झूमते रहे। मुख्य आकर्षण माता का आलौकिक दरबार, भजनों की अमृत वर्षा, छप्पन भोग, महाप्रसाद आदि रहा। आरती के बाद 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया। इसे सफल बनाने में महासर माता परिवार संस्था के सभी भक्तों का सहयोग रहा।

## सदस्य शिवांगी सिंह को किया गया सम्मानित

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के द्वारा संगठन की संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की सक्रिय सदस्या श्रीमती शिवांगी सिंह जूली को जमशेदपुर आने पर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन, झारखंड प्रदेश की पदाधिकारी सरोज सिंह ने बिष्टुपुर में उन्हें संगठन की ओर से शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ प्रदान कर शिवांगी सिंह को सम्मानित किया । इस मौके पर झारखण्ड प्रदेश वीरांगना की संरक्षक श्रीमती प्रभा सिंह और अन्य उपस्थित थीं। शिवांगी सिंह जमशेदपुर के साउथ पार्क की बेटी और सोनारी की बहू हैं और अमेरिका के फोनिक्स में सपरिवार रहती हैं। शिवांगी अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के यूएसए ब्रांच की पदाधिकारी हैं। विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन की सदस्यता भारत के अलावा अमेरिका, मोरीशश, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और नेपाल में भी हैं जो समय समय पर संगठन की सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी रहती हैं।

## बच्चों में बांटी गयीं किताबें और चॉकलेट

**जमशेदपुर।** आज टाटा स्टील आई बी एम डी जे डी सी के द्वारा श्री आंध्रा भक्त राम मंदिर स्कूल में गरीब बच्चो के लिए बुक्स, चॉकलेट और फुटबॉल दिया गया जिसमे मुख्य रूप से हमारे चीफ अखिलेश मिश्रा सर, आयशा नहा, मारुति नंदन पांडे, अमित उपाधाय, अखिलेश जी, रनविन जी, शशांक जी, ऋषि जी, सुप्रियो जी , धरम जी और रणधीर जी मुख्य रूप से उपास्थि थे और हमलोग बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### प्रशिक्षु आईएएस ने तेनुडीह में आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण

**हरिहरगंज पलामू ।** प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने शुक्रवार को पिपरा प्रखंड के तेनुडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तथा विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालय का नियमित रूप से संचालन तथा पोषाहार आदि की जांच की । इस संबंध में उन्होंने बताया कि जांच के दौरान विद्यालय में एमडीएम से संचालित रजिस्टर पंजी के साथ मूवमेंट पंजी नहीं पाया गया। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थिति रजिस्टर नहीं पाया गया । हालांकि बच्चों की आनलाइन उपस्थिति बनाई गई थी। मालूम हो कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त, छतरपुर एसडीओ, बीडीओ सहित सीडीपीओ को शिकायती आवेदन पत्र दिया था। मौके पर पिपरा बीडीओ अनिता केरकेट्टा, हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड को आर्डिनेटर प्रणव कुमार भी उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद जिला बनाओ संघर्ष समिति ने नए वर्ष में पुन: करेगी आंदोलन

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद जिला बनाओ संघर्ष समिति ने अपने चिर परिचित मांगो के समर्थन में पुन: आवाज उठाने और संघर्ष करने का बिगुल फूंक दिया। 2024 आगमन के साथ समिति के लोगो ने पुन: राज्य के हेमन्त सरकार से अपने मांगो के समर्थन में मिलने और नही मिलने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा कर ठंड में राजनीतिक तापमान को बढ़ा दिया हैं। समिति के संरक्षक व झामुमों नेता एजाज खान उर्फ छेदी खान ने बताया कि यह कोई हमलोगों का नया मांग नही है। इससे पूर्व में हमलोग राज्य के महामहिम राज्यपाल,एवं मुखिया आदरणीय हेमंत सोरेन से मिल चुके हैं । उन्होंने आश्वासन दिया था कि जो भी औपचारिक सिस्टम होगा उसका फिटबैक लेकर उस दिशा में पहल करेंगे। वंही राजद नेता समिति के संरक्षक जाकिर अली उर्फ राज अली ने कहा कि हमलोगों को आज भी 90 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय जाना पड़ता हैं जिससे समय और आर्थिक दोहन होता हैं ।

### डी.ए.वी. में याद किए गए प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री निवास रामानुजम

**मेदिनीनगर।** डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, पलामू में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूम-धाम से मनाई गई। विद्यालय की प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन.खान ने वरिष्ठ एवं गणित शिक्षकों के साथ रामानुजन जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि गणित विषय सभी विषयों में कठिन मानी जाती है। किसी भी परीक्षा हेतु गणितीय ज्ञान परम आवश्यक है। श्रीनिवास रामानुजन जी जैसे अनेक गणितज्ञों ने अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर गणित को अत्यंत सुगम एवं सरल बनाया, जिससे आप विद्यार्थी लाभ उठाकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं और भविष्य निर्माण करते हैं। श्रीनिवास रामानुजन जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा ।

### ग्रामीणों ने स्कूल से एमडीएम की चावल बेचने का हेडमास्टर पर लगाया आरोप

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत पथरा अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुशनारायणपुर के प्रधानध्यापक पर ग्रामीणों ने एमडीएम का चावल बेचने का आरोप लगाया हैं । साथ ही मुखिया से इसकी शिकायत किया हैं। इधर मुखिया रामनरेश राम पासवान ने भी घटना को चावल उठाव चलान एवं स्टॉक में कम चावल होने की पुष्टि किया हैं। इस सबन्ध में मुखिया श्री पासवान ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 7:32 मिनट मे हेडमास्टर के द्वारा एमडीएम का चावल बेचा गया है । जब ग्रामीणों के पूछ ताछ करने पर बताया गया की ज्यादा राशन आ गया था तो वापस जारहा है परन्तु रसीद मे 3 किवंटल रासन है गोदाम देखा गया तो 50 किलॉ चावल है। जब इसकी जानकारी के लिए प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम से बात किए तो 3किवंटल ही बताया गया । मुखिया ने बताया कि हेडमास्टर प्रति दिन स्कूल मे 10:30 बजे तक आते है और विकास फंड का पैसा मिलता है लेकिन वहाँ स्कूल के शौचालय भी जर्जर है। मौके पर कई ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### लिलिपुट स्कूल ने मनाया क्रिसमस और नए साल का जश्न

**मेदिनीनगर।** लिलिपुट प्ले स्कूल में क्रिसमस धूम धाम से मनाया गया । सभी बच्चे, टीचर्स और स्कूल के स्टाफ रेड ड्रेस कोड एवं सांता क्लॉज की ड्रेस में आए थे। छोटे छोटे सांताओं ने अपने मासूम अंदाज से सबका मन मोह लिया । इसके बाद सभी ने मिलकर केक काटा और क्रिसमस और नए साल के गाने पर डांस किया । सभी बच्चों के बीच क्रिसमस थीम पर तरह तरह के गेम्स करवाए गए जिसे बच्चों ने खूब इंजॉय किया । स्कूल की शिक्षिका सपना ने सांता क्लॉज बनकर सभी बच्चों के बीच मे टॉफीज और चॉकलेट्स बांटा। प्राचार्या श्रीमती रेणु गोयल ने बताया कि वो अपने स्कूल में सभी धर्मों का ख्याल रखते हुए इस तरह के आयोजन करती हैं और उन्हें अभिभावकों का भी भरपूर साथ मिलता है ।

### बेनीडीह आंगनबाड़ी केंद्र पाया गया बंद,दूसरी ओर सेविका नदारद

**रामगढ़ पलामू ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेड़मा बभंडी पंचायत के टोला बेनीडीह में गुरूवार को आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 254 की सेविका सुशीला बारला अनुपस्थित थी। इस दौरान बेनीडीह टोला आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 11 बजे तक बंद पाया गया। आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि सेविका 8:00 बजे तक नहीं पहुंची तो बच्चे भी घर चले गए। वहां सन्नाटा पसरा रहा। पुछताछ के क्रम में सेविका सुशीला बारला से जानकारी लिया तो उसने कहा कि मेरा तबीयत खराब था जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र बंद है और उसने कहा कि हम इस बारे मे किसी को लिखित या मौखिक जानकारी विभाग नही दिया। इस संबंध मे सुपरवाइजर अमिता कुमारी ने कहा कि हमको जानकारी नही है कि आंगनबाड़ी केंद्र खुला था कि नही लेकिन जानकारी मिली है तो आंगनबाडी सेविका से जानकारी लेते है कि आखिर किस कारण से लिखित जानकारी नही दी है। और क्यो नही दी है जांच कर कार्रवाई करने के लिए वरीय अधिकारी को पत्र लिखेगें।

### नावा खास में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के नावा खास पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शीवीर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, भाजपा नेता अशोक तिवारी , नावा खास मुखिया मनोज कुमार, पुर्व मुखिया चन्द्र देव सिंह, पाटन झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । शिविर में नावा खास के मुखिया मनोज कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार पर अनेकों योजनाएं लेकिन आयी है उसका जानकारी प्राप्त कर लाभ उठावें और कोई दिक्कत होती है तो संबंधित विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं । शिविर को पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह ,चन्द देव सिंह आदि लोगों ने सम्बोधित किया । शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर जनता का आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में दस छात्र छात्राओं को नि:शुल्क सायकल योजना के तहत पैंतालीस पैंतालीस सौ रुपए का सांकेतिक चेक वितरण किया गया। सोलह सखी मंडल के बहनों को पचास लाख का सांकेतिक चेक दिया गया।

### डीटीओ ने किया वाहन चेकिंग

**नीलांबर पीतांबर पलामू।** जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कार्यालय के प्रधान सहायक मनोज कुमार पासवान व सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार एवं कार्यालय के कर्मियों ने पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ एवं लेस्लीगंज थाना के पास संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें चार दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन का चालान काटे गए ।जानकारी देते हुए जिला परिवहन कार्यालय के प्रधान सहायक मनोज कुमार पासवान ने बताया कि अधिकतर चालान दोपहिया वाहन की गई है जो की बिना हेलमेट और मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर चल रहे थे । उसके साथ-साथ कई चार पहिया वाहन का भी कागजात जांच की गई है तथा एक पिकअप सवारी गाडी एवं चार दर्जन से अधिक वाहन पकड़े गए। जिसमे दो दर्जन दो पहिए वाहन का चलान मौके पर ही काट कर वाहन छोड़ा गया है। बाकी वाहन चालान नहीं कटवाने पर थाने में गाड़ी जब्त किया गया है ।चालान काटे जाने के बाद सभी को छोड़ा जाएगा।

# विद्यालय प्रबंधन अग्रणी छात्रों को सम्मानित करता रहेगा : डा मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार सह क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ऑक्सफोर्ड विद्यालय के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ॰ एस॰ बी॰ पी॰ मेहता का स्वागत पुष्पगुच्छ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ॰ एस॰ बी॰ पी॰ मेहता एवं प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ मनोहारी स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह ने विगत सत्र में बच्चों के द्वारा प्राप्त उल्लेखनीय सफलताओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। अल्पावधि में ही विद्यालय ने सफलता की ऊँची मुकाम को हासिल किया है। विद्यालय का उद्देश्य है कि हमारे बच्चे प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करते रहें। स्कूल गुणात्मक शिक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित है। अनुशासन, शैक्षिक वातावरण एवं संस्कार युक्त शिक्षा ही हमारा मुख्य ध्येय है। माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों के द्वारा 370 मेधावी पुरस्कृत विद्यार्थियों को 1001/- रू॰ का चेक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उच्च शिखर पर पहुँचने की कामना की गई। उन्होंने आगे कहा कि ऑक्सफोर्ड विद्यालय, झारखंड का एकमात्र विद्यालय है जो इस प्रकार प्रतिवर्ष मेधावी पुरस्कार समारोह आयोजित कर चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करता है। विद्यालय प्रबंधन ऐसे अग्रणी छात्रों को सदैव सम्मानित करता रहेगा, यह विद्यालय प्रबंधन के लिए गौरव का विषय होगा। आगामी समय में हमारा विद्यालय झारखंड में विशिष्ट स्थान प्राप्त करेगा। छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी लगन, मेहनत और एकाग्रता से पढ़ाई कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें। नैतिक शिक्षा के द्वारा बच्चों में गुणवत्ता आ सकती है।

### शत प्रतिशत रहा ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज के द्वितीय वर्ष का परिणाम

# निकिता 85.08 % अंक लाकर रही टॉपर व रचना कला 84.62 % अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मेदिनीनगर। ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज सत्र 2021-2023 के बीएड सेकेंड ईयर का परिणाम शत प्रतिशत रहा । निकिता तिवारी 1106 अंक प्राप्त कर 85.08 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की। यह कॉलेज की टॉपर रही। वही रचना कला 1100 अंक प्राप्त कर 84.62 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे । कॉलेज की छात्रा नेहा कुमारी 1099 अंक प्राप्त कर 84.54% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही । बीएड कॉलेज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने छात्रों के सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा गुप्ता ने कहा कि छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरुप छात्रों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा।

# विधायक ने सदन में कोयल नदी पर एक और पुल बनाने का मामला उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा में पलामू जिले अंतर्गत शाहपुर चैनपुर मार्ग कोयल नदी पर शहर के बिच नया पुल बनाने का मामला उठाया। विधायक ने इसे लेकर सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया और इस विषय को गंभीरता से लेने के लिए सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से वर्तमान सरकार तक यह बात पहुंचाई की शाहपुर चैनपुर मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बनी कोयल नदी पर पुल कई वर्ष पुरानी है और इस पुल पर भारी मात्रा में आवागमन होती है। यह पुल ही एकमात्र शहर से जोड़ने का जरिया है जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण रास्ते में मरीज दम तोड़ देते हैं। झारखंड सरकार से आग्रह किया कि इस 40 साल पुराने पुल के बगल में एक और नया पुल निर्माण की स्वीकृति जल्द से जल्द दे। जिससे जाम और दुर्घटना जैसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। सरकार के तरफ से आश्वासन में मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि हमने विभाग को डीपीआर तैयार करने के लिए आश्वासन दिया है और साथ ही जल्द इस विषय पर संज्ञान लेकर फंड मुहैया करा कर जाम से मुक्ति दिलाने का काम कर विधायक आलोक चौरसिया की मांग को पूरा करेंगे क्योंकि हमारी सरकार जनहित की सरकार है।

# जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला समूह को विधायक देंगे सिलाई मशीन

### मनातू प्रखंड के महिला समूह के बीच आज से होगा वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीताम्बरपुर ।** पांकी बिधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह की बहनो को क्षेत्रीय बिधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता द्वारा सिलाई मशीन का वितरण किया जायेगा। बिधायक डॉ मेहता ने समूह से जुड़ी महिलाओं को अपने बिधायक मद से प्रति महिला स्वयं सहायता समूह को एक सिलाई मशीन मुहैया कराने का आश्वासन दिया था। विधायक डॉ मेहता ने बताया की जेएसएलपीएस से जुड़ी पांकी बिधानसभा क्षेत्र के सभी महिला समूह को नीलांबर पिताम्बर पुर स्थित मौर्या फार्म हाउस मे आयोजित कार्यक्रम मे सिलाई मशीन प्रदान किया जायेगा। इसका शुभारम्भ 23 दिसंबर दिन शनिवार से होगा। बिधायक ने बताया कि इसके तहत सबसे पहले बिधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती प्रखंड मनातू के महिला समूहों के बिच सिलाई मशीन और समूह के प्रत्येक सदस्यों को फर स्वरुप अंग वस्त्र प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पंजीकृत समूह की सभी बहनों को स्वयं उपस्थित होनाअनिवार्य है। उनके स्थान पर अन्य किसी की उपस्थिति स्वीकार्य नहीं होगी। मनातू प्रखंड के पंचायत डुमरी, मझौली, नौडीहा, पदमा, रगेंया की बहनो को 23 दिसंबर को, पंचायत बंसी खुर्द, अरका,सेलारी, उदयपुरा-1 की बहनो को 24 दिसंबर को , तरहसी प्रखंड के पंचायतचक (मनातू), गोईदीं, कसमार, मझौली -2, पाठक पगार को 25 दिसंबर को पंचायत टरिया, उदयपुरा-2, सोनपुरा, नवगंढ़, गुरहा की बहनो को 26 दिसंबर को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए समूह की सभी बहनो को उक्त तिथि को नीलांबर पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस मे साढे दस बजे तक उपस्थिति अनिवार्य है।

# सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए हैं प्रतिबद्ध : फैजायल

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बसरिया कला पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रार्यक्रम का शुभारंभ ज़िला परिषद् सदस्य फैजायल अंसारी,प्रमुख गायत्री देवी, उप प्रमुख सुनील सिंह,बीडीओ नितेश भास्कर, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर फैजायल अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम हर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कराकर कर रही है। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि सरकार शोषित वंचित लोगो तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पंचायत में पहुंचाने का काम सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से कर रही है। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि सरकार शोषित वंचित लोगो तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है ग्रामीणों को आगे बढ़ चढ़कर लाभ लेने की जरूरत है।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर उतारने में दिखाएं तत्परता: आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया। उन्होंने तीनों जिले के पदाधिकारियों से इस योजना को लेकर अबतक के प्रगति की अलग-अलग जानकारी ली। साथ ही योजना को मूर्त रूप देने में तत्परता दिखाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए सड़क मार्ग का चयन करते हुए अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने योजना की सफलता के लिए बैंकों से वित्तीय सहयोग के लिए वाहन मालिकों एवं बैंक पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कराते हुए वाहनों की खरीददारी कराने की सकारात्मक पहल करने का भी निदेश दिया। बैठक में पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर पलामू में 12 सड़क मार्ग (रूट) का निर्धारण कर लिया गया है। पांच बसों को तत्काल चालू कराने की तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार जिले में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर 21 रूटों का निर्धारण किया गया है। तीन वाहनों को तत्काल चलाने की तैयारी है। इसमें एक गाड़ी उपलब्ध भी हो गया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया डिजनीलैंड मेला का उदघाटन



**बिश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के डाक बंगला के मैदान में डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने की। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे शहर या ग्रामीण इलाका में इस तरह का मेला लगने से सभी लोग नजदीक में ही मेला का अवसर प्राप्त कर सकते है। बिश्वकर्मा इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर ज्वाला विश्वकर्मा ने बताया कि मेरा लक्ष्य हर ग्रामीण क्षेत्र तक जुड़ना है जो लोग दूर शहर डिज्नीलैंड मेला में ?20 एंट्री और महंगे झूले के रेट के वजह से लुफ्त नहीं उठा पाते हैं, वैसे लोग बिना एंट्री के कम रेट में झूले तथा खरीदारी का भरपूर लुफ्त उठा सकते है। मैनेजर रौशन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि इस मेला में टावर झूला ,ब्रेक डांस, ड्राइगन नाव, जादू शो ,मिकी माउस जंपिंग, स्कॉर्पियो झूला एवं खरीदारी के लिए अनेकों प्रकार के स्टॉल एवं सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था है ।यह मेल क्रिसमस डे नया साल एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चालू किया गया है। यह मेला पांच जनवरी तक चलेगा मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी,निगरानी के विजय बवाली,मेराज आलम,महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,अर्चना देवी,धर्मेंद्र केशरी,इसरार हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पिताबरपुर पलामू।** जामुनडीह पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख सुनील पासवान,उपप्रमुख कुसुमलता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेटा, अंचलाधिकारी आशीष कुमार,20सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, मुखिया कृष्णकांत चौबे ने किया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण सरकार द्वारा संचालित हो रहे योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें यह कार्यक्रम आपके सुलभता को लेकर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है आप इसका अवसर का लाभ ले। पंचायत के मुखिया कृष्णकांत चौबे ने शिविर में आए अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया ।तथा कहा कि ग्रामीण जनता सरकार द्वारा आयोजित इस शिविर का लाभ लें यह मौका है कि पदाधिकारी आपको द्वार पर आ कर आपका काम कर रहे हैं । शिविर का संचालन बीपीआरओ विनय कुमार शर्मा ने किया । विभिन्न विभाग के स्टॉल के बारे में विस्तृत से जानकारी देते रहे की कौन सा कार्य कहां हो रहा है ।इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाया गया ।

# कर्नल कप फुटबॉल : सडेय़ा ने विश्वसीया को 2-0 से पराजित



**हुसैनाबाद (पलामू)।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को बहुत ही शानदार मुकाबला देखने को मिला । यह मैच पीछले बर्ष सेमीफाइनल खेलने वाली टीम सड़ेया बनाम विश्वसीया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खिलाड़ियों ने गोल करने का कई प्रयास किए । मध्यांतर तक में दोनों टीम बराबरी पर रही। उसके बाद सड़ेया ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक के बाद एक लगातार दो गोल कर विश्वासिया को चारों खाने चित कर दिया और मैच को 2-0 से अपने नाम करने में सफल रही। सड़ेया के तरफ से गुंजन कुमार और विमलेश कुमार ने गोल किया। सड़ेया के युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहना की। मैच से पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह और जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया और खिलाड़ियों से संयम के साथ खेलने का अपील किया।

### नवपदस्थापित आईएएस आशीष गंगवार ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

**हुसैनाबाद पलामू।** नवपदस्थापित हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएस आशीष गंगवार ने अपने पदभार ग्रहण के पश्चात सबसे पहले अनुमंडलीय अस्पताल का अचौकनिरिक्षण किया। इन्हें अस्पताल में अचानक पँहुचते ही डॉक्टरों और कर्मियों के हाथ पैर फूलने लगे। उन्होंने अस्पताल पंहुचकर प्रसव कक्ष ,मरीज कक्ष,आयुष्मान भारत ,समेत लैब में बिधि व्यवस्था का अवलोकन किया। मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार को कई आवश्यक निर्देश दिया । उन्होंने अस्पताल में फैली गंदगी और दीवारों पर निजी संस्थान के पोस्टर बैनर प्रचार सामग्री को जल्द हटाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सहिया और ए एनम को सही समय भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एम्बुलेंस की रखरखाव पर समय पर मरीजो को उपलब्ध कराने की व्यवस्था को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इधर उनके द्वरा एका एक चिकित्सा व्यवस्था के जांच से शहर वासियों और मरीजो में नए ऊर्जा का सम्भावना जग गया लोगो मे चर्चा है कि अब हुसैनाबाद की व्यवस्था में जरूर सुधार होगा। मौके पर डॉ शशी भूषण पाण्डे, विभूति प्रसाद गुप्ता ,राजीव कुमार,समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

# घुटुआ पंचायत के जनता दरबार में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत घुटुआ के पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ,सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव ,मुखिया मनीता देवी, समाजिक कार्यकर्ता संजय यादव, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, एमओ अरविंद कुमार,बीएओ सह वेलफेयर ऑफीसर धर्मेंद्र कुमार, मुखिया रिंकी यादव, प्रेमचंद गुप्ता, पंचायत सचिव विशाल कुमार ,जिला सीएचसी प्रबंधक नागेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मनीता देवी ने की संचालन पंचायत सचिव संतोष तिवारी व कोऑर्डिनेटर रौशन पाठक कर रहे थे ।नोडल धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मनरेगा के स्टॉल पर जॉब कार्ड बांटे गए,अबुआ आवास के स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया,स्वास्थ्य विभाग ने स्टाल लगाकर जांच किया तथा दवा वितरण की। शिक्षा विभाग ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को सहायता दी तथा साइकिल के लिए डमी चेक का वितरण किया। खाद्य आपूर्ति विभाग से धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया। आपदा विभाग से 150कंबल का वितरण होगा। पशुपालन विभाग के द्वारा शिविर में मवेशियों के उपचार कर दवा दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा सखी मंडल स्टार लगाया गया।मौके पर बबलू यादव,गुलटन सिंह,अरुण साहू,अमरेश यादव,कईला भुईया,अजय यादव,मंटू विश्वकर्मा, सत्येंद्र भुईया, राजाराम सिंह ,रवि सिंह,भास्कर पाठक,सीआरपी संजय सिंह, श्रीकांत दास, यमुना पंडा,अमीन सुनील कुमार समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाना प्राथमिकता में शामिल है। इस कार्यक्रम के तहत प्रशासन लोगों तक पहुंच कर मूलभूत सुविधा मुहैया करा रही है।

### प्रसूता ने दिया एक साथ 3 बच्चों को जन्म



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में छह दिसंबर को नवडीहा प्रखण्ड-पड़वा से शकुंतला देवी प्रसव पीड़ा के साथ पहुंची । तब तक मरीज को भी यही पता था कि उसके गर्भ में जुड़वा बच्चे ही है परंतु अस्पताल के चिकित्सकिय टीम ने जब प्रसव कराया तो पता चला कि 3 बच्चों का जन्म हुआ है और तीनों का वजन 1.4, 1.4, 800ग्राम था जो कि सामान्य बच्चो से काफी कम है। अस्पताल और परिजन दोनों के लिए ही बड़ी चुनोती थी । एक ओर बड़ी समस्या तब सामने आई जब परिजनों ने बताया कि वो बच्चो का इलाज के लिए बाहर ले जाने में बिल्कुल भी सक्षम नही है। नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष मेहता ओर आशी केयर की टीम ने इसे एक चुनोती के रूप में लिया और पूरा अस्पताल प्रबंधन इन तीनो नवजातों को जीवन बचाने में जी जान से लग गया। 20 दिसंबर को 3 में से 2 बच्चो की छुट्टी कर दी गई। इसमें अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों सिस्टर संजीता,अनोखा, सोभा आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि अस्पताल हमेशा से जरूरतमंदो के मदद के लिए खुला है और अस्पताल ने बच्चो का इलाज आयुष्मान भारत के तहत पूर्णत: नि:शुल्क किया है। निदेशक ने पूरे चिकित्सकिय टीम ओर स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया तथा परिजनों के अटूट विश्वास के लिए उन्हें भी बधाई दी है।

# एफसीआई की जमीन केंद्र दे तो बलियापुर में राज्य सरकार बनाएगी हवाई अड्डा : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने धनबाद को 531 करोड़ की 135 योजनाओं का दिया सौगात**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बलियापुर हवाई पट्टी में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद को लगभग 531 करोड़ की 135 योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर 3 लाख 76 हजार 497 लाभुकों के बीच लगभग 418 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने धनबाद हवाई अड्डा के सामने बन रहे नये धनबाद समाहरणालय का आनलाइन उद्घाटन माउस घुमाकर किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की एफसीआई बलियापुर हवाई पट्टी की जमीन देती है तो राज्य सरकार यहाँ हवाई अड्डा जल्द बनाएगा। सिविल एविएशन के क्षेत्र में इसकी जरूरत है। उन्होंने जोहार से जनता का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य के लोगों को इस शिविर का लाभ मिलता है कि नहीं, यह देखने आया हूँ। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही कोविड ने दो वर्ष खा लिया। परंतु कोविड में एक भी व्यक्ति को भूख से मरने नहीं दिया और प्रवासी श्रमिकों को हवाई जहाज से वापस लाया। कोरोना के बाद सरकार ने आपके द्वार खटखटाने का काम किया है। इस शिविर के पहले वर्ष में 35 लाख और दूसरे वर्ष में 55 लाख समस्याओं के आवेदन आए। राज्य के समस्याओं की सूची तैयार कर इसे सुधारने का काम कर रहे हैं। बिनोद बिहारी महतो को राज्य के अलगाव में मुख्य निर्णायक के रुप में उन्होंने याद किया। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष की होने जा रही झारखंड के दर्द की आवाज आज भी गूँज रही है। इसके लिए गाँव को मजबूत करने की जरूरत है। सर्वजन पेंशन योजना के कारण झारखंड देश का पहला राज्य बना है। खजाने में भरे हुए पैसे के साथ झारखंड अलग हुआ था। परंतु झारखंड देश का पिछड़ा राज्य बनकर रह गया है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केन्द्र सरकार व्यापारियों की जमात है। विधायक और सांसदों की खरीद फरोख्त इनकी मंशा है। महँगाई पर भी मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले योजना से घर की कोई भी बेटी बोझ नहीं बनेगी। यह सरकार झारखंड को किसी से भीख नहीं माँगने वाला राज्य बनाएगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से छात्रों को 15 लाख रुपए का शिक्षा ऋण मिलेगा और नौकरी के बाद इसे देना होगा। 500 करोड़ रुपए से 700 किलोमीटर ग्रामीण सड़क बनाएंगे। इनमें 275 किलोमीटर धनबाद में बनेगी।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम से पूर्व सूबे के मुखिया ने झारखंड पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन से पहले झारखंड के प्रसिद्ध नृत्य छउ को कलाकारों ने मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित व मुख्यमंत्री द्वारा मांदर बजाकर शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में सूबे के श्रम नियोजन व प्रशिक्षण कौशल मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, झरिया विधायक सह सत्तारूढ़ सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, मुख्यमंत्री सचिव विनय कुमार चौबे, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, कॉंग्रेस धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कॉंग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी, झामुमो नेता धरनीधर मंडल, झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू, झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टुडू कॉंग्रेस सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार शामिल थे।

### श्रम मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, टुंडी और झरिया विधायक ने भी केंद्र सरकार को घेरा

राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री ने कोविड के बावजूद राज्य के लिए कई योजनाओं को धरातल पर लाया। पूर्व की डबल इंजन की सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मोमेंटो झारखंड में हाँथी उड़ाया था। श्रम विभाग में भी कई योजनाओं का लाभ श्रमिकों को भी मिल रहा है। चार प्रमंडल में कौशल विकास के तहत इस सरकार ने नियुक्ति दे रही है। झारखंड के चार साल, नई योजनाओं की है बौछार की कविता भी सुनाई। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी खुशहाल बनाने के लिए सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार को कोसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हताश नहीं हैं। वह हमेशा हँसते रहते हैं। विशेष टोपी के साथ पहुँचे टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि सरकार के पदाधिकारी नयी योजनाओं के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से बच्चियों को शिक्षा में लाभ मिल रहा है। हर घर तक योजनाओं को पहुँचाना राज्य सरकार का उद्देश्य है। छात्रों, महिलाओं और झारखंड आंदोलनकारियों के लिए नि:शुल्क राज्य की बस सेवा भी जल्द शुरू होगी। उन्होंने बलियापुर हवाई पट्टी को हवाई अड्डा बनाने की पेशकश की। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि जनता के पास आनेवाली सरकार का हिस्सा हूँ। 23 वर्ष की झारखंड में इस सरकार ने सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था दी है। सावित्रीबाई फुले योजना सर्वाधिक कल्याणकारी योजना हैं। धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर तीसरे चरण का सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 1 लाख 89 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 42 हजार धोती साड़ी व 30 लाख कंबल वितरण किया गया।

## स्पीड न्यूज

### विद्यार्थियों को हुई कैरियर काउंसलिंग

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय की एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट बोकारो में छात्र.छात्राओं को गाइडेंस और करियर काउंसलिंग के तहत मार्गदर्शन दिया गया । एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने ष्आई एम स्ट्रांग ष का मूल मंत्र भी छात्र छात्राओं को दिया साथ ही साथ इंजीनियरिंग और मेडिकल की भीड़ से हटकर कानून के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को भी तलाशने की सलाह दी । विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार ने एसडीजेएम श्रीमती अग्रवाल का स्वागत एव अभिनंदन किया । मंच संचालन सुश्री सोनालिका दास ने किया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### विधायक बिरंची से ग्रामीण बैंक खुलवाने की मांग

**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत आने वाले उत्तर विस्थापित क्षेत्र के गांवों में रहने वाले लोगों एवं मानगो तथा कनारी पंचायत के आमजन को बैंक कार्य के लिए जैनामोड़ तुपकाडीह या सेक्टर के बैंकों में जाना पड़ता है। कुंडौरी और मानगो डाकघर का बुरा हाल है। भाजपा नेता बैजनाथ केवट ने विधायक बिरंची नारायण से मिलकर ग्रामीण बैंक की शाखा उत्तरी क्षेत्र में खोलवाने की मांग की है। केवट ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थी आंगनबाड़ी समेत उम्रदराज व विधवाओं को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए बीडीओ आफिस में पासबुक मांगा जाता है लेकिन बैंक उन्हें सहयोग करने की बजाय दुत्कार देते हैं।

### अतिक्रमण के खिलाफ बीएसएल सक्रिय

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के संपदा न्यायालय की ओर से अनाधिकृत कब्जे वाले आवासों को खाली कराने के अभियान के तहत सेक्टर 1 सी में आवास संख्या 272 तथा सेक्टर 3डी में आवास संख्या 445 एवं 779 को खाली कराया गया। दंडाधिकारी मनोज कुमार की मौजूदगी में अवैध कब्जे वाले आवासों को खाली कराकर उनके सामान भी संपदा न्यायालय की ओर से जब्त कर लिए गए।

### लटानी बाजार में भाजपा की बैठक

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी स्थित लटानी बाजार के शिव शक्ति मंदिर परिसर में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव, की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक संपन्न हुई। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के टुंडी विधानसभा के संयोजक मनीष साव उपस्थित हुए। एवं योजना के संबंध में विस्तृत रूप से उन्होंने जानकारी दी। इस अवसर पर योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं लाभुकों को प्रोत्साहित करने हेतु सभी शक्ति केदो में प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें लटानी पंचायत में संयोजक विजय दास, सह संयोजक संदीप मंडल रामपुर पंचायत में संयोजक जानकी रजक,सह संयोजक सखी चंद्र महतो, रघुनाथपुर पंचायत में संयोजक नविक मंडल ,सह संयोजक संजय मंडल,मोहलीडीह पंचायत में संयोजक कांतलाल मंडल, सह संयोजक पोरेस कुमार,मैयरानवाटाड पंचायत में संयोजक मंटू मंडल सह संयोजक सुकुमार दा, उपमा पंचायत में संयोजक भीमलाल भंडारी, सत्यदेव हेम्ब्रम, चुरुरिया पंचायत में संयोजक शंकर चंद्रा दा, सह संयोजक अजीत कुमार, रूपन पंचायत में संयोजक बिनोद महतो, सह संयोजक सुबल दत्ता को बनाया गया।

## बोकारो : होमगार्ड दक्षता परीक्षा में 318 अभ्यर्थी हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस चास में तकनीकी व अन्य विभिन्न ट्रेड के होमगार्ड अभ्यर्थियों की आयोजित दक्षता परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा का निरीक्षण डीडीसी कीर्ति श्री जी ने किया। कुल 318 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। डीडीसी ने संचालित परीक्षा का जायजा लेते हुए केंद्राधीक्षक से अभ्यर्थियों की जानकारी ली एवं उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिया। केंद्राधीक्षक द्वारा बताया गया कि फिटर ट्रेड के 125 इलेक्ट्रीशियन के 133 इलेक्ट्रिकल के 11 मैकेनिकल के 33 वेल्डर के 14 एवं अन्य ट्रेड के कुल 02 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, सड़क जाम

**मुआवजा मिलने के बाद सड़क से हटा जाम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** मधुबन थाना अंतर्गत सिनीडीह शिव हनुमत द्वार के पास शुक्रवार को एनएच- 32 रोड पर महेशपुर निवासी गणेश कर्मकार के छोटे पुत्र गुड्डू कर्मकार का सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गया। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो दुर्घटना पिकअप वैन के द्वारा हुई है।पिकअप वैन चालक काफी गति से गाड़ी चला रहा था दुर्घटना के बाद पिकअप वैन चालक गाड़ी लेकर दुर्घटना स्थल से फरार हो गया। आस पास के लोगों ने पीछा कर तृप्ति होटल के पास पिकअप वैन को पकड़ लिया है।ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर भाग गया। ग्रामिणो ने एनएच -32 रोड का परिचालन रोक सड़क को जाम कर दिया है और मुआवजे की मांग करने लगे। पुलिस दुर्घटना स्थल पर कैंप की हुए है। 5 घंटा सड़क जाम रहने के बाद दोनों पक्षों के बीच सफल वार्ता हुई। जिसमें गाड़ी मालिक के द्वारा मृतक के पिता को 100000 रुपये मुआवजा तथा बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सरकार के माध्यम से 20000 रुपये का मुआवजा दिया गया। वार्ता में मुख्य रूप से बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो बाघमारा वीडियो सुषमा आनंद एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर में

### इंडिया गठबंधन समर्थित जद यू ने किया प्रदर्शन

**धनबाद।** लोकसभा के चालू सत्र में इंडिया गठबंधन के नेताओं को निलंबित करने के मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन द्वारा शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर संयुक्त प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल जदयू के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहां की केंद्र की वर्तमान सरकार द्वारा अपनी तानाशाही का परिचय देते हुए इस निलंबन का हम प्रबल विरोध करते हैं। दरअसल आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी करारी हार को आते हुए भाजपा हताश होकर इस प्रकार की कार्यवाही कर रही है। जनता आगामी चुनाव में केंद्र की वर्तमान सरकार को धूल चटाने का काम करेगी. प्रदर्शन में पिंटू कुमार सिंह के अलावा जदयू के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह,ओबीसी प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव राजू कुमार सिंह,सुभाष राय,कामेश्वर यादव,युवा प्रकोष्ठ के रूपेश पासवान,धनलाल दुबे, बबलू मोदक,महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय,झप्पू सिन्हा सहित कई अन्य शामिल थें।

### लोकल वेंडर को बाजार उपलब्ध कराना आवश्यकः प्रभात सुरोलिया



**धनबाद।** बीसीसीएल एवं एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औधोगिक प्रदर्शनी का कार्यक्रम बहुत अच्छा और लाभदायक है उक्त बातें शुक्रवार को नेहरू कंपलेक्स कोयला नगर प्रदर्शनी स्थल पर धनबाद डिस्ट्रिक्ट डीलर एसोसिएशन के सचिव प्रभात सुरुलिया ने कहा। आगे कहा की एक अच्छी सोच के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है की लोकल स्तर पर वेंडर डेवलप होंगे लेकिन लोकल वेंडर को बाजार भी उपलब्ध कराना होगा, वोकल फॉर लोकल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का अह्वांन है, इसको सार्थक बनाने के लिए जीईएम पोर्टल पर लोकल वेंडर से ही 5 लाख तक के मूल्य का समान खरीदने का प्रावधान होना चाहिए तभी लोकल वेंडर डेवलपमेंट का सपना साकार होगा।

### डॉ अंबेडकर और संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि 1 बी में मनाई गई



**बोकारो।** डॉ भीमराव अंबेडकर एवं संत गाडगे महाराज परिवार की ओर से स्थानीय सेक्टर 1 बी स्थित अंबेडकर नगर प्रतिमा स्थल पर आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में आरसी अरुण ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गाडगे बाबा लोकसेवा और स्वच्छता के प्रतीक थे जिन्होंने झाडू श्रमदान और पुरुषार्थ को अपना हथियार बनाया। उन्होंने सामाजिक कार्य और जनसेवा को अपना धर्म बनाया। गाडगे उस परम्परा के संत थे जो कबीर से लेकर रविदास दादू तुकाराम और चोखामेला तक आती है। वे श्रमजीवी साधु थे। मौके पर समाज के श्री अरुण के अलावा बैजनाथ प्रसाद महेश प्रसाद सूरज देव प्रसाद अविनाश शिव कल्याण सोहन रजक शुचिता देवी सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी ।** सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का कार्यक्रम शुक्रवार को एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत शिवली बाड़ी दक्षिण पंचायत भवन में आयोजित की गयी। वही इस कार्यक्रम शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही एगयारकुंड प्रखंड के शिवली बाड़ी दक्षिण पंचायत भवन में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यतिथियों में एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार, प्राखंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, कुमारधुबी समाजसेवी पप्पू यादव, कार्तिक महतो, शिक्षक प्रामोद झा सहित सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।वही कार्यक्रम के सम्बंध में दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी ने कहा कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है जिसे क्षेत्र के हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल सके। बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और आवास जिसे हमारे पंचायत क्षेत्र में सबसे अधिक आवश्यकता है। वही शिवली बाड़ी दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी के द्वारा सभी मुख्य अतिथियों को फूल बुके देकर सम्मानित किया गया।

## बीएसएल में सेल विजन स्टेटमेंट कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल के विजन स्टेटमेंट को फिर से तैयार करने हेतु संयंत्रों और प्रमुख इकाइयों में आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में बीएसएल के एचआरडी सेंटर में एएससीआई हैदराबाद की फैकल्टी के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बीएसएल सहित झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस कोलियरीज डिवीजन एसआरयू तथा बोकारो स्थित सेल के सीएमओ आरडीसीआईएस प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद जयदीप दासगुप्ता ईडी एसआरयू पीके रथ सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित सीजीएम अन्य वरीय अधिकारी व कर्मी तथा एएससीआई हैदराबाद के डीजी डॉ एन बागची तथा उनके टीम के सदस्य उपस्थित थे। बतौर मुख्य अतिथि ईडी श्री तिवारी ने विश्वास जताया कि कार्यशाला अपने उद्देश्यों में सफल होगा और निर्धारित रोडमैप के अनुसार आगामी सेल दिवस के दिन नए विजन स्टेटमेंट को कॉर्पोरेट स्तर से लॉन्च किया जा सकेगा। डॉ बागची ने एक प्रस्तुतीकरण द्वारा नए विजन स्टेटमेंट की आवश्यकता पर जानकारी दी एवं कुछ अन्य प्रमुख इस्पात कंपनियों के विजन स्टेटमेंट से अवगत कराया।

## जारंगडीह परियोजना खुली खदान में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

बेरमो/जारंगडीह। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर कामगारों को कार्य के दौरान मिलने वाली सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्वेनर बोकारो कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अरविंद कुमार शर्माए कोडरमा रीजन के डीएमएस पी बालाकृष्णनए हेडक्वार्टर रांची के आइएसओ उमेश मेहरोत्राएकथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ताए उत्खनन महाप्रबंधक जेएस पैकराए जारंगडीह पीओ पी के गुईनए जी नागएक्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ताए मैनेजर बाल गोविंद नायक सहित अन्य अधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष झंडोत्तोलनएकारपोरेट गीतएमृत कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित के बाद गुब्बारे अतिथियों के द्वारा उड़ाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बी वालाकृष्णा ने कहा कि खान सुरक्षा सप्ताह कामगारों के हितो व सुरक्षा को लेकर किया जाता है । ऐसे आयोजन से कर्मचारी अपनी सुरक्षा को लेकर तत्पर रहेंगे।

## हर्ल हेल्थ सेंटर सिंदरी में लगा दांत जांच शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** रोहड़ाबाँध पानी टंकी स्थित हर्ल हेल्थ सेंटर में शुक्रवार को हर्ल सिंदरी कारखाना के सौजन्य से निःशुल्क दाँत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का लाभ लगभग 70 लोगों ने लिया और निःशुल्क दवाईयाँ वितरण की गई। इस शिविर में एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज वेलफेयर एशोसिएशन ने सहयोग किया। एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि प्रसाद डेंटल क्लिनिक धनबाद की टीम सहित हर्ल हेल्थ सेंटर के चिकित्सकों ने शिविर में मरीजों की जाँच की। शिविर का उद्घाटन हर्ल प्रभारी उपाध्यक्ष सुरेश प्रमाणिक, भागा पालिटेक्निक प्राचार्य कन्हैया लाल और सहयोगी दिलीप गोपीनाथ ने दीप प्रज्वलित कर किया। हर्ल वेलफेयर अधिकारी मन्शुल जैन ने शिविर की व्यवस्था सुचारू रूप से की। शिविर में हर्ल चिकित्सक ए एन सिंह, जयेश प्रसाद, धनबाद के प्रसाद डेंटल क्लिनिक के चिकित्सक सुष्मिता बरनवाल और ए राय ने मरीजों का निःशुल्क दाँत जाँच किया। शिविर में हर्ल एच आर प्रमुख स। फैक्ट्री प्रबंधक संत सिंह, वरीय एच आर विक्रांत कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, श्याम नरेश, प्रसाद डेंटल क्लिनिक की पैरामेडिकल टीम अनामिका दे, दयानंद कुमार, अशोक कुमार, एसोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह, सचिव उमाशंकर सिंह, आर सी प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, जागेश्वर पंडित, बी के नाहा, पवन ओझा उपस्थित थे।

## व्यवसायियों ने चास थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**सम्मान समारोह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला अंतर्गत चास स्थित रामनगर कॉलोनी स्थित श्री श्याम एजेंसी में विगत 9 दिसंबर को लगभग 10 ;दसद्ध लाख रुपए समान की चोरी हुई थी। दूकानदार की सूचना पर चास थाने में एफआईआर दर्ज कर बोकारो पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी चास के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया और उस टीम के द्वारा जगह जगह छापेमारी की गई। लगभग 72 घंटो में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंच पाई और चोरी का लगभग सारा माल बरामद कर ली। इस मामले का पूरा उदभेदन चास पुलिस द्वारा किया गया। इसके लिए बोकारो पुलिस के साथ साथ पूरी टीम बधाई के पात्र है। आज उसी क्रम में चास थाना मे सम्मान समारोह आयोजन में थाना प्रभारी एस कुमारए पुअनि रवि शर्माए अशोक सिंहए मनीष कुमारए सअनि प्रभात किरण कोकिलएऔर अन्य को बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स के संजय वैद्यए झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष शिव हरी बंकाए मारवाडी बेरमो सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमकाए फुसरो के समाजसेवी दिलीप गोयल व युगेश तिवारीए मारवाड़ी युवा मंच बेरमो के शाखा अध्यक्ष श्रवण अग्रवालए श्याम एजेंसी चास के प्रोपराइटर सूरजमल अग्रवालए बोकारो के चर्चित उद्योगपति कमलेश जायसवाल जी की ओर से सम्मानित किया गया।




## विधायक डॉ लंबोदर महतो द्वारा वन पट्टा निर्गत करने की मांग

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के शून्यकाल में सरकार से बोकारो तथा रामगढ़ जिले में लंबित दावा प्रपत्रों को शीघ्र निष्पादित करते हुए वन पट्टा निर्गत करने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि बोकारो एवं रामगढ़ जिले में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 के तहत रामगढ़ जिले में 135 वन अधिकार समितियों तथा बोकारो जिले में 125 वन अधिकार समितियों द्वारा वन पट्टा हेतु दावा प्रपत्र एसडीओ के यहां लंबित है।

## बाढ़ राहत कार्य के जवानों का जीवंत प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रांची के अध्यक्ष सह विभागीय सचिव के निदेर्शानुसार सूबे के सभी जिलों में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बोकारो जिले में भी गरगा डैम के निचले स्तर पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। मॉक अभ्यास का पर्यवेक्षण कार्य एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नेतृत्व में हुआ।मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया अपर समाहर्ता मेनका सिविल सर्जन डा दिनेश कुमार बीडीओ चास मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित थे। मॉक अभ्यास का संचालन जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने किया। जवानों ने राहत और बचाव कार्य का जीवंत प्रदर्शन कर अपनी सूझबूझ व दिलेरी का परिचय दिया। मॉक ड्रिल के तहत गरगा डैम समीप स्थित नरकेरा ग्राम में अचानक डैम का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की छद्म स्थिति बनाकर उसका निदान का अभ्यास व्यावहारिक तौर पर दशार्या गया। इस अभ्यास में जिला पुलिस एनडीआरएफ की 09 वी बटालियन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की जिला इकाई सिविल डिफेंस शामिल थे।

# फिर बढ़ता कोरोना

कोरोना वायरस ने देश के कुछ राज्यों में दस्तक दे दी है तो देशवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक है। यह दुखद संयोग ही है कि एक बार फिर केरल में नये कोरोना वायरस जेएन.1 के सौ से अधिक मामले प्रकाश में आए हैं। कुछ मौतों की भी बात कही जा रही है। वहीं केरल सरकार का कहना है कि वहां चिकित्सा तंत्र सक्रिय व जवाबदेह है और सावधानी से जांच-पड़ताल में संक्रमण के मामले उजागर हुए हैं। एक जीनोम सीक्वेंसिंग से नये वायरस की पहचान हो सकी है। निस्संदेह, ऐसी सक्रियता व सजगता देश के हर राज्य में जरूरी है। दरअसल, पिछली कोरोना लहर में देश व विदेश में जहां संक्रमण की जांच में सतर्कता व तेजी बरती गई, वहां कोरोना के ज्यादा मामले प्रकाश में आए। जाहिर बात है जहां जांच के प्रति गंभीरता नहीं होती, वहां कोरोना संक्रमण के मामले भी कम दर्ज होते हैं। विडंबना यह है कि लोगों ने मान लिया कि कोरोना वायरस सदा-सदा के लिये देश से चला गया। उसके बाद तमाम लापरवाही हम बरतने लगे हैं। दरअसल, 2019 में जब कोरोना वायरस पहली-पहली बार फैला था तो यही सर्दियों का मौसम था।

बहरहाल, हमें यहां ध्यान रखना चाहिए कि दो बड़ी कोरोना लहरों के दौरान देश ने बड़ी कीमत चुकाई। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनों को खोया। लॉकडाउन के कारण रोजगार ठप हुए और लाखों लोगों को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ा। विश्वास है कि हमें उस दुःस्वप्न को दोबारा नहीं देखना पड़ेगा। अच्छी बात है कि नये संक्रमण की दस्तक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सक्रियता दिखायी है। केंद्र ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी करके कोविड प्रोटोकॉल को गंभीरता से लेते हुए जरूरी कदम उठाने को कहा है।

# कूनन में बदलाव

भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक शामिल थे। हालांकि, विपक्षी नेता बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों के निलंबन के बीच इन महत्वपूर्ण विधेयकों को गंभीर चर्चा के बिना पारित करने को लेकर सवाल उठा रहे हैं। साथ ही विपक्षी नेता इन विधेयकों के कुछ प्रावधानों को अदालत में चुनौती देने की भी बात कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ये बिल भारतीय दंड संहिता-1860, दंड प्रक्रिया संहिता-1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 की जगह लेंगे। सरकार का तर्क है कि ये विधेयक औपनिवेशिक काल के कानूनों का स्थान लेंगे और इन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से न्याय संगत बनाने की कोशिश की गई है। यह भी कि इनका मकसद दंड की जगह न्याय देने की कोशिश है। दरअसल, आजादी के बाद अपराध का पूरा तंत्र बदल चुका है। वहीं नई तकनीक से न्याय को अधिक विश्वसनीय बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। नये विधेयक में मॉब लिंचिंग को घृणित अपराध मानते हुए इसके लिये फांसी का प्रावधान किया गया है। साथ ही नाबालिग से बलात्कार के दोषी के लिये भी फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। एक ओर ब्रिटिश शासन के दौरान से चले आ रहे राजद्रोह कानून को खत्म किया गया है लेकिन देश के खिलाफ काम करने वाले को देशद्रोह कानून के तहत दंडित किया जाएगा। गैंगरेप के मामले में बीस साल की सजा या आजीवन कारावास की सजा होगी। यौन हिंसा के मामले में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही दर्ज करेगी। इसके अलावा झूठे वायदे कर या पहचान छिपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आ जाएगा। साथ ही डिजिटल एविडेंस को कानूनी साक्ष्य के रूप में मान्यता मिलेगी।

# राजनैतिक मूल्यों की बात अब बेइमानी क्यों ?



भले ही चुनावों को लेकर औपचारिक प्रावधान बरकरार हैं लेकिन भारतीय लोकतंत्र राजनीतिक संस्कृति के एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। इस संकट में सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच के संवाद, एक विविधतापूर्ण समाज में बहुसंख्यकवाद की बढ़ती वैधता, मूल अधिकारों और कानून प्रवर्तन के प्रावधानों के प्रभाव को लेकर भरोसा कम होना, केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के अधिकारों के अतिक्रमण के साथ संघवाद का क्षय, विकास संबंधी नीतियों का चुनावी नतीजों को लक्ष्य कर बनाया जाना आदि बातें शामिल हैं।

भारतीय संविधान ने देश को धर्मनिरपेक्ष, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों वाला बनाया और इसकी वजह थी विभाजन के सांप्रदायिक आधार को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने से भी यह बात प्रमाणित होती है। नेहरू युग में इसका बचाव एक ऐसे नेता ने किया जो दिल से धर्मनिरपेक्ष था, संसदीय परंपरा की इज्जत करता था और लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका की भी। सच तो यह है कि सत्ताधारी दल स्वयं विविध हितों वाले लोगों का समूह था और इसलिए विचारधारा आधारित शासन रोकने में मदद मिली। आज जिस दल का सत्ता पर कब्जा है वह विचारधारा आधारित राजनीतिक शक्ति है। ऐसा नहीं है कि संसदीय परंपरा और विपक्ष का यह सम्मान नेहरू युग की खासियत रही। बहुत बाद में पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह देखने को मिला। परंतु इन दिनों विपक्ष और सरकार के साथ रिश्तों की जो स्थिति है और कानून तथा नीतियां बनाने के पहले मशविरों के न होने ने भी उस विश्वास को कमजोर किया है जिसके आधार पर एक लोकतांत्रिक सरकार काम करती है।

हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है एक धर्मनिरपेक्ष और उदार लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारे भविष्य में आस्था बहाल करना और विविधता को लेकर व्यापक सहिष्णुता। यह बात संविधान की बुनियाद में अंतर्निहित है जिसके तहत सार्वभौमिक मताधिकार से शासन चलता है। इसका अर्थ है धर्म, जातीय पहचान, भाषा, लिंग और अन्य विविधता वाली बातों की भरपूर इज्जत करना।

सन 1940 के दशक में सार्वभौमिक मताधिकार के कारण समाज में समता की भावना पैदा हुई जबकि हमारा समाज ऐसा जहां पदसोपानिक असमानता सामाजिक



- नितिन देसाई

> उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए।

ढांचे और व्यक्तिगत मनोविज्ञान में गहरे तक धंसी हुई है। इससे संबंधित निर्देश विभिन्न जिलों में पदस्थ सभी अफसरशाहों तक पहुंचाए गए कि ऐसी सार्वभौमिक मतदाता सूची तैयार की जाए।

पहले से मौजूद मतदाता सूचियां प्रायः सार्वभौमिक नहीं होती थीं और समुदायों द्वारा तैयार की जाती थीं। अफसरशाहों ने इस आदेश को गंभीरता से लिया। उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए। सार्वभौमिक मताधिकार जैसा सिद्धांत तब कारगर नहीं है जब समाज के किसी एक समूह की वैचारिकी हावी हो। लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ा खतरा बहुसंख्यकवादी अधिनायकवाद है। इससे बचने के लिए हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति और मीडिया की जरूरत है जो लोगों के बीच विश्वास बढ़ाए।

सबसे पहले इस बात को चिह्नित करना होगा कि हम सब समान हैं और एक व्यक्ति का एक मत है। भले ही बहुसंख्यक वर्ग को जीत हासिल हो लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने मतांतर के बचाव और संरक्षण का पूरा अधिकार है। यह भरोसा एक सक्रिय लोकतंत्र में पैदा होता है। दूसरी बात, इससे आगे यह भी कहा जा सकता है कि हर व्यक्ति अपना नजरिया पेश करने को स्वतंत्र है। इसका व्यावहारिक उदाहरण है लोकतंत्र में अल्पसंख्यक नजरिये को अभिव्यक्त करना। तीसरा, चरण एक कदम आगे का है जहां कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि अगर मैं आपकी जगह रहूं तो ऐसा कहूंगा। ऐसी बातें एक लोकतांत्रिक देश में अल्पसंख्यकों के नजरिये को व्यवहार में जगह देती हैं। मिसाल के तौर पर विद्यालयों में माथे पर स्कार्फ लगाने की इजाजत देना। हमें आज ऐसी राजनीतिक संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें सच्चाई, सम्मान, सभ्यता और संयम हों। यदि पुलिस कानून के बजाय अपने राजनीतिक आकाओं द्वारा तय नियमों का पालन करेगी तो ऐसा नहीं होगा। बहुसंख्यक वर्ग के निगरानी दस्ते अल्पसंख्यक प्रदर्शनकारियों को जिस प्रकार प्रताड़ित करते हैं और उन्हें जो बचाव प्राप्त है वह स्तब्ध करने वाला है।

देश में विविधता के सम्मान का एक अर्थ संघवाद का सम्मान करना भी होना चाहिए। संविधान में केंद्र सरकार शब्द का प्रयोग नहीं किया गया। इसके लिए संघीय सरकार का इस्तेमाल किया गया है जो संविधान में संघवाद पर जोर को उजागर करता है। संभवतः संघवाद का सबसे अहम पहलू जिसमें सुधार की जरूरत है वह है राज्यपालों की नियुक्ति।

सरकारिया आयोग ने इसे लेकर कुछ अनुशंसाएं कीं लेकिन उनका पालन नहीं किया गया और हम एक ऐसी व्यवस्था में उलझ गए हैं जहां केंद्र सरकार अपने दल के वफादारों को राज्यपाल बनाकर राज्य सरकारों के कामकाज में बाधा डाल सकती है। परंतु ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां सुधार की जरूरत है। मसलन राज्य सूची के विषयों में केंद्र समर्थित योजनाओं का विस्तार।

इसकी वजहों में से एक वह विकास नीति भी है जो चुनावी लोकलुभावनवाद पर केंद्रित है। जो लोगों की पसंद के मुताबिक उन्हें घरेलू गैस, बिजली, खाने-पीने की वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवा (खासकर मौजूदा कोविड महामारी जैसी आपात स्थितियों में) जैसी सुविधाएं देती है।

इसमें कुछ भी अवांछित नहीं है और यह वह तरीका है जिसका इस्तेमाल अमीरों ने हमेशा अपने हितों के बचाव में किया है। अच्छी दीर्घकालिक कल्याण नीति एक कदम आगे की होगी।

## खास बात

### केंद्र राज्यों को देगा 73 हजार करोड़

वित्त मंत्रालय ने बयान जारी कर यह जानकारी दी और बताया कि राज्यों को किस मद के लिए ये रकम जारी की गई है।

केंद्र ने राज्यों को अतिरिक्त कर के रूप में 72,961.21 करोड़ रुपये जारी करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्रालय ने बयान जारी कर यह जानकारी दी और बताया कि राज्यों को किस मद के लिए ये रकम जारी की गई है।

मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को ये रकम आगामी त्योहारों और नए साल के मद्देनजर सामाजिक कल्याण के कार्यों और इन्फ्रास्ट्रक्चर की बेहतरी के लिए जरूरी रकम जुटाने के लिए जारी की गई है।

### कब मिलेगा पैसा? क्या है कर हस्तांतरण का नियम?

नियमों के अनुसार, राज्यों के केंद्रीय पूल से मिलने वाले टैक्स का हस्तांतरण 14 किस्तों में होता है। 11 किस्तें 11 महीने में हर महीने जारी की जाती है जबकि, 3 किस्त मार्च महीने में जारी की जाती है। केंद्र की तरफ से जारी यह रकम राज्यों को मिलने वाले रेगुलर टैक्स के अतिरिक्त है।

मंत्रालय ने कहा कि अतिरिक्त किस्त 10 जनवरी, 2023 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण और इस साल 11 दिसंबर को जारी 72,961.21 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है।

### किस राज्य को मिलेगी सबसे ज्यादा रकम?

केंद्र की तरफ से जारी इस किस्त में सबसे बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश के हाथ में जाएगा। उत्तर प्रदेश को अतिरिक्त कर के रूप में 13088.51 रुपये मिलेंगे। इसके बाद बिहार को 7,338 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 5488.88 करोड़ रुपये मिलेंगे।

सबसे कम जिस राज्य को रकम मिलेगी वह है गोवा और सिक्किम। गोवा को 281 करोड़ रुपये और सिक्किम को 283 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

केन्द्र से दी गयी यह राशि राज्यों के हिस्सेदारी के रुप में दी जाती है। सामान्य तौर पर राज्यों के मिशनरी कमजोर होने के कारण पूर्ण व्यय की स्थिति नहीं होती है जिससे केन्द्र को राशि को कईहिस्सों में देना पड़ता है और खर्च पर जोर देना पड़ता है।

# बाली से मैत्री

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

किसी भी प्रकार या अहंकारवश अगर भक्ति कमजोर हो जाए उसका हरण हो जाए तो प्रयास कियाजाता है जिस विधि हो उसका कोई नियम नहीं हैभक्ति मिल जाए। सीता भक्ति है और सीता को प्राप्त करने के लिये राम सुग्रीव का सहारा ले रहें हैं। वे जान रहे हैं किश रावण और उसकी सेना के साथ मुझे युद्ध करना पड़ेगा। मेरे पास युद्ध के अलावा कोई सहारा नहीं है। वे जान रहें हैं कि रावण और उसकी सेना के साथ मुझे युद्ध करना पड़ेगा। मेरे पास युद्ध के सिवा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। वार्ता से अगर बात बन जाएगी तो ठीक है। लेकिन वार्त्ता करने के लिये जब मैं सक्षम रहूंगा तभी मेरा कदर होगा। अगर मैं सेना लेकर जाता हूं तभी संभव है कि रावण मेरी बात सुन सके। अन्यथा इस तरह नहीं सुन सकता है। तो हर कीमत पर सीता को प्राप्त करना है। चाहे उसके लिये युद्ध ही क्यों न करना पड़ें। इस नीति के तहत रामजी सुग्रीव से मैत्री किये। मैत्री करने का और कोई प्रयोजन नही था और सुग्रीव के जो भी कार्य करने थे चाहे वह बाली का बध हो राज दिलाना हो ये सब कुछ करने के लिये तैयार थे। भक्ति में कुछ भी बर्जित नहीं होता है। मैं ये कर सकता हूं मैं यह नहीं कर सकता हूं। ऐसी कोई बात नहीं है।

**बाली बध**

बहु छल बल सुग्रीव कर हियं हारा भय मानि। मारा बालि राम तब ह्दय माझ सर तानि।जब श्रीराम एवं सुग्रीव दोनों लोगों की मैत्री हो गयी, श्री राम ने बाली का बध करना स्वीकार किया और इसके बदले सुग्रीव ने सीता का खोज का जिम्मा लिया। इस मैत्री के बाद श्रीराम जी ने कहा अब देर मत करिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड

कैसी त्रासदी कैसी सूचना...




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### संस्कृति से आर्थिकी

देवभूमि हि.प्र. की सभ्यता, संस्कृति, खानपान, रहन-सहन अभी भी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करता है। देश-विदेश के लोग वर्षभर यहां आते रहते हैं। दूसरे राज्यों में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से प्रदेश के उन लोगों को मंच मिलेगा जो प्रदेश में रहकर स्वरोजगार कर रहे हैं, जैसे कि हथकरघा, शिल्प कला, हिमाचली पहनावे का काम करते हैं।

-राजेश कुमार, जमशेदपुर

### दिल के जोखिम

अन्य देशों की तरह भारत में भी तेजी से हृदय आघात से मरने वालों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करने वाला था। विश्व में हृदयाघात से जितने लोग मरते हैं, उनमें भारत का पांचवां नंबर है। कोरोना काल के बाद इस बीमारी से मृत्यु दर में तेजी से वृद्धि हुई है। खानपान में अनियमितता, व्यायाम ना करना, धूम्रपान, मद्यपान, तनाव आदि इस बीमारी में वृद्धि के कारण हैं।

- रविकांत सिंह, रांची

**विकसित** सिल्ली की गूंज पूरे राज्य में सुनाई दे रही है। राज्य की कला, संस्कृति व सभ्यता को अक्षुण्ण रखने तथा क्षेत्र की महिलाओं, किसानों एवं युवाओं को उचित हक मिले इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो

## आपके ट्वीट

**युवा** हताश हैं - हमें इस मुद्दे पर इ्र४२ करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक जरूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण है देश का सबसे बड़ा मुद्दा - बेरोजगारी!

– राहुल गांधी





**सामाजिक** सांस्कृतिक एवं सर्वविध अभ्युदय के लिए हमारे मन, विचार, संकल्प और हृदय एकजुट होने चाहिए। असमानता, विद्वेष एवं पारस्परिक संघर्ष मनुष्य के उन्नयन की बड़ी बाधा है।

–अवधेशानंद गिरी

# आखिर खेत की जमीन को कौन खा रहा है?

**पंकज चतुर्वेदी**

## कृषि

**देश** की बढ़ती आबादी के लिए पेट भरना एक नया संकट ना बन जाए। आजादी के बाद देश अन्न पर आत्मनिर्भरता ना होने की त्रासदी एक बार भुगत चुका है। आज जिस तरह खेती की जमीन तेजी से अन्य उपयोग में बदली जा रही है, किसान का खेती से मन उचाट हो रहा है, भारत पर यह खतरा बढ़ता जा रहा है कि कहीं खाद्य सुरक्षा पर खतरा ना खड़ा हो जाए। यही नहीं, खेत सिकुड़ने का असर भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने पर भी पड़ रहा है। भारत के गामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग और इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा जारी वैस्टलैंड एटलस-2019 में उल्लेखित बंजर जमीन को खेती लायक बदलने की सरकारी गौरव गाथाओं के बीच यह दुखद तथ्य भी छुपा है कि हमारे देश में खेती के लिए जमीन साल-दर-साल कम हो रही है, जबकि आबादी बढ़ने से खाद्य की मांग बढ़ रही है और इस दिशा में देश की दुनिया के दीगर देशों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। भारत में खेती की जमीन प्रति व्यक्ति औसतन 0.12 हेक्टेयर रह गई है, जबकि विश्व में यह आंकड़ा 0.28 हेक्टेयर है।

सरकार भी मानती है कि पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्य में देखते ही देखते 14 हजार हेक्टेयर अर्थात कुल जमीन का 0.33 प्रतिशत पर खेती बंद हो गई। पश्चिम बंगाल में 62 हजार हेक्टेयर खेत सूने हो गए तो केरल में 42 हजार हेक्टेयर से किसानों का मन उचट गया। देश के सबसे बड़े खेतों वाले राज्य उत्तर प्रदेश का यह आंकड़ा अणु बम से ज्यादा खतरनाक है कि राज्य में विकास के नाम पर हर साल 48 हजार हेक्टेयर खेती की जमीन को उजाड़ा जा रहा है। मकान, कारखानों, सड़कों के लिए जिन जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है वे अधिकांश अन्नपूर्णा रही हैं। इस बात को भी नजरअंदाज किया जा रहा है कि कम होते खेत एक बार तो मुआवजा मिलने से प्रति व्यक्ति आय का आंकड़ा बढ़ा देते हैं, लेकिन उसके बाद बेरोजगारों की भीड़ में भी इजाफा करते हैं। यह भी सच है कि मनरेगा में काम बढ़ने से खेतों में काम करने वाले मजदूर नहीं मिल रहे हैं और मजदूर ना मिलने से किसान खेती को तिलांजलि दे रहे हैं। नेशनल सैंपल सर्वे के मुताबिक देश में 14 करोड़ हेक्टेयर खेत हैं। सन ? 1992 में ग्रामीण परिवारों के पास 11.7 करोड़ हेक्टेयर भूमि थी जो 2013 तक आते-आते महज 9.2 करोड़ हेक्टेयर रह गई। यदि यही गति रही तो तीन साल बाद अर्थात 2023 तक खेती की जमीन आठ करोड़ हेक्टेयर ही रह जाएगी। आखिर खेत की जमीन कौन खा जाता है? विकास ने सबसे ज्यादा खेतों की हरियाली का दमन किया है। पूरे देश में इस समय बन रहे या प्रस्तावित छह औद्योगिक कॉरीडोर के लिए कोई 20.14 करोड़ हेक्टेयर जमीन की बलि चढ़ेगी, जाहिर है इसमें खेत भी होंगे। सरकारी रिपोर्ट में भले ही बहुत से आंकड़े दर्ज हों कि कितनी सारी बंजर या बेकार जमीन को काम लायक बदल दिया गया है, जरा सोचिये जो देश 2031 तक डेढ़ सौ करोड़ की आबादी पार कर जाएगा, वहां की खाद्य सुरक्षा बगैर खेती का इजाफा किए कैसे संभव होगी। किसानों के प्रति अपनी चिंता को दशार्ने के लिए सरकार के प्रयास अधिकांशतः उसकी चिंताओं में इजाफा ही कर रहे हैं। बीज को ही लें, गत पांच साल के मामले सामने हैं कि बीटी जैसे विदेशी बीज महंगे होने के बावजूद किसान को घाटा ही दे रहे हैं। ऐसे बीजों के अधिक पैदावार व कीड़े न लगने के दावे झूठे साबित हुए हैं। इसके बावजूद सरकरी अफसर विदेशी जेनेटिक बीजों के इस्तेमाल के लिए किसानों पर दवाब बना रहे हैं। रासायनिक खाद व कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल के दुष्परिणाम किसान व उसके खेत झेल रहे हैं।

# आजादी के अमृत महोत्सव किन उदेश्यों के लिये

**सुरेश सेठ**

## सामयिक

**कुछ** दिनों बाद देश की आजादी का पचहत्तरवां वर्ष शुरू हो जायेगा। भारत सरकार ही नहीं, इस देश की राष्ट्र प्राण जनता भी इस वर्ष को पुण्य वर्ष अर्थात अमृत महोत्सव के रूप में मनायेगी। सदियों की दासता की बेड़ियां कटने के बाद मिली आजादी, लोकतंत्र की गरिमा, देश में प्रजातान्त्रिक समाजवाद की स्थापना की उद्घोषणा का अमृत महोत्सव मनायेगी। इसी अमृत महोत्सव के अग्रिम स्वागत के लिए देश के हर शहर को स्मार्ट शहर और हर गांव को आत्मनिर्भर बनाने की घोषणा हो चुकी है। इस घोषणा में केवल कृषि के आधुनिकीकरण, व्यवसायीकरण ही नहीं, उसकी युवा पीढ़ी को गांवों, पास पड़ोस के कस्बों में समेट खेतों में ?उगती फसलों के प्रसंस्करण के लिए वहीं लघु और कुटीर उद्योगों का जाल बिछाने की ए.पी.ओ. की सहायता से बदलाव लाने की घोषणा हो चुकी है। लेकिन इससे पहले कि देश में स्वाधीनता, लोकतंत्र और आर्थिक विकास के अमृत महोत्सव की पूरे उत्साह के साथ शुरूआत हो, हमें इन पचहत्तर वर्षों में हुई प्राप्तियों और यथार्थ के धरातल पर देश के बहुसंख्यक वंचितों की प्रवंचना का आकलन भी कर लेना चाहिए। इस समाज में गरीब और अमीर का भेद निरंतर कम होता जाना चाहिये और देश के असंख्य गरीबों को भी सुविधा से जीने, काम करने, रहने और खाने का अधिकार प्रदान करना है। लेकिन आज पचहत्तर वर्ष के बाद हम पाते हैं कि देश में ऐसा समाज बनाने में हम पूर्णतः असमर्थ हुए हैं। अभी-अभी विश्व के लिए निर्धनता की स्थिति और गरीब और अमीर के बीच पैदा खाई के और भी चौड़ा हो जाने की विशद रिपोर्ट प्रसारित हुई है। इस रिपोर्ट में माना गया है कि पूरे विश्व में निजी निवेश की वृद्धि से पैदा निवेश और यन्त्रीकरण से जो आधुनिक, डिजिटल और इंटरनेट चालित समाज सामने आया है, उसमें धन और सम्पदा चन्द हाथों में इकटठी हो गयी है। गरीब और उन्हें परिचालित करने वाले मुट्ठी भर धनिक समाज की आर्थिक परिस्थितियों में भारी अंतर आ गया है। गरीब और गरीब होते चले गये हैं और अमीरों की अमीरी की सानी नहीं रही। भारत में यह स्थिति और भी भयावह है, और पंजाब देश के चंद ऐसे राज्यों में शीर्ष पर है जहां खुशहाली, तरक्की, धन संपदा और ऐश्वर्य पूर्ण जीवन चंद हाथों में सिमट कर रह गया है। पिछले दो वर्ष की कोरोना महामारी में पूर्ण और अपूर्ण बंद की परिस्थितियों ने देश की विकासशील अर्थव्यवस्था को ऐसा झटका दिया कि अब इसका परिचय काम करने योग्य शिक्षित-अशिक्षित कामगारों की बढ़ती बेरोजगारी के रूप में हो गया। महामारी और घटती कमाई की इन परिस्थितियों में कम उत्पादन की सच्चाई के साथ बढ़ती कीमतें और महंगाई अप्रत्याशित ऊंचाइयों को छू रही है। कारण, लोगों के पास काम नहीं, वेतन छिन गया, मांग गोता लगा गयी और कीमतें उन अप्रत्याशित शिखरों तक पहुंच गयीं, जहां आम आदमी के लिए जीना तो क्या, बीमार होना और मरना भी एक शाप बन गया है। महंगाई, बेकारी और बीमारी ने समाज में नैतिक मूल्यों का ऐसा ह्रास पैदा कर दिया कि देश विकासशील होने की बजाय पतनशील हो गया। पिछले वर्ष के आंकड़े साक्षी हैं जब सकल घरेलू उत्पादन लगभग चौबीस प्रतिशत तक घट और विकास दर के आंकड़े बढ़ने के स्थान पर शून्य से गिरकर माइनस सात प्रतिशत तक चले गये थे। 2021 के इस लगभग बीते वर्ष में पहले कुछ महीनों में कोरोना की दूसरी लहर ने मारक ज्वार दिखाया। फिर वह दबने लगी, देश खुलने लगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### किचटो पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी गठित

**केरेडारी।** किचटो पंचायत में शुक्रवार को कांग्रेस का पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता व संचालन केरेडारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने किया। इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इंटक सचिव अंकित राज ने कहा कि पार्टी में महिलाओं का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। शिक्षित एवं युवा महिला विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर महिलाएं भी पार्टी के सदस्यता ग्रहण कर रही हैं। यही वजह है कि आज किचटो पंचायत की पंचायत अध्यक्ष भी एक महिला है। रविंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन के माध्यम से जमीनी स्तर पर विकास कार्य हो रहा है। मौके पर मुख्य रूप से संतोष यादव, तेजनाथ महतो,विश्राम डांग, प्रेमचंद मुंडा, रामचरण महतो, नारायण गंझू, कामेश्वर महतो, शीतल महतो, बालकू टाना भगत, फूलचंद उरांव, इलियास टाना भगत, राजेश उरांव, बीजू उरांव सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

### बाझा पंचायत में लगा शिविर, 600 आवेदन जमा हुआ

**कटकमसांडी।** शुक्रवार को बाझा पंचायत भवन में आपकी योजना आपके द्वार आपकी सरकार कार्यक्रम में लोगों ने 600 आवेदन जमा किए, जिसमें दर्जनों आवेदनों निष्पादित किए गये। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज ने कार्यक्रम में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने अपने जरूरत के मुताबिक आवेदन देकर शिविर का लाभ उठाएं। शिविर में बीपीएल परिवारों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती व असहाय वृद्धों के बीच कंबल व किशोरियों के बीच लाडली योजना के तहत चेक का वितरण किया गया। जबकि सीएचसी की ओर से मरीजों के स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की गई। साथ ही कृषि व पशुपालन, भूमि राजस्व, बाल विकास, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, केसीसी, वृद्धापेंशन व सामाजिक सुरक्षा व नि:शक्तता के आवेदन जमा किए गए। शिविर को सफल बनाने मे टीवीओ मो. मजहरुल हसन, बीएओ अनिराम महतो, बीटीएम अनिकेत टुडुवार, 15 वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक बिट्टू वर्मा, समन्वयक रिंकू कुमार, बीडब्ल्यूओ रामचंद्र यादव,कुलदीप ,श्यामदेव, व सहिया दीदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डहरभंगा में आपकी योजना आपके द्वार शिविर

**टाटीझरिया।** डहरभंगा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया रेखा देवी मंच संचालन राजू यादव ने किया। मंत्री फागू बेसरा ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर 2000 ई. को हुई थी। इस तरह का कार्यक्रम अब तक नहीं हुआ था। जो झारखंड सरकार माननीय मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के हरेक पंचायत में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभाग का शिविर लगाकर लाभुको के बीच योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम आवास से अब भी कई लाभुक वंचित है। मुख्यमंत्री ने पीएम आवास से वंचित योग्य लाभुको को अबूवा आवास योजना से लाभान्वित करने की घोषणा की है।

### टाटीझरिया में भारत विकसित संकल्प यात्रा

**टाटीझरिया ।** भारत विकसित संकल्प यात्रा शुक्रवार को टाटीझरिया के डहरभंगा और भराजो पंचायत पहुंचा। जहां केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। डिजिटल वाहन से उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। जेएसएलपीएस और बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा कई कार्यक्रम करवाए गए। उज्जवला गैस योजना और स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित लोगों को लाभ दिया गया और उपस्थित ग्रामीणों के बीच कैलेंडर वितरित की गई। भाजपा प्रखंड महामंत्री संतोष मंडल ने कहा कि देश के वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चालू है। जिससे आम वो खास को लाभ मिल रहा है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सुनील कुमार, शिव शंकर पांडेय, मुखिया रेखा देवी, पंसस पुष्पा देवी, रवींद्र यादव, भरत सिंह, संदीप चौधरी, हीरा यादव, सुनिल साव, प्रकाश साव, सुनिल यादव, शंभू यादव समेत अन्य शामिल थे।

### स्कार्पियो को दारु पुलिस ने किया बरामद

**दारु।** कबलासी पंचायत के ग्राम तीउज निवासी नाबालिग युवक श्यान कुमार सिंह की सडक दुर्घटना मे जान लेना वाला वाहन को दारु थाना पुलिस ने बक्सर से जब्त किया । यह घटना 13 नवंबर की है जब साईकिल से जा रहे 9 वी वर्ग के छात्र श्यान की स्कार्पियो संख्या बी आर 03 पी ए 3554 मारकर फरार हो गया था जिसमे नाबालिग की जान चली गयी थी। इस मामले की जांच करने मे सक्रियता दिखाते हुए दारु थाना प्रभारी अमित कुमार और एएसआई रंजीत सिंह वाहन को बिहार के बक्सर से जब्त कर थाने ले लाये। गाडी जब्त होने के बाद युवक के पिता और परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

### पदमा में तिलेश्वर साहू सेना ने की बैठक

**पदमा।** शुक्रवार को तिलेश्वर साहू सेना के पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर चंपाडीह बगीचा में एक बैठक संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में तिलेश्वर साहू सेना के पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम चंद्रवंशी जी उपस्थित थे ।इस बैठक की अध्यक्षता पदमा प्रखंड प्रवक्ता करण ओझा व संचालन युवाध्यक्ष गोविंद मेहता जी ने किया ।इस बैठक में मुख्य रूप से तिलेश्वर साहू सेना संगठन के मूल विचारों पर चर्चा किया गया और रोमी पंचायत कमिटी का गठन किया गया ।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में आए तिलेश्वर साहू सेना के पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम चंद्रवंशी, पदमा प्रखंड युवाध्यक्ष गोविंद मेहता, पदमा प्रखंड प्रवक्ता करण ओझा व तिलेश्वर साहू सेना के सक्रिय कार्यकर्ता संजू ओझा जी की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से रोमी पंचायत प्रभारी सतीश कुमार मेहता, संयोजक धनंजय रजक, अध्यक्ष उपेन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष मिथुन कुमार गुप्ता, पप्पू मेहता, जगदीश मेहता, राम अवतार साव, छोटू मेहता, अनिल कुमार मेहता, दिलीप मेहता व मनीष कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मेहता, प्रधान महासचिव कारू मेहता, महासचिव राणा कुमार, संजय मेहता, अजय मेहता व करण कुमार मेहता, सचिव राजेन्द्र राम, राजेश मेहता सिकंदर मेहता व प्रकाश मेहता, प्रवक्ता अरविंद यादव व छोटेलाल मेहता, मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार राम, सोशल मीडिया प्रभारी रोहित कुमार मेहता वह अनिकेत कुमार मेहता को बनाया गया ।

# जमीन कब्जा करने वाले आठ लोगों पर हुयी कारवाई : सीओ

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चौपारण।** प्रखंड में अब फर्जी कागजात दे कर वन पट्टा बनवाने व बनाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। इस मामले में 8 लोगों पर कार्रवाई हुई है जल्द और इसके जद में आनेवाले हैं। अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने बताया कि वनभूमि का सीधे-साधे आदिवासियों का इस्तेमाल कर कुछ लोग चौपारण के जंगलों पर कब्जा करना चाह रहे हैं। चौपारण की जंगलों में जो आदिवासी रह रहे हैं उनमें से अधिकांश गांव के खतीयानी रैयत नहीं है। ऐसे आदिवासियों को सुनियोजित तरीके से बाहर से लाकर जंगल में बसाया जा रहा है। इन आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा दिलाकर जंगल की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है। बाहर से आकर जंगलों में कुछ समय से निवास करने वाले आदिवासी वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने की

**वन पट्टा के लिये जमा किये गए फर्जी कागजात, आदिवासियों को बनाया जा रहा ढाल**



आहर्ता नहीं रखते हैं। इसके लिए गलत प्रमाण पत्र तैयार कर वन अधिकार पट्टा का आवेदन कराया जा रहा है। ऐसा ही मामला चोरदाहा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सामने आया जिसमें आठ आदिवासियों के द्वारा वन अधिकार पट्टा का दावा किया गया। जब उनके दस्तावेजों की जांच की गई तो पाया गया कि उसमें संलग्न दस्तावेज जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी फर्जी काम नहीं करते हैं। परंतु जो गलत लोग जंगल पर अधिकार करने के लिए लगे हुए हैं उनके द्वारा इस प्रकार का षड्यंत्र रचा जा रहा है। फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करा दी गई है। जैसे-जैसे इस मामले की जांच होगी परत दर परत गलत लोगों के नाम सामने आने लगेंगे। यह आदिवासी 2005 से पूर्व से जंगलों में रह रहे हैं तो फिर वन विभाग के द्वारा अब तक इन पर किसी प्रकार की कार्रवाई क्यों नहीं हुई यह भी विचारणीय है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि चौपारण के जंगलों पर यहां के रैयतों का नियंत्रण रहे यहां के लोग उससे लाभान्वित हो तथा किसी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि आदिवासियों की आड़ में जंगलों में ना हो इसके लिए सभी को प्रयास करने की आवश्यकता है। कुल मिला कर देखें तो अंचलाधिकारी द्वारा उठाया गया यह कदम आम जनमानस के लिए लाभदायक व सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होने वाला है।

## इंडिया गठबंधन ने दिया धरना

**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने शुक्रवार को सुभाष चौक के निकट एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू और संचालन विनोद कुमार महतो एवं बलजीत सिंह बेदी ने किया। इस क्रम में घटक दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा से विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित कर केंद्र सरकार ने तानाशाही का परिचय दिया है। धरना में झामुमो, कांग्रेस, राजद, जदयू, सीपीआई, सीपीएम, भाकपा माले के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

वक्ताओं ने कहा कि विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित कर केंद्र सरकार ने लोकतंत्र विरोधी कार्य



किया है। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, झामुमो के राजकुमार महतो, गीता विश्वास, मंजू देवी, पिंकी बेसरा, गीता देवी, महेश ठाकुर, संतोष कुमार, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, रंजीत बेसरा, राजेंद्रनाथ चौधरी, विष्णु कुमार, देवकीनंदन बेदिया, योगेंद्र यादव, अनु विश्वकर्मा, जगदीश महतो, अरूण बनर्जी, सकलदेव करमाली आदि उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया सेल का प्रभारी बने राउत

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह झामुमो नेता मुकेश राउत को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति द्वारा हजरीबाग जिला के सोशल मीडिया सेल का प्रभारी बनाया गया है। जिससे झामुमो कार्यकर्ताओ में हर्ष का माहौल है। हजारीबाग जिला के सोसल मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर मुकेश राउत ने केंद्रीय अध्यक्ष दीशोम गुरू शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा, केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के प्रति आभार जताया। राउत ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे प्रभार दिया गया है उस पर खरा उतरूंगा।

## डीसी ने गरीबों को दिया कंबल



**रामगढ़।** बढ़ती ठंड को लेकर गुरुवार देर रात उपायुक्त चंदन कुमार ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उपायुक्त ने रबिजुलिया क्षेत्र में बिरहोर समूह के लोगों के बीच कंबलों का वितरण कर हालचाल लिया। अधिकारियों को समूह के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बिरसा बस स्टैंड में कंबलों का वितरण कर अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया। बिरसा बस स्टैंड के उपरांत उपायुक्त ने ट्रेकर स्टैंड एवं रांची रोड रेलवे स्टेशन पर कंबलों का वितरण किया। मौके पर उपायुक्त ने बढ़ती ठंड के मद्देनजर प्रमुख चौक चौराहों व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़, अंचल अधिकारी रामगढ़, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणितज्ञ रामानुजम की मनी जयंती



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा चतुर्थ से कक्षा दशम तक के सभी भैया बहनों ने गणितज्ञ रामानुजनम की जयंती मनाई गयी।इस अवसर पर विद्यालय में प्रश्नमंच प्रतियोगिता, गणित दौड़, भाषण एवं गिनती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में कक्षा अष्टम अ के भैया ने प्रथम स्थान कक्षा अष्टम ब एवं दशम अ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान और कक्षा दशम ब तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के गणित आचार्य निर्भय कुमार सिंह ने रामानुजन के जीवन पर विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि ये दिवस गणित से प्रेम करने वाले श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के मौके पर मनाया जाता है। बचपन से ही उन्हें गणित में रुचि थी जिसकी वजह से उन्होंने महज 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस. एल. लोनी की विश्व प्रसिद्ध त्रिकोणमिति पर लिखित पुस्तक का अध्ययन कर लिया और मैथमेटिकल थ्योरी बनाई थी। उन्होंने कुंभकोणम के सरकारी कला महाविद्यालय में छात्रवृत्ति हासिल की और अपनी पढ़ाई पूरी की थी। यह दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों को उनके जीवन से प्रेरित करना है।

## गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**दारु ।** गुरुग्राम पब्लिक स्कूल बनाहप्पा में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । समाजसेवी रंजीत पाठक एवं विद्यालय के निदेशक प्रभात कुमार ने प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण, तोप, चंद्रयान 3, सीस्मोग्राफी, हावड़ा ब्रिज, हिर्दय, किडनी, पर्यावरण को स्वच्छ रखने का विधि, वाटर साइकिल, वाटर कन्वेंशन, यातायात के नियम सहित अन्य तरह कि प्रदर्शनी दिखाए । रंजीत पाठक ने कहा विज्ञान प्रदर्शन विज्ञान को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने का दिशा में उठाया गया एक सकारात्मक कदम है इस्से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए हर संभव वातावरण उपलब्ध होता है । निदेशक प्रभात कुमार ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शन के माध्यम से विद्यालय में विज्ञान विभाग के बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है । मौके पर प्राचार्य कौशल कुमार सिंह, रीना कुमारी राम व अन्य उपस्थित थे।९

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नेशनल सेमिनार शुरू

**खबर मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज में शुक्रवार को दो दिवसीय नेशनल सेमिनार शुरू हुआ। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय सेंट्रल यूनिवर्सिटी वर्धा महाराष्ट्र के डीन सह प्रोफेसर गोपाल कृष्ण ठाकुर व जेएनयू के स्कूल ऑफ संस्कृत और इंडिक स्टडीज के डीन प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला ने अपने-अपने विचार रखे।

डॉ ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से आचरण में सकारात्मक परिवर्तन आना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने देश की पौराणिक विशिष्टताओं को पहचानें। फिर उच्च शिक्षण संस्थानों में प्राचीन भारतीय ज्ञान का शोध करें। विदेशी आक्रमणों में खो चुके भारत के समृद्ध अतिप्राचीन गणितीय, खगोलीय, मौसम,

**भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर मंथन**

**सेंट्रल यूनिवर्सिटी वर्धा और जेएनयू के विद्वानों ने साझा की जानकारी**



औषधीय और तकनीकी ज्ञान को एकत्रित कर सभी को एक साथ पिरोएं।

वहीं जेएनयू के स्कूल ऑफ संस्कृत और इंडिक स्टडीज के डीन प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला ने बदलती शिक्षा नीति और भारतीय परंपरा के संवर्द्धन में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व के ज्ञान-विज्ञान में भारत का प्राचीन काल से ही मौलिक योगदान रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य सही मायने में फलीभूत करना है, तो विलुप्त हो चुकी भारत की पौराणिक संस्कृति में समाहित ज्ञान को फिर से प्राप्त करना होगा।

**सदियों से भारत ज्ञान का पुंज खुद में समेटे हुए है : डॉ मिथिलेश**

विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलानुशासक डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि सदियों से भारत ज्ञान का पुंज खुद में समेटे हुए है। संपूर्ण विश्व को भारत ने ज्ञान बांटा है और हम खुद ही उस ज्ञान को विस्मृत कर रहे हैं। उन्होंने पहले अपने ज्ञान का सम्मान करने की बात कही।

**भारतीय परंपरा विश्व का सर्वोत्तम दर्शन :** विभावि के परीक्षा नियंत्रक डॉ गौरीशंकर तिवारी ने कहा कि भारतीय परंपरा विश्व का सर्वोत्तम दर्शन है। इसे आत्मसात करने की जरूरत है। उच्च शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में इसका समावेश करना भी एनईपी-2020 का लक्ष्य है।

**स्मारिका का विमोचन :** अतिथियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्द्धन में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका॥ पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने विषय प्रवेश और अतिथि परिचय कराया। साथ ही उपाध्यक्ष मनोज कुमार, प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव, आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ बसुंधरा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी आदि के साथ अतिथियों को शॉल और मोमेंटो भेंट कर सभी का सम्मान किया गया।

# कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से मिले सांसद जयंत सिन्हा किसानों को राहत दिलाने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग व रामगढ़ के किसानों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। 2023 में हुई अल्पवृष्टि से हजारीबाग जिले के कई प्रखंडों के किसान गंभीर सूखे की मार झेल रहे हैं। किसानों को राहत दिलवाने के लिए उन्होंने कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात की है। सिन्हा ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के दो जिले हजारीबाग व रामगढ़ का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण अर्थव्यवस्था वाला इलाका है, जहाँ 70 प्रतिशत आबादी का जीवन-यापन कृषि पर निर्भर है। मेरे क्षेत्र के किसानों को जहाँ एक तरफ मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ इलाकों के किसान अल्पवृष्टि के कारण प्राकृतिक मार झेल रहे हैं। हजारीबाग जिले के 6 प्रखंड गंभीर रूप से और 9 प्रखंड मध्यम स्तर पर सूखे से प्रभावित हैं। इस संबंध में उचित कार्रवाई व राहत हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक रिपोर्ट राज्य को भेजी गयी है। जयंत सिन्हा ने कहा कि यह बेहद दुखद और चिंताजनक है कि झारखंड सरकार ने राज्य में किसानों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए हैं।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/30/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /30/01/2023-24 | चुरचू | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरचू का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /30/02/2023-24 | बरही / पदमा | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही / पदमा का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB /30/03/2023-24 | ईचाक | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईचाक का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB /30/04/2023-24 | विष्णुगढ / टाटीझरिया | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विष्णुगढ / टाटीझरि का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 5. | RDSPL/SD/HZB /30/05/2023-24 | सदर / दारु | BPHU (Block Public He alth Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सदर / दारु का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 6. | RDSPL/SD/HZB /30/06/2023-24 | बरकट्ठा | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 7. | RDSPL/SD/HZB /30/07/2023-24 | कटकमसांडी / कटकमदाग | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटकमसांडी / कटकमदाग का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 8. | RDSPL/SD/HZB /30/08/2023-24 | चुरचू / दाढी | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य क न्द्र चुरचू / दाढी का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.01.2024 से दिनांक 22.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 314046 Rural Development(23-24)D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 181/2023-24 दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-LOH-03 /2023-24 | लोहरदगा | 1 | नगरा से बसरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.040 कि०मी०) | 1723.608 | सत्रह करोड़ तेईस लाख साठ हजार आठ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | लोहरदगा | 2 | स्टेट हाईवे से डुमरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.030 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 3 | नदी नगड़ा से लावागाये तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.700 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 4 | टंगराटोली से बेंजवाली पथ का अवशेष भाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.800 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 5 | मुण्डो से ईटा सिम्बुटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–8.030 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 6 | वाईना से बक्सी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.210 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 7 | स्टेट हाईवे से नदी नगड़ा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.615 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 8 | भुजनिया से मुंडो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.080 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 9 | रामपुर मंदिर से अहनू चौक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०) | | | |
| | | लेहरदगा सदर | 10. | कुरसे हॉस्पिटल से दोरहा पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.400 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-LOH-04 /2023-24 | लोहरदगा | 1 | लोहरदगा ईरगॉव पथ से बेंजवाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.775 कि०मी०) | 1190.882 | ग्यारह करोड़ नब्बे लाख अठ्ठासी हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | लोहरदगा | 2 | लोहरदगा ईरगॉव पथ से अरकोसा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.400 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 3 | जुरिया पी०डब्लु०डी० पथ से नगर निगम सिमाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –0.730 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 4 | लोहरदगा चंदवा पी०डब्लु०डी० पथ से हेंदलासो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.300 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 5 | बाईपास सडक गांगुपाड़ा से ओयना मोड़ भाया ब्रह्मणडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.190 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 6 | नदिया रामपुर पथ से लोहरदगा रेलवे स्टेशन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.400 कि०मी०) | | | |
| 3 | JH-M-LOH-05 /2023-24 | भण्डरा | 1 | कासपुर मोड़ से कासपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.050 कि०मी०) | 1476.343 | चौदह करोड़ छियत्तर लाख चौतीस हजार तीन सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | भण्डरा | 2 | बैमारी से बड़ा अम्बेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.430 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 3 | तेतरपोका से खारूमादु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –7.100 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 4 | उदरंगी हाताबाड़ी से नावाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.900 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 5 | आकाशी बी०टी० पथ से खारूमादु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 6 | पझरी मोड़ से मकुन्दा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.700 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 7 | बेड़ो लोहरदगा मुख्य पथ भैसोमुण्डो छोटका टोली से भैसोमुण्डो बड़का टोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 0.800 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 8 | भण्डरा आकाशी पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से अखिलेश्वर धाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.500 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 9 | पी०एम०जी०एस०वाई० पथ कुम्हरिया से महली टोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.950 कि०मी०) | | | |
| | | कैरो | 10 | गुड़ी भिभूटोली से कुम्हरिया पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–2.900 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 11 | सेंगराटोली मोड़ से उदरंगी पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–4.100 कि०मी०) | | | |
| 4 | JH-M-LOH-06 /2023-24 | भण्डरा | 1 | बेदाल भौरो पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से सेमरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.100 कि०मी०) | 1408.991 | चौदह करोड़ आठ लाख निन्यानबे हजार एक सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | भण्डरा | 2 | बेड़ो लोहरदगा मुख्य पथ (धोबाली) से बिटपी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.560 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 3 | बलसोता (मुरलीपोखर) से सरिण्डा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.100 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 4 | भैसमुण्डो मरामानो सिमाना से बेदाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.400 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 5 | कोटा मोड़ से डुमरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–2.200 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 6 | पझरी से सेमरा मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.400 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 7 | धनामुंजी मोड़ से धनामुंजी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.835 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 8 | जामुनडीपा से मादा सिमाना भाया टोटो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.700 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 9 | भण्डरा से सोरण्डा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.300 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 11.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–12.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची

PR 314100 Rural Work Department(23-24).D

# सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जन तक पहुंचाना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड प्रांगण में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का अंतिम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला के उपायुक्त बाघमारे कृष्ण प्रसाद उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त बाघमारे कृष्ण प्रसाद, जीप सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी, 20 शुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, 20 शुत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत जेएसएसलपीएस की महिलाओं द्वारा बुक्के देकर किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त बाघमारे कृष्ण प्रसाद ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर अपने संबोधन में कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्दश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुँचाना है और इसी को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि वैसे लाभुक जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ लेना है उन्हें एक ही मंच में सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मिल सके और उसका लाभ मिले।

साथ ही उपायुक्त ने कहा कि अभी भी बहुत ऐसी योजनाएं है जिसे आम जनता अगर नही जान पायी है तो उसका भी जानकारी मिल सके व ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। उपायुक्त ने आंशिक रूप से परसम्पति का वितरण भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि यह योजना का जितना ज्यादा लाभ ग्रामीण उठा सकते हैं उतना ही सफल कार्यक्रम गिना जायेगा। इसके लिए सभी स्टॉल में घूम-घूम कर इसका लाभ जरूर उठायें।


लाभुक को योजना से संबंधित चेक देते उपायुक्त व अन्य अतिथि।

**खास बातें :** जिप सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा कि पूर्व की सरकार में कई ऐसी बाध्यता थी जिसके कारण आम जनता को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई के लिए मिलने वाली ऋण सहित योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते थे किंतु यह सरकार उस बाध्यताओं को समाप्त करते हुए योजनाओं का लाभ दे रही है। 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रम के बारे में बीडीओ पवन कुमार महतो ने दिया। कार्यक्रम में 20 सूत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी व विभागवार अधिकारियों ने भी संबोधन के साथ जानकारी दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव ने किया। कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक लिंकेज ऋण, बच्चियों को साइकिल के लिए चेक, कंबल, बच्चों को अन्नप्रासन, गोदभराई सहित कई कार्यक्रम किये गये। मौके पर उपायुक्त बाघमारे कृष्ण प्रसाद, प्रमुख श्रीराम उरांव, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी, बीडीओ सह सीओ पवन कुमार महतो, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, प्रतिमा देवी, जावेद असारी, गुहाँ उरांव, किशोर उरांव, बलराम केवट, विनीता तिर्की, डॉ अनिल कुमार, राजीव कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बिटपी +2 स्कूल के छात्रों ने किया भ्रमण



**भंडरा।** प्रखंड के बिटपी प्लस टू विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। उन्हें ओरिएंट इंसुरेंस एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर, पावर हाउस बांसरी का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों को विद्युत सप्लाई सहित कई अन्य व्यवसायिक जानकारी विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कई अहम जानकारियां भी दी गयी। प्राचार्य अजय तिर्की ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को भ्रमण के दौरान सीखने की कई बातें बतायी। जिससे सभी छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षक रामप्रवेश गुप्ता, सुमित कुमार, अमर जॉर्ज मिंज, नेहा कुजूर, ललिता कुजूर, सहित प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य थे।

### निलंबन के खिलाफ इंडिया का धरना




**गुमला।** संसद से विपक्ष दलों के 143 सांसदों को निलंबित किये जाने के विरोध में शुक्रवार को गुमला कचहरी परिसर में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र को कुचल रही है। विपक्ष के सांसद संसद भवन में हुई चूक पर सवाल पूछते हैं तो उनको निलंबित कर उनकी आवाज को दबाया जा रहा है और जो लोग सांसद भवन में घुते थे उन्हें भाजपा के सांसद ने पास जारी किया गया था। उनपर कोई कार्रवाई नहीं होती। धरना में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, अकील रहमान, हंदु भगत, लोहरा उरांव, फिरोज आलम, आजाद अंसारी, पूर्व विधायक वैरागी उरांव, गुलाम सरवर, अरूण गुप्ता आदि थे।

### समाजसेवी ने वृद्धा-दिव्यांगों में बांटे कंबल



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत में शुक्रवार को कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम समाजसेवी मोबिन अंसारी ने किया। जिसमें वैसे वृद्धा, विधवा तथा दिव्यांग व्यक्ति को बीच कंबल बांटा गया, जो आर्थिक और शारीरिक रूप से लाचार होने के साथ कंपकपाती ठंड के मौसम में कपड़ा खरीदने में असमर्थ हैं। कंबल वितरण के पूर्व जरूरत मंद एवं बुजुर्गों का सूची तैयार कर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम की उपस्थिति में 50 वृद्धावस्था विधवा, दिव्यांग को समाजसेवी के द्वारा ठंड से बचने के लिए कंबल प्रदान किया गया। वितरण के समय सुबोध राम और गांव के समाजसेवी तथा सज्जन व्यक्ति भी शामिल थे।

### जारी प्रखंड के अंबाटोली में कार्यक्रम



**जारी।** प्रखंड के सीकरी पंचायत के अंबाटोली गांव में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे। वहीं लगभग 600 से अधिक अबुआ आवास का अवेदान शिविर में आया और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के 10, वृद्धा पेंशन के 15, फुलो झानो योजना के तहत 5 छात्रों के बीच साइकिल लेने के लिए 4500-4500 का सहयोगी राशि दी। वहीं जय धरम आजीविका सखी मंडल सीकरी दांतोली को 6 लाख और विकास आजीविका सखी मंडल कोमोडो को 6 लाख का चेक दिया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों के बीच शिविर किया गया है। मौके पर जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक, प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, पुअनि देवानंद राणा, मैकल कुजूर, विनोद उरांव, अजय कश्मीर, परशुराम, रंजीत उरांव, अनिल परमानिक, अमित साहू, नसीमुल हक और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### महान गणितज्ञ रामानुजम की जयंती मनी

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की 136वीं जयंती शुक्रवार को मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ श्रीनिवास रामानुजम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजम ने समाज को नयी दिशा दिखायी। युवाओं के लिए वे सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। मौके पर विद्यालय में गणित रेस प्रतियोगिता की गयी, जिसमें कक्षा द्वितीय से लेकर अष्टम तक के भैया बहनों ने भाग लिया।

### खेल से समुचित विकास : आशीष

**घाघरा।** जनहित जन विकास संस्थान द्वारा घाघरा पाकरटोली स्थित गोपाल साहू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी व प्रवीण विक्की थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्व गोपाल साहू के चित्र पर पुष्पअर्पित व दीप प्रज्वलित एवं फुटबाल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने किया। वहीं बच्चों के बीच फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी ,100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस सहित कई अन्य तरह की प्रतियोगिता हुई। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। कई लोग खेलकूद में भी लोग अपना भविष्य बना रहे हैं। प्रवीण विक्की ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल हारे हुए टीम वह प्रतिभागी को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है।

## कृषि विज्ञान केंद्र बिशुनपुर के 16वें वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

# श्रीअन्न योजना और कृषि कार्य को बढ़ावा देने पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के 16वें वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को बिशुनपुर मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अटारी पटना के डायरेक्टर डॉ अंजनी कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रुप में बी ए यू रांची प्रसार शिक्षा के निदेशक डॉ जगन्नाथ उरांव, पूर्वी अनुसंधान केंद्र प्लांडू रांची के प्रधान डॉ अरुण कुमार सिंह, पूर्व निदेशक डॉ आरपी सिंह रतन, पशु महाविद्यालय बीएयू रांची के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के प्रधान वैज्ञानिक डॉ संजय कुमार के द्वारा गत वर्ष का प्रतिवेदन और आगामी वर्ष की कार्य योजना पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। केंद्र के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, पैकेजिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



बैठक में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने महिला समूह से सनफ्लावर की खेती करने, मस्टर्ड खेती को आगे बढ़ाने और श्रीअन्न योजना पर फोकस की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा भी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किसानों को कैसे मिले और कैसे बेहतर तरीके से कार्य किया जा सके, इसपर अपने सुझाव रखें। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर सशक्त बनाने की दिशा में भी चर्चा हुई। मौके पर नाबार्ड के डीडीएम रवि शंकर, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत थे।

## डीएवी स्कूल में गणित दिवस आयोजित, रमाकांत बोले

# गणित की महत्ता बताना और उसके प्रति जागरूक करना कार्यक्रम का उद्देश्य है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में शुक्रवार को गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन से हुआ। प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई दी और कहा कि लोगो को गणित की महता बताना और उसके प्रति जागरूक करना ही इस दिवस का उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि यदि आप गणित विषय में अच्छे हैं तो आप सभी विषयों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि गणित के साथ आपकी लॉजिकल सोच भी विकसित होती है। श्री पीके मोहंती ने कहा कि रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। श्री शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा की गणित हम सभी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि गणित हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। श्री अभिजीत झा ने कहा कि गणित सिर्फ.सिलेबस का अंग नहीं बल्कि जीवन का अंग है। हम जब इसे जीवन पद्धति के रुप में अपना लेते हैं तो जीवन में अनुशासन आता है।


कार्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानाचार्य।

### आगजनी मामले में तीन पर नामजद मामला दर्ज

**कैरो।** थाना क्षेत्र के एड़ादोन में नहर निर्माण कार्य में लगे पोकलेन को उग्रवादियों द्वारा आग के हवाले करने की मामला पर कैरो थाना में कांड संख्या 57/23 धारा147/148/149/385/387/435/504/506 भादवी 27 आर्म एक्ट ऐंड 17 सीएलए एक्ट के तहत कृष्णा यादव, प्रकाश यादव व विजय यादव व तीन अज्ञात के ऊपर मामला दर्ज कर धर पकड़ के लिए कार्यवाही की जा रही है।

### ठंड को लेकर प्रेरणा शाखा ने बांटे सॉक्स-स्कार्फ

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला ने ठंड को देख पंचमुखी मंदिर के समीप कार्यक्रम कर 65 लोगों के बीच सॉक्स, स्कार्फ और बिस्किट बांटा। इसमें मुरारी जी नर्सरिया एवं शारदा साबू का सहयोग रहा। मौके पर अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू, सहित शकुंतला मंत्री एवं अलका मंत्री मौजूद थी।

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आज

**गुमला।** आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 23 दिसंबर को बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन में आयोजित की गयी है। जिसमें बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। वहीं स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। यह जानकारी स्कूल के निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने दी है।

### केंद्र सरकार के विरुद्ध इंडिया महागठबंधन का प्रदर्शन



**लोहरदगा।** केंद्र सरकार के विरोध इंडिया महागठबंधन लोहरदगा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इंडिया महागठबंधन घटक दलों के सभी पार्टी के नेतृत्व व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि भारत सरकार ने संसद से 146 सांसदों का निष्कासन कर संविधान के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि अभी देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है। जो भी लोग अडानी और अंबानी के खिलाफ आवाज बुलंद करते हैं, केंद्र सरकार के द्वारा उनकी आवाज को कुचलने का कार्य किया जा रहा है। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अंग्रेजों वाली शासन चला रही है। अब केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का वक्त आ गया है। क्योंकि केंद्र सरकार देश के लोगों को डरा कर राज्य कर रही है। सीपीआई के अनंत दास और भाकपा (माले) के महेश सिंह सांवरिया ने कहा कि जब से मोदी सरकार आयी है। अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही है। इसलिए एकजुट होकर मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

# गणित क्विज में पृथ्वी हाउस विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में गणित दिवस के अवसर पर गणित क्विज प्रतियोगिता कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के बीच की गयी। अध्यापिका पूजा मिंज और अनिमा साहू ने प्रतिभागियों से रूचिकर और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे। सभी प्रतिभागियों ने बड़े प्रभावी ढंग और उत्साह के साथ उत्तर दिए। प्रतियोगिता में वायु हॉउस पृथ्वी हॉउस अग्नि हॉउस और आकाश हॉउस ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान चारों हॉउस में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई, लेकिन अंत में पृथ्वी हॉउस ने सबसे ज्यादा सटीक उत्तर देकर बाजी मार ली। वहीं वायु हॉउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी बीच दर्शक बने अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। प्राचार्य शंकर गुप्ता ने कहा कि आज देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजाचार्य के जन्म दिवस को पूरे भारत वर्ष में गणित दिवस के रूप मे मनाया जाता है गणित के छेत्र मे इनका अहम योगदान रहा है इन्होंने प्रमेय और अल्जेबरा के क्षेत्र में बहुत सारा योगदान दिया है अगर आज भी विद्यार्थी चितन मनन के साथ अपनी बौद्धिक क्षमता को बढ़ायें।



# पंडरिया में दुश्मनी साधने के लिए खलियान में रखे करीब 45 क्विंटल धान को जलाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- किसान ने गुमला थाना में लिखित शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**गुमला।** थाना क्षेत्र के कुलाबीरा पंचायत के पंडरिया गांव में बुधरा खड़िया का खलिहान में रखे 45 धान का गांज को जलाकर राख कर दिया गया। बुधरा ने गुमला थाना में लिखित शिकायत की है। कहा कि हरवे हथियार से लैस गांव के ही कुछ लोग 20 की रात्रि खलिहान में रखे धान की गांज को जला दिये। उसने दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। बताया कि करमा खड़िया सहित कई लोग लाठी के बल पर खाता नंबर 68 प्लॉट 448 और रकबा करीब 1 एकड़ 17 डिसमिल जमीन को जबरन कब्जा करने की नीयत से दावेदारी करते हैं। यह भी कहा कि गैरकानूनी तरीके से कब्जा की नियत से करमा जमीन पर दावेदारी के बाबत 20 दिसंबर 2023 को जमीन संबंधी मामले निपटाने के लिए आयोजित गुमला थाना दिवस के दिन गुमला सीओ व गुमला पुलिस की मौजूदगी में निपटारा शांतिपूर्ण व सर्व सहमति से कर दिया गया था।



# बी एस कॉलेज और एसएस मेमोरियल कॉलेज में आज होगा फाइनल मुकाबला

- रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता
- रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में विवि के अधिकारी रहेंगे उपस्थित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बी एस कॉलेज में रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले सम्पन्न हुए। सेमीफाइनल के दो मैचों में बी एस कॉलेज और एसएस मेमोरियल कॉलेज ने अपने-अपने मैच जीत कर फाइनल के लिए प्रवेश किया। आज बी एस कॉलेज स्टेडियम में दोनों टीमें खिताबी ट्रॉफी के लिए आमने सामने होंगी।

सेमीफाइनल के पहले मैच में गोस्सनर कॉलेज की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी एस कॉलेज लोहरदगा के खिलाफ 33.2 ओवर में 10 विकेट खो कर 136 रन बनाये।

### अवैध बालू लदा ट्रक को भंडरा पुलिस ने किया जब्त

**भंडरा।** अवैध बालू तस्करों के खिलाफ भंडरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे एक हईवा को जब्त किया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की भंडरा थानाध्यक्ष गौतम कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा बेड़ो मुख्य मार्ग के नंदनी पुल के पास अवैध बालू तस्करों द्वारा हईवा पर अवैध बालू लादकर उसे दूसरे जिले को भेजा जा रहा है। वहीं सूचना के बाद की गई छापेमारी में भंडरा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के नंदनी पुल के पास से बालू लदे एक ट्रक को जब्त किया।

# पीवीटीजी समुदाय के परिवारों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जनवरी तक बनायें : प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- अति विशिष्ट जनजातीय समुदाय अथवा कमजोर जनजातीय समूह के विकास हेतु कार्यों का भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने की समीक्षा

**गुमला।** जिले के अति विशिष्ट जनजातीय समुदाय अथवा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के विकास को लेकर जिले में संचालित पीवीटीजी मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से संयुक्त सचिव, जनजातीय कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार बीएन प्रसाद का आगमन हुआ। सर्किट हाउस सभागार में श्री प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी सहित संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिले में हुए पीवीटीजी ग्रामों के सर्वे रिपोर्ट की श्री प्रसाद ने समीक्षा की। उन्होंने जिले के चिन्हित 162 पीवीटीजी ग्रामों के विकास से संबंधित आवश्यक योजनाओं पर चर्चा की।



# डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत, डॉ अनुग्रह नारायण हाई स्कूल कैरो लोहरदगा में 22 दिसंबर 2022 को मीडिया एंड एंटरटेनमेंट एवं आई.टी के वोकेशनल ट्रेड के बच्चों का औद्योगिक भ्रमण रवि प्रिंटिंग प्रेस उत्का में कराया गया। इसमें संस्थान के ओनर रवि कुमार प्रजापति ने बच्चों को शादी कार्ड, विजिटिंग कार्ड आदि प्रिंटिंग की बारिकियों को समझाया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश कुमार शास्त्री एवं आनंद कुमार दुबे तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक कुणाल कुमार एवं अभिषेक केसरी मौजूद रहे।

व्यावसायिक शिक्षा में औद्योगिक भ्रमण का बहुत महत्व है जिसमें बच्चे अपने ट्रेड से संबंधित संस्थानों में जाकर ग्राउंड लेवल पर होने वाले कार्य को देखते एवं सिखते हैं। इससे बच्चों में स्वरोजगार की भावना भी जागृत होती है। व्यावसायिक छात्रों की शिक्षा में उद्योग दौरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके लिए कक्षा की सीमा के भीतर सैद्धांतिक अवधारणाओं को सीखना पर्याप्त नहीं है; उन्हें वास्तव में यह समझने के लिए वास्तविक दुनिया के अनुभव की आवश्यकता है कि उनके कौशल और ज्ञान को व्यावहारिक परिवेश में कैसे लागू किया जाता है।

विभिन्न उद्योगों का दौरा करके, छात्रों को दिन-प्रतिदिन के कार्यों का निरीक्षण करने, पेशेवरों के साथ बातचीत करने और अपने पाठ्यक्रमों में सीखी गयी अवधारणाओं के अनुप्रयोग को देखने का मौका मिलता है। यह प्रदर्शन उन्हें सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है।


भ्रमण के दौरान जानकारी लेते बच्चियां।

## कुहीपाट गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# ग्रामीणों ने लिया योजनाओं का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के कुहीपाट गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, उपप्रमुख शिवा देवी, मुखिया फगुवा उरांव शामिल हुए। कार्यक्रम में मनरेगा, पेंशन, अबुवा आवास, बाल विकास विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये। जहां आवश्यकतानुसार ग्रामीणों ने आवेदन भर स्टॉल में बैठे कर्मियों को आवेदन जमा किया। इस क्रम में सावित्रीबाई फुले योजना, कल्याण बिभाग से बच्चों के लिए साइकिल राशि, जॉब कार्ड, पेंशन पीपीओ व कई परिसंपत्तियों का वितरण जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारीयों ने किया। साथ ही असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण भी हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें लाभान्वित करना है। आप सभी आवेदन भर कर जमा करें और योजना का लाभ उठायें। वहीं बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि जितने भी आवेदन लाभुक द्वारा भरकर जमा कर रहे हैं। उसपर तत्वरित कार्रवाई करते हुए सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।


शिविर में लाभुक महिला को योजना का लाभ प्रदान करते बीडीओ।

स्पीड न्यूज

## नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगी गढ़वा की आयुषी



**गढ़वा।** हरियाणा के पंचकूला में आयोजित 85वीं सिनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा की आयुषी कुमारी का चयन हुआ है। साथ ही अंजलि रानी उक्त प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका में रहेंगी। दोनों दीपुवां मोहल्ला के सेवानिवृत शिक्षक अशोक कुमार दुबे की पुत्री हैं। आयुषी और अंजलि के चयन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस के पदाधिकारी ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पाण्डेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सुशील कुमार केशरी, सियाराम शरण वर्मा, अशोक विश्वकर्मा, मुजीबुद्दीन खान, संजय सोनी, सुधीर पाठक, सिस्टर रोशना, अमोद कुमार पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, नवनीत शुक्ला, प्रवीण मिश्रा, मिथिलेश सिंह, नागेंद्र चौधरी आदि का नाम शामिल है।

## जीएम जमीन में अवैध तरीके से बनाया गया घर को अंचल व प्रशासन ने किया ध्वस्त



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के पांडे महुआ में गैर मंजरआ जमीन में अज्ञात लोगों के द्वारा बीते वृहस्पतिवार रात को घर बनाया गया था। इसकी सूचना गिद्धौर प्रशासन एवं अंचल अधिकारी को मिली और तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को घर को ध्वस्त किया। बता दें कि यह जमीन खाता नंबर 150 प्लॉट नंबर 92 में अवैध तरीके से रातों-रात घर बनाया गया था। घर ध्वस्त करने में थाना प्रभारी गुलाम सरवर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी हरिनाथ महतो सिआइ प्रमोद कुमार सिन्हा कर्मचारी पप्पू कुमार यादव एवं प्रशासन के सशस्त्र बल सम्मिलित थे।

## फर्नीचर दुकान का हुआ उद्घाटन



**गिद्धौर।** प्रखंड के गिद्धौर पंचायत स्थित मिलन मुख्य चौक पर शुक्रवार को कांग्रेस के जिला महासचिव सत्येंद्र कुमार दांगी व पंचायत के मुखिया निर्मला देवी व बीस सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान ने संयुक्त रूप से संदीप राणा फर्नीचर दुकान का फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस मौके पर दुकान के संचालक संदीप राणा बताया कि इस प्रतिष्ठान में सभी तरह के फर्नीचर का सामान, मेटेरियल किफायती मूल्य पर उपलब्ध होगा। उद्घाटन के पहले परोहित भूपेंद्र पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर गांव के गणमान्य लोग सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पंचायत अध्यक्ष बने रामेश्वर महतो



**टंडवा।** डहू पंचायत के शिव मन्दिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के नेतृत्व मे पंचायत स्तरीय समिति गठन हेतु ग्रामीणों के समक्ष एक बैठक आहूत कि गई। जिसकी अध्यक्षता लछु महतो व संचालन राजू महतो के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम, विश्व हिन्दू परिषद् प्रखण्ड अध्यक्ष जीत गुप्ता, उपाध्यक्ष सोनू कुमार भुइंया, धर्म प्रचारक प्रमुख अजय कुमार मौर्या, सह मंत्री विनय कुमार व गारिलोंग पंचायत अध्यक्ष राजू कुमार चौरसिया उपस्थि हुए।
संगठन का विस्तार किया गया अध्यक्ष रामेश्वर महतो, मंत्री, सत्संग प्रमुख लच्छू महतो को बनाया गया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला के डोमचांच प्रखंड के मसमोहना, कोडरमा प्रखंड के झुमरी, चंदवारा प्रखंड के मदनगुण्डी, जयनगर प्रखंड के तमाय एवं मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो दक्षिणी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में बीडीओ द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी, स्वयं सहायता समूह के सखी मंडल को ऋण की राशि समेत योजनाओं का लाभ दिया गया।

### बचपन प्ले स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस-डे

# मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया : प्राचार्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस-डे का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे बड़े उत्साह के साथ सैंटा बनकर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्कूल की प्राचार्या, संयोजक, संयोजिकाओं एवं बच्चों के द्वारा केक काटकर हुई। वहीं शिक्षिका अंजली कुमारी ने बच्चों को बताया की क्रिसमस का त्योहार क्यों मनाया जाता है। वहीं शिक्षिका सुप्रिया ने बच्चों को प्रभु ईसा मसीह के जीवन से परिचित कराया। उन्होंने बच्चों को बताया की ईसा मसीह का जन्म किसी विशेष धर्म के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए हुआ था। क्रिसमस के अवसर




पर कक्षा नर्सरी के छोटे-छोटे बच्चों ऋषभ राज, ओम कुमार, अंशिका राज, सुप्रित यादव, आष्वी आरना, एकांशा संदीप, ने पल हैं खुशियों का गीत, एलकेजी के बच्चों अम्वी बर्णवाल, अदविका श्री, तृषि, काश्वी, सृष्टि, मो. साहिल, आद्या, अनाबिया, विवान, अदविका, आएशा खान, माव्या ने विश यूए मेरी क्रिसमस वहीं यूकेजी के बच्चों कुक्कू कुमारी, मानविका राज, आन्या सिंह, अनाया, माएशा जहीन ने मैरी मैरी क्रिसमस गाने पर नृत्य की ामाकेदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में धमाल मचा दिया। क्रिसमस की हार्दिक बााई देते हुए स्कूल की प्राचार्या नीरजा ने कहा की प्रभु यीषू के जीवन का उद्देष्य समाज में भाईचारा कायम रखने व आपसी भेदभाव को दूर करने के साथ ही एक दूसरे के प्रति आदर व सम्मान का पाठ पढाना था। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ऐसे प्रभु से हर किसी को शिक्षा लेनी चाहिए। मौके पर सकिंदर कुमार, अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, मारिया मंडल, सदफ नाज, दिशा सोनी, रश्मि सूद, सूरज कुमार, नेहा गुप्ता, रितिका पाण्डेय, अंजली कुमारी, डिम्पल, साक्षी, निधी सिंह, रिद्धिमा, शैलजा सेठ, प्रतिमा शर्मा समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाए तथा छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# 62,510 छात्र छात्राओं के खाते में भेजा गया पोशाक व स्वेटर की राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सम्रग शिक्षा अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा प्रथम से लेकर अष्टम वर्ग के 62,510 छात्र छात्राओं को पोशाक और स्वेटर के लिए चालू वितीय वर्ष में अब तक 3,75,06000 की राशि उनके खाते में भेज दी गयी है। वहीं जिला शिक्षा पदाकिारी नयन कुमार ने बताया कि यह राशि छात्र छात्राओं के बैंक खाते में डीबीटी के मायम से भेजा गया है। उन्होंने बताया की चालू वितीय वर्ष में पोशाक, स्वेटर, जूता और मोजे के लिए प्रति छात्र 600 रुपये विभाग द्वारा दिया जाता है, इस वितीय वर्ष में कक्षा एक और दो के 18,704 छात्र छात्राओं को राशि भेजा जाना है, जिसमे शतप्रतिशत छात्र छात्राओं को राशि उपलब करा दिया गया है, वहीं कक्षा तृतीय से लेकर अष्टम वर्ग तक के 56,114 छात्र छात्राओं को राशि देना था, जिसके विरुद्ध अब तक 43,806 छात्र छात्राओं को उनके बैंक खाते में राशि भेजा गया है, शेष छात्र छात्राओं की राशि भेजने की प्रक्रिया जारी है।



प्रखंडवार पोशाक और स्वेटर के लिए भेजा गया राशि

| प्रखंड | लक्ष्य | भेजा गया | राशि |
|---|---|---|---|
| चंदवारा | 8705 | 5810 | 34,86,000 |
| डोमचांच | 8902 | 6650 | 39,90,000 |
| जयनगर | 8048 | 7708 | 46,24,800 |
| कोडरमा | 12,895 | 11,520 | 69,12,000 |
| मरकच्चो | 8960 | 8389 | 50,33,400 |
| सतगावां | 8604 | 3729 | 22,37,400 |
| कुल | 56,114 | 43806 | 2,62,83,600 |

**नोट :- यह आंकड़ा वर्ग तृतीय से वर्ग अष्टम का है**

| प्रखण्ड | लक्ष्य | भेजा गया | राशि |
|---|---|---|---|
| चंदवारा | 2129 | 2129 | 12,77,400 |
| डोमचांच | 3516 | 3516 | 21,09,600 |
| जयनगर | 3362 | 3362 | 20,17,200 |
| कोडरमा | 3399 | 3399 | 20,39,400 |
| मरकच्चो | 3168 | 3168 | 19,00,800 |
| सतगावां | 3130 | 3130 | 18,78,000 |
| कुल | 18,704 | 18,704 | 1,12,22,400 |

**नोट :- यह आंकड़ा वर्ग प्रथम और द्वितीय का है।**

## मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर तैयारी में जुटी प्रशासन

**सिमरिया।** सिमरिया मे 26 दिसम्बर को मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। एसडीओ सुधीर कुमार दास, एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी बीडीओ नीतू सिंह सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने भवन निर्माण विभाग के अभियंता के साथ हैली पैड और सभा स्थल का निरीक्षण किया। एसडीओ श्री दास ने हर्षनाथपुर मे बन रहे हैली पेड की जिम्मेवारी बीडीओ नीतू सिंह को और कर्बला के पास बन रहे सभा स्थल पर साफ-सफाई और समुचित व्यवस्था के देखरेख की जिम्मेवारी सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे को दी है।

## जमीन विवाद मामले में दो पक्षों से चार अभियुक्त गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पपलो पंचायत के अम्बाडीह में पूर्व से जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों से 4 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में प्रथम पक्ष से अर्जुन दास व सहदेव दास दोनों के पिता स्व. खूबलाल दास।

## किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर के अंतर्गत शुक्रवार को सिंगल विंडो में जिला स्तरीय एकदिवसीय दूसरा चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। यह कार्य जिला स्तरीय प्रशिक्षुक राजेश कुमार सिंह ने कराया। जहां दर्जनों किसान उपस्थित थे। इन लोगों को प्राकृतिक कृषि स्थाई कृषि पीएम किसान के तहत ई केवाईसी एवं मिट्टी जांच करवाने की बात व तरीका बताया गया। यह कार्य आत्मा विभाग के द्वारा बतलाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पांच चरण में करवाया जाएगा जो दूसरा चरण का प्रशिक्षण समाप्त हो चुका है। मोके पर उपस्थित किसान प्रसाद पासवान उषा देवी प्रतिमा देवी सरिता देवी नागेश्वरी देवी, रिंकू देवी, सुनंदा देवी, सुनीता देवी, सुबोध पांडेय, मालती देवी, आरती देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

# सैनिक स्कूल तिलैया का 83वीं एलबीए बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया की 83वीं एलबीए बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के अध्यक्ष मेजर जनरल विशाल अग्रवाल 'सेना मेडल' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों को विवेचित एवं अनुमोदित किया गया, जबकि आर्थिक, प्रशासनिक व अन्य कई तात्कालिक महवपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की गयी। वहीं एलबीए अध्यक्ष ने विद्यालय व छात्रों के विकास के दृष्टिगत सभी प्रशासनिक और स्थानीय इकाइयों को एकनिष्ठ होकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों के दृष्टिगत छात्रों का विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान सैनिक स्कूल तिलैया के पूर्व-छात्र एवं एलबीए के सदस्य एयर वाइस मार्शल राजीव रंजन 'वायु सेना मेडल' एसीएएस ओपीएस एसपीएसीइ ने छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर पूर्व छात्र संगठन की ओर से सभी संभव सहयोग देने के लिए बैठक को ऑनलाइन संबोधित किया। इस अवसर पर एलबीए चेयरमैन के साथ उपस्थित सदस्य कर्नल रमनजी झारखंड व बिहार सब एरिया, नयन कुमार जिला शिक्षा आकिारी, वीरेंद्र गुप्त डिप्टी अकाउन्टन्ट कंट्रोलर, अनिल तिर्की एडिशनल कलेक्टर, अतुल सिंघल कार्यकारी अभियंता, रेनू ठाकुर अयापिका इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, डॉ.प्रसाद पासवान प्राचार्य नेतरहाट विद्यालय, विजय कुमार अभिभावक प्रतिनिधि, निशांत कुमार (प्रतिनिधि) सांसद व शिक्षा राज्य मंत्री, संजय कुमार डिप्टी अकाउन्टन्ट कंट्रोलर, को आतिथ्य गौरव प्रदान करते हुए भारतीय थल सेना अधिकारी प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आर ने बैठक की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर लालनुन सियामा, अनंत श्रीवास्तव, मनोरंजन पाठक, वीके त्रिवेदी समेत प्रशासनिक संवर्ग मौजूद थे।

### उपायुक्त के आदेश के आलोक में बिरहोर परिवारों के लिए आवास हेतु सर्वे कराया गया

# सरकार द्वारा हर देय सुविधा से बिरहोरों को आच्छादित किया जाएगा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा गुरूवार को झुमरीतिलैया नगर परिषद् अंतर्गत झरनाकुंड बिरहोर टोला का भ्रमण किया था, जहां उनके द्वारा बिरहोर परिवारों के बीच कंबल व धोती साड़ी का वितरण किया गया था और बच्चों के बीच स्वेटर बांटा गया। उपायुक्त ने भ्रमण के क्रम में बच्चों का बाल काटने, आधार कैंप व हेल्थ कैंप लगाने का निर्देश दिया गया था। उपायुक्त के आदेश के आलोक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में वहां के बच्चों का बाल कटवाया गया। टोला में आधार कैंप लगाकर वहां के




छुटे हुए बिरहोर परिवारों का आधार कार्ड बनाया गया।

इसके साथ-साथ सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में हेल्थ कैंप लगाया गया। हेल्थ कैंप के माध्यम से सभी बिरहोर का स्वास्थ जांच किया गया और उनके स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जिन लोगों को स्वास्थ से संबंधित परेशानी थी, उन्हें मेडिसिन दिया गया। वहीं उपायुक्त के निर्देश के आलोक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और बीडीओ के नेतृत्व में जन मन योजना के तहत आवास देने हेतु सर्वे किया गया। साथ ही उनको आश्वश्त किया गया कि जिन परिवार के पास आवास नही है उनको जल्द ही आवास दिलाने के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी और अगर कोई लाभ से छूटे हुए हों तो उनको भी सरकार के हर सुविाओं से आच्छादित की जाएगी। वहीं नगर परिषद के कार्यपालक पदाकिारी के नेतृत्व में पूरे बिरहोर टोला की साफ-सफाई की गई और 15वें वित आयोग योजना से वहां पर जलमीनार बनाने के प्रस्ताव पर कार्य शुरू किया गया।

एक नजर में

## किसानों के लिए प्रेरणा बना किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह



अपनी सरसों की लहलहाती फसल दिखाता टुन्नी सिंह

पंकज सिंह

**इटखोरी (चतरा)।** कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर इटखोरी प्रखंड के मलकपुर पंचायत के खौरा गांव के भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह ने तीन एकड़ बंजर भूमि को उपजाऊ बना सरसों की खेती कर दिखाया है। खेतों में लहलहाती सरसों की खेती ने पूरे गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। खौरा गांव से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर दरियापुर स्थित कोनिवा नदी किनारे वर्षों से बंजर पथरीली पड़ी ऊबड़ खाबड़ जमीन को डिलीवरी पाइप से पानी पहुंचाकर परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर सरसों की खेती की है।

भाजपा नेता टुन्नी सिंह ने बताया कि कठिन मेहनत से तीन एकड़ बंजर जमीन पर सरसों के फसल लगाए हैं। नदी के सहारे वे दिन-रात पटवन करते थे। आज उनकी मेहनत का परिणाम है कि उनकी खेत में फसल लहलहा रही है। बंजर भूमि में लहलहाती सरसो की खेती परिवार में मुस्कान भर दी है। उन्होंने बताया कि पटवन में ज्यादा खर्च होता है, लेकिन लहलहाती फसल देखकर सारी चिंताएं छूमंतर हो जाती है।

## ज्ञान निकेतन, साउथ प्वाइंट व बीएनटी क्वार्टर फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवे दिन साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने एनटीसीए को एकतरफा मुकाबले में 111 रनों से वही दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला की टीम ने संत पॉल एकेडमी की टीम को छह विकेट से तथा तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम जेपीएस स्कूल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जूनियर वर्ग के मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रनों का स्कोर खड़ा। टीम की ओर से अखिलेश ने 30 और प्रकाश ने 20 रन बनाए। एनटीसीए की ओर से सोनू ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी एनटीसी की टीम 45 रनों पर ही सिमट गई। साउथ पॉइंट की ओर से शिवम ने चार विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में टॉस जीतकर संत पॉल एकेडमी रेहला की टीम 52 रन ही बना सकी। ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला के नंदन और फहीम ने तीन तीन विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने की ज्ञान निकेतन की टीम छह ओवर में ही विजय लक्ष्य को पा लिया। तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनू के 31, विशाल के 27 रनो की बदौलत आठ विकेट खोकर 123 रन बनाए। जेपीएस स्कूल की ओर से प्रिंस ने तीन विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जेपीएस स्कूल अंशु के 17 रनो के सहयोग से 115 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार साउथ प्वाइंट के शिवम और ज्ञान निकेतन के नंदन को बीएनटी संत मैरी के लक्की अहमद को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, विनोद कमलापुरी, सियाराम शरण वर्मा, दीपक और जितेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

## ठंड से एक बीमार व्यक्ति की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लमारी कला में गुरुवार की रात एक बीमार व्यक्ति की ठंड से मौत हो गई। लमारी गांव निवासी राजनाथ रजवार उर्फ नन्हक रजवार 46 वर्ष एक साल से बीमार थे। लकवा ग्रस्त नन्हक रजवार आर्थिक व शारीरिक रुप से कमजोर हो गए थे। बिना दरवाजा-खिड़की के जर्जर मकान में रहने वाले नन्हक रजवार पर 4 लड़के व तीन लड़कियों के भरण-पोषण व शादी-विवाह की बड़ी जिम्मेदारी थी। किन्तु 46 वर्ष की आयु में ही उनके परिवार छोड़ कर चले जाने से परिवार में मातम पसरा है। मृतक के सभी चारों लड़के कम उम्र में ही बाहर मजदूरी करने चले गए हैं।

नन्हक रजवार के मौत की खबर सुनकर भाजपा के लमारी कला पंचायत अध्यक्ष रविंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र पासवान, करमू साह, महेंद्र रजवार व जीतू रजवार सहित अनेक महिला व पुरुष घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया। शुक्रवार को मृतक के किसी भी पुत्र को घर नहीं पहुंचने पर शव का अंतिम संस्कार पंडी नदी में किया गया। जहां उनके 12 वर्षीय नाती ने मुखाग्नि दी।

## प्रखंड प्रशासन ने बिरहोर टोला में लगाया शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड प्रशासन ने शुक्रवार को यहां के बिरहोर टोला में शिविर का आयोजन किया। शिविर के माध्यम से बिरहोर समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।?तथा आदिम जनजाति समुदाय के बच्चों को बीच गर्म कपड़े वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने बताया कि बिरहोर समुदाय के कई लोगों का आधार कार्ड बना हुआ नहीं था। इस वजह से बैंक में उनका खाता नहीं खुल पा रहा था। बैंक खाता नहीं रहने के कारण समुदाय के कई लोगों को पेंशन की राशि नहीं मिल पा रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए बिरहोर टोला में वन भोज के बहाने शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बिरहोर समुदाय के 19 लोगों को चिन्हित कर उनका आधार कार्ड बना दिया गया है। शीघ्र ही चिन्हित लोगों का बैंक में खाता भी खुलवा दिया जाएगा।

# 27 नंबर पुल बना सेल्फी पॉइंट, नये साल में उमड़ेगी भीड़

## झारखंड में दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज, लोगों की होती हैं भीड़, सुरक्षा के है तमाम इंतजाम, युवाओं की टीम भी है तैनात

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** फोटो खींचने का मजा दुगुना हो जाता है जब जब भी आप प्रकृति की गोद में, भरी वादियों में, असली सेट पर फोटो खिंचाए। ऐसे ही एक बेहतरीन जगह की हम बात कर रहे है। वो है 27 नंबर रेलवे पुल। प्रकृति की इस अनुपम खजाने के दीदार को पहुंचने वाले हजारों लोग हर दिन इस स्थान पर आते हैं। और इस खूबसूरत वादियों के बीच खूब सारी तस्वीरें लेते हैं कुल मिला कर 27 नंबर पुल सेल्फी पॉइंट बन चुका है। लोहरदगा से टोरी रेल लाइन में स्थित यह स्थान कई मायनों में खास है। आसमान की ऊंचाइयों से मुगलदाहा नदी और जल प्रपात को निहारने के लिए दिलों में याद रखने वाली तस्वीर, दूर-दूर तक फैली हरियाली बिखेरते जंगल, गगन को छूते पर्वत और कलकल बहती मुगलदाहा नदी।

### दूसरा सबसे ऊंचा पुल है

झारखंड के दूसरे सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण के समय किसी ने नहीं सोचा होगा कि यह स्थान पर्यटकों की पहली पसंद बन जाएगा। सचमुच अपने नाम की तरह मुगलदाहा नदी और आसपास की सुंदरता मुगलों की शान लिए हुए है। एक समय नक्सलियों के लिए गढ़ माने जाने वाली जगह में आज प्रतिदिन करें हजारों की संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। यह सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। देखा जाए तो बरसात के दिनों को छोड़कर पूरे वर्ष यहां लोग पहुंच रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जगह अब सुरक्षित है क्योंकि यहां पिकेट भी स्थापित है।


27 नंबर पुल।

### कैसे पहुंचे यहां

चंदवा चांपी रोड पर स्थित महादेव मंडा से करीब आधा किलो मीटर की दूरी पर से बाई ओर लगभग 2 किलोमीटर अंदर जाना है। वहां पहुंचने के बाद सड़क से वहां तक पहुंचा जा सकता है। पर्यटकों की संख्या में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए आसपास के ग्रामीणों ने वहां छोटे-छोटे खाने के होटल भी बना लिए हैं ताकि पर्यटकों को कोई असुविधा ना हो। वही गांव के युवक के द्वारा पर्यटको की सुरक्षा और उनकी आवश्यकता को पूरा करने लिए एक टीम बनाई गई है। लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई कदम उठाए गए हैं।

## इंडिया गठबंधन ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन मोदी सरकार के खिलाफ लगाये कई नारें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** इंडिया गठबंधन के द्वारा लातेहार जिला मुख्यालय में पुराना अनुमंडल कार्यालय गेट से चलकर समाहरणालय गेट तक रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद, केन्द्र की मोदी सरकार हाय हाय, मोदी सरकार मुदार्बाद, मोदी तेरी हिटलरशाही नहीं चलेगी, विपक्षी सांसदों को निलंबन करना बंद करो, जनता की आवाज को दबाना बंद करो, आदी नारे लगा रहे थे। वहीं लातेहार समाहरणालय गेट पर नारेबाजी के पश्चात प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार 17 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में 142 सांसदों को निलंबित किया गया है उनकी आवाज को दबाने का काम किया गया वह लोकतंत्र का काला अध्याय है। राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि केन्द्र में बैठी मोदी सरकार देश में लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है। सरकार से सवाल पूछने पर उन्हें दण्डित करती है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रवींद्र राम, लातेहार जिला कांग्रेस महासचिव सुरेन्द्र भारती ने कहा कि भाजपा गठबंधन की सरकार देश में एकता अखंडता को तार तार कर सत्ता में रहना चाहती है। भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम व गोपाल प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार संसद में जिस प्रकार सांसदों की आवाज दबाने कर तानाशाही सरकार चलाना चाहती है वह चलने वाला नहीं है। युवा कांग्रेस प्रदेश कोडिनेटर बिजय बहादुर सिंह ने कहा कि देश में संसद की सुरक्षा, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसानों की बात करना जुल्म है। युवा राजद जिलाध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने केंद्र की मोदी सरकार को युवा विरोधी करार दिया। मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, राजद जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव भोला सिंह, महासचिव मोहर यादव,मनिका विधायक प्रतिनिधि हरीशंकर यादव मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनिका प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने किया।

## तेतरियाखांड़ कोलियरी में भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रक मालिको की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवददाता**

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में शुक्रवार को भाड़ा वृद्धि एवं लोकल सेल बढ़ाने को लेकर बालूमाथ एवं बसिया पंचायत ट्रक मालिको की एक संयुक्त बैठक रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी ने किया। मौके पर विभिन्न कंपनियों के डीओ होल्डर एवं लिफ्टर मौजूद थे। मौके पर बोलते हुए बसिया पंचायत मुखिया ने कहा कि कुछ डीओ होल्डर द्वारा इन दिनों निर्धारित भाड़ा की जगह कम भाड़ा देकर कोयला का उठाव किया जा रहा है और सीसीएल द्वारा पावर प्लांट के कोयला का अधिक डीओ लगाया जा रहा है एवं लोकल सेल का ऑफर कम निकाला जा रहा है। कहा की जो भाड़ा निर्धारित किया गया है उसे डीओ होल्डर को देना होगा एवं सीसीएल को अधिक से अधिक लोकल सेल कोयला का ऑकशन करना होगा नहीं तो हमलोग सभी आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। विस्थापित नेता बिहारी यादव ने कहा की तेतरियाखांड खुले 30वर्ष से अधिक हो गया है। लेकिन इसका लाभ अधिकांश बाहरी लोग उठा रहे हैं। डिओ होल्डर द्वारा निर्धारित भाड़ा नहीं देने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न होते जा रही है कि ट्रक को फाइनेंसर खींच कर ले जाएगा। सीसीएल भी इससे अछूता नहीं है। पहले तेतरियाखांड़ कोलियरी में डेढ़ लाख टन तक सेल का कोयला रहता था। जिसको दिन प्रतिदिन घटाकर कम कर दिया जा रहा है। जिस कारण रोजी रोजगार से जुड़े नौजवानों के समक्ष विकट परिस्थिति आ गयी है। हम लोगों ने कर्ज लेकर ट्रक खरीदा ताकि यहां रोजगार मिल सके उसमें भी आज भाड़ा में गिरावट होने के कारण ट्रक खींचने के कगार पर है। इसीलिए हम लोग एकजुट होकर बैठक कर रहे हैं कि ताकि तेतरियाखांड का निर्धारण भाड़ा न टूटे। वहीं बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा की कमेटी द्वारा निर्धारित भाड़ा को कुछ डीओ होल्डर द्वारा तोड़ा जा रहा है इस पर रोक कैसे लगेगा और लोकल सेल का कोयल का अधिक से अधिक ऑक्शन कैसे होगा इस पर चर्चा करके एक ठोस रणनीति तैयार की जाएगी। विस्थापित नेता सुरेश उराँव ने कहा कि विस्थापितो को हक मिले एवं विस्थापितो समिति के नेतृत्व में ट्रक मालिको की हक की लड़ाई लड़ा जाए। ताकि सीसीएल मनमानी नही कर सके एवं डीओ होल्डर से अपील करते हुए कहा कि आपलोग अनलोडिंग, ऑफिस खर्च के नाम पर ट्रक मालिको का दोहन नहीं करे। इसके अलावा बैठक को डीओ होल्डर संघ अध्यक्ष शिवनारायण साव, राजेन्द्र यादव उर्फ चरकु, संतोष यादव, राजेन्द्र लाला, सुरेश यादव, रौशन यादव, सुनील पांडे, कृष्णा साव ने सभा को संबोधित किया और निर्धारित भाड़ा देने की बात कही। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रीना देवी, तिलकधारी साहू, काली यादव, प्रकाश यादव, जितेंद्र तुरी, गिरेन्द्र यादव, संजय साव, प्रितलाल यादव, निरंजन यादव, नामेश्वर गुप्ता, पिंकु गुप्ता, मो. नासिर, गुड्डू साव, मो. शमीम, प्रमोद महाजन, पंकज सिन्हा, मुकेश साव, विकाश यादव, विशुन यादव, दीपू गुप्ता, कुलदीप यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।


बैठक करते ट्रक मालिक।

### विवाद के बाद सिकनी कोलियरी में कामकाज पर पड़ा प्रतिकूल प्रभाव

## कोयला उठाव को लेकर विवाद मामले में पुलिस ने दो को भेजा जेल

- कई लिफ्टरो ने काम किया ठप, उठाव प्रभावित
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने दो लोगों के जेल भेजे जाने पर प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्रवाई की बात कही


सिकनी कोलियरी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** गुरुवार की सुबह कोयला उठाव को लेकर जमकर विवाद होने के बाद सिकनी कोलियरी में कामकाज पर व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवाद के बाद सिकनी कोलियरी से जुड़े कई लिफ्टर कामकाज ठप कर दिया है। कोलियरी में शुक्रवार को अन्य दिनों की अपेक्षा काम काज प्राभवित नजर आया व काफी कम मात्रा में कोयले का उठाव हो पाया। खान अभिकर्ता उमेश सिंह ने बताया कि कोलियरी में ट्रकों का प्रवेश हुआ है लेकिन कम संख्या में हुआ है। इधर कामकाज प्राभवित होने के बाद प्रबंधन से जुड़े मजदूरों का रोजगार प्रभावित हो गया है। अगर गतिरोध येसे ही जारी रहा था तो मजदूरों के समक्ष बड़ी समस्या आन पड़ेगी।

**कोयला उठाव विवाद मामले में दो गए जेल**

इधर गुरुवार को कोलियरी से कोयला उठाव को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के द्वारा दर्ज कराए गए मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 230/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में लिए गए दो आरोपी निरंजन यादव व रामानंद प्रसाद उर्फ गुड्डू को अग्रतर कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। मामले में 4 के खिलाफ नामजद व कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की बात सामने आ रही है। वहीं दूसरे पक्ष के द्वारा भी घटना को लेकर एसपी कार्यालय में आवेदन दिए जाने की बात कही जा रही है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसपी अंजनी अंजन के द्वारा गठित एसआईटी की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

**भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने कहा एकतरफा कार्रवाई न करें प्रशासन**

भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने खबर मन्त्र से बातचीत में कहा कि अगर कोई डीओ लगाया है तो माल भेजेगा ही किसी के साथ गलत व्यवहार न करें। पुलिस दोनों पक्षों को जानना चाहिए जो विषय आया है उस विषय पर कार्रवाई करें। पुलिस सरकार के प्रभाव में काम कर रही है। दोनों तरफ से एफआईआर होना चाहिए पुलिस एकतरफा ना करें।

### हवा भरने वाला टंकी उड़ने से एक युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ तालाब के समीप गुरुवार की देर रात हवा भरने वाला टंकी उड़ने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. इनामुल अंसारी 18 वर्ष पिता मो. नसीम अंसारी ग्राम चिरु थाना हेरहंज निवासी अपने दुकान में हवा भरने वाला टंकी से गाड़ी में हवा भर रहा था। इसी दौरान टंकी उड़ जाने के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रेफर कर दिया।

## सरकार के जल जीवन मिशन पर पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे हैं ठेकेदार



- ग्रामीणों के विरोध करने के बावजूद भी जबरदस्ती पुराने बोर पर जलमिनार का कर रहे निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना का निर्माण किया जा रहा है। वहीं पूरे लातेहार जिले में लगभग 500 करोड़ की लागत से जलमिनार का निर्माण कर 2024 तक ग्रामीण क्षेत्र के हर एक घर में पानी पहुंचाने का उद्देश्य है। लेकिन इस जल जीवन मिशन पर ठेकेदार पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला प्रखंड मुख्यालय के मनिका पंचायत स्थित ग्राम नावाडीह की है जहां चारमुहान टोला के रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर लगा पुराना चापाकल जिसका बोर लगभग 150 फिट है इसी में ठेकेदार के द्वारा जबरदस्ती कनेक्शन कर जलमिनार का निर्माण करवाया गया है ग्रामीणों के विरोध करने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वहीं थोड़ी दूर आगे जाने पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर हर घर नल जल योजना के तहत नल तो लगाए गए हैं लेकिन पाइप फटने की वजह से जगह-जगह पर पानी का लीकेज होता है। वहीं बांड़ी पोखर टोला के ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों को काफी खुशी थी कि हम लोगों के सुविधा के लिए सरकार के द्वारा यहां पर जलमिनार का निर्माण हो रहा है लेकिन ठेकेदार के मनमानी के कारण हमें फिर से पानी कि समस्या से जूझना पड़ रहा है। जांच के लिए जब यहां पर जेई आए थे तो ठेकेदार ने ड्रम से टंकी में पानी भरकर पानी चालू कर दिखा दिया था। ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का हमें कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है हमारी पानी की समस्या जस की तस है। आज भी हम लोग नदी के डोभा और दूसरे के घरों से पानी के लिए आश्रित है। क्योंकि ठेकेदार ने बहुत ही कम बोर करके यहां पर जलमिनार का निर्माण कराया है जिसके कारण की जलमिनार तो दूर की बात चापाकल से भी पानी नहीं निकल रहा है। सरकार के समक्ष ठेकेदार बस कागजी प्रक्रिया पूरा कर योजना की राशि गबन करने में जुटे हुए हैं उन्हें गरीबों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। मौके पर सुमित्रा देवी, रीता देवी, सुषमा देवी, राजेंद्र भुइयां, अरविंद राम, राजेश कुमार, राजू भुइयां, योगेंद्र कुमार, अजीत कुमार, रेखा कुमारी, शीला कुमारी, चांदनी कुमारी, रोनिया देवी,राजो कुमारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## छिपादोहर में हथियार के साथ जेजेएमपी के चार नक्सली गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** छिपादोहर पुलिस को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर के हंसराज टोला में छापामारी अभियान चलाकर चार नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक नक्सली मोहन परहिया फरार हो गया। गिरफ्तार नक्सलियों में सामदेव सिंह उर्फ बैगा, रामसुन्दर उरांव, अख्तर अंसारी ओर लक्ष्मण ठाकुर (सभी लातेहार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।) गिरफ्तार नक्सलियों के पास से लोहे का एक देसी कट्टा, 2 जिंदा गोली, लेवी वसूले गए 71 हजार रुपए, चार स्मार्टफोन बरामद किया गया। इस संबंध में छिपादोहर थाना परिसर में जानकारी देते हुए बरवाडीह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने बताया कि छिपादोहर पुलिस को सूचना मिली की कुछ लोग हथियार के साथ थाना क्षेत्र के हंसराज टोला में ग्रामीणों के साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहे हैं, मामले को वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर नवीन तिर्की के घर के पास कुछ लोग जमा होकर गाली गलौज कर रहे हैं, पुलिस को देखते ही सभी चारो लोग भागने लगे। जिसे पुलिस ने दौड़ा कर धर दबोचा। गिरफ्तार लोगों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर अवैध जमीन कब्जा का काम करते हैं, ओर लेवी वसूली का काम करते हैं, और जो जमीन नही देते हैं उनको नक्सली संगठन का भय दिखाकर जमीन हड़प लेते हैं। गिरफ्तार नक्सलियों ने आगे बताया कि जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर पुर्व नक्सली मोहन परहिया के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के हंसराज टोला के ग्रामीणों को जमीन छोड़ने के लिए डरा धमका रहे थे। मामले की सूचना पाकर पुलिस ने मौके से चारो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी लोग स्विफ्ट कार से आए थे। जिसे पुलिस ने मौके से बरामद कर लिया। अभियान में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि रंजीत राम, काशी महली, विकाशेंदू त्रिपाठी, सअनि राजेश कुमार सहित जिला बल के जवान शामिल थे।


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते पुलिस।

## एक नजर में

### अपनी मांगों को लेकर 3 को जेपीसी कार्यालय का धेराव करेंगे कस्तूरबा कर्मी


काला बिल्ला लगाकर विरोध जताते कर्मी।

**चंदवा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में कस्तूरबा के शिक्षक व शिक्षाकर्मी अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसकी सूचना संघ के द्वारा राज्य परियोजना निदेशक एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची को दी गयी है। सूचना में कहा गया है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक व कर्मी पिछले 16-17 वर्षो से कार्यरत है। झारखंड के एक लाख बच्चियों को आवासीय व्यवस्था की उन्ही की जिम्मे हैं। जिसका निर्वाहन बखूबी किया जा रहा है व उसका प्रतिफल भी सरकार के सामने है। उन्होंने आवेदन में 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं सहायक अध्यापक एवं परियोजना कर्मियों को चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि करने, 10 साल से सेवारत कर्मियों का सीधा समायोजन करने, पेंशन, ई-पीएफ एवं मेडिकल भत्ता का लाभ देने, सरकारी बहाली से पूर्व बहाल शिक्षिकाओं लेखपाल गार्ड एवं रसोईया को उनके पद के अनुरूप नियुक्ति में आरक्षण देने की मांग की है। बिना दोष या छोटी गलतियों पर शिक्षकों शिक्षक पर कर्मियों को नौकरी से हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की भी मांग की है। मांग को लेकर 22-27 दिसंबर को काला बिल्ला लगाकर उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### बोदा पंचायत में लगा विकास शिविर


शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

**चंदवा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस उद्देश्य के साथ हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में शुक्रवार को प्रखण्ड के बोदा पंचायत सचिवालय प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया ललिता देवी, पंसस सुशीला टोपनो, बीडीओ विजय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव ने सयुक्त रूप से दीप प्रवजल्लित कर किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को जानकारी देते हुए अतिथियों ने आमजनता से शिविर के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान अतिथियों ने मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना के चयनित लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लाभ कई बच्चियों को प्रदान किया व परिस्थितियों का वितरण किया साथ ही दर्जनों लाभुकों व जरूरतमंदों के बीच धोती साड़ी/लुंगी व कंबल का वितरण भी किया। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों ने शिविर में मनरेगा, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आपूर्ति, पेंशन, विद्युत समेत अन्य विभाग के लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। स्टॉल में ग्रामीणों ने अपने अपने आवेदन जमा किये। मौके पर प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, रोहित कुमार, कुश ध्वज कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे। 22 जनवरी को उत्सव मनाने को लेकर रविवार को बैठक आयोजित

### युवा भारत चंदवा के द्वारा बुलाई गई है बैठक, रूप-रेखा पर होगी चर्चा

**चंदवा।** राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। इस बीच मंदिर के उदघाटन, रामलला के अभिषेक और प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है। बता दें कि मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी 2024 की तारीख सुनिश्चित की गई है,जिसे लेकर पूरे देश में हर्ष का माहौल है। 22 जनवरी को चंदवा में भी एक भव्य उत्सव मनाने को लेकर युवा भारत द्वारा आगामी रविवार को बैठक आयोजित की गई है। युवा भारत के रविराज ने बताया कि कार्यक्रम भव्य और सबों की सहभागिता सुनिश्चित हो इसे लेकर युवा भारत सभी लोगों को बैठक में आमंत्रित करेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा और विचार विमर्श के लिए बैठक बुलाई गई है। बैठक रविवार को चंदवा के जयहिंद पुस्तकालय में शाम के 5:30 से आयोजित की गई है।

### चकला प्लांट से सटे नगर बसार टोला के पास लूना बाइक से गिरकर स्क्रैप ले जा रहे युवक की मौत


घटना की जानकारी देते परिजन।

- शव व वाहन को कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस
- मुर्शिदाबाद बंगाल का है मृतक शमीम शेख, बालूमाथ में कबाड़ी संचालक के यहां रहकर करता है काम

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप लेकर लूना बाइक से जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना शुक्रवार अहले सुबह अभिजीत प्लांट से महज कुछ ही दूरी पर स्थित बसार टोला ग्रामीण मार्ग की है। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस व चकला पिकेट के जवान मौके पर पहुंचकर मृतक के शव व दुर्घटनाग्रस्त लूना बाइक को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान शमीम शेख (25वर्ष) पिता अमीरुदीन शेख थाना होरियापाड़ा मुर्शिदाबाद बंगाल के रूप में की गई है। लेकिन मृतक व उनके परिजनों के द्वारा बताई जा रही आइडेंटिटी कितना सही है यह भी जांच का विषय है। मृतक के पिता अमरुद्दीन शेख ने बताया कि उनके साथ बेटा व कई रिश्तेदार बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदार मो. सद्दाम के यहां रहकर कबाड़ी खरीदने का काम करते हैं। शुक्रवार की अहले सुबह लगभग 3 बजे मृतक शमीम शेख स्क्रैप लेने की बात कह चकला आया था, जिसके बाद प्रशासन के द्वारा बताया गया कि उसकी मौत दुर्घटना में हो गयी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की तो मृतक की पहचान शमीम शेख के रूप में किया। इधर मामले में पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का है, लेकिन मृतक के लूना पर स्क्रैप लोड था, इसीलिए सभी बिंदुओं पर तहकीकात की जाएगी। वहीं कबाड़ी संचालक मो. सद्दाम से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नही हो पाया।

### गारू के रुद में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन


योजना का वितरण करते विधायक।

**गारू।** गारू प्रखंड के रुद पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रामचंद्र सिंह ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा विकास सभी की सहभागिता से संभव है,। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणो को जागरूक होने आवश्यकता है तभी सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ ले सकते है मुखिया अजय टोप्पो ने कहा कि गांव के विकास के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियो को गांव पर ध्यान देने की जरूरत है। कई गांवों मे आज भी पेयजल, सड्क बिजली की समस्या है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, बीडीओ शंभु राम, प्रमुख सीता देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार, पंचायत सेवक विनोद उरांव, मुखिया अजय टोप्पो बीपीओ मुकेश कुमार, बीस सुत्री अध्यक्ष कमरूउदीन खलीफा, कांग्रेस के प्रतिनिधि इफ़्तेखार अहमद, पेयजल एवं स्वच्छ्ता विभाग के जेई महेंद्र राम, विधुत जेई विकास महतो, पशु चिकित्सा पदाधिकारी अश्विनी यादव समेत कई अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 24वीं सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए कोडरमा कुश्ती टीम पहुंची रांची

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** 24वीं सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला कुश्ती प्रतियोगिता 22 से 24 दिसंबर तक गणपत राय इनडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित की गई है। जिसमें जिले से ट्रायल के आधार पर 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल पुरुष वर्ग के 45 किलो वजन भार में सूरज कुमार, 51 किलो वजन भार में आनंद कुमार एवं मिथुन कुमार, 57 किलो वजन भार में जैकी कुमार, 61 किलो वजन भार में राहुल कुमार, 65 किलो वजन भार में प्रभु कुमार साव, 70 किलो वजन भार में नीतीश कुमार, 74 किलो वजन भार में मोहित कुमार मोदी हिस्सा ले रहे हैं।

# राहुल के फोन के बाद आइएनडीआइए में नीतीश को लेकर हलचल !

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** आइएनडीआइए गठबंधन की चौथी बैठक के बाद सियासी गलियारे में चर्चा है कि नीतीश कुमार नाराज हैं। जेडीयू के नेता इस बात को एक तरफ खारिज कर रहे हैं तो दूसरी ओर बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खरगे का नाम पीएम पद के लिए आगे करके नीतीश कुमार को झटका दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को राहुल गांधी ने सीएम नीतीश कुमार को फोन किया। बैठक में हुए फैसलों पर कुछ बातचीत की। सूत्रों के अनुसार यह मनाने का प्रयास था। इधर शुक्रवार (22 दिसंबर) को तेजस्वी यादव झट से मुख्यमंत्री से मिलने पहुंच गए। कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद से नीतीश कुमार को लेकर हलचल तेज है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार से करीब आधे घंटे तक मुलाकात की है। आज तेजस्वी और लालू को ईडी के सामने दिल्ली में पेश होना था, लेकिन दोनों ही नेता पटना में हैं।

तेजस्वी से हुई मुलाकात को औपचारिक मुलाकात बताया जा रहा है। दरअसल इंडिया गठबंधन की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई है कि तीन सप्ताह में सीटों को लेकर बात हो जाए। तो हो सकता है नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव में सीटों पर भी कुछ बात हुई हो। इसके अलावा बिहार में मंत्रिमंडल के विस्तार की खबर कई दिनों से चल रही है. इस पर भी नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की बातचीत होने की चर्चा है।

वहीं नीतीश और राहुल गांधी की फोन पर हुई बात को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत जोड़ो यात्रा से लेकर सीट शेयरिंग पर चर्चा हुई है। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार पर बात होने का भी दावा किया जा रहा है। बता दें कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। हालांकि अभी तक सीटों को लेकर फैसला नहीं हो सका है। इंडिया गठबंधन की चार बैठकें हो चुकी हैं। बैठक में ना तो संयोजक के नाम पर मुहर लगी और ना ही पीएम उम्मीदवार के चेहरे पर।

## हाथों में लेकर चले निशान, श्याम बाबा पथ स्थित श्याम बाबा के दरबार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री श्याम महिला मंडल एवं श्याम प्रेमी के द्वारा शुक्रवार को निशान यात्रा सह कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 8 बजे झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा स्टेशन रोड होते हुए अड्डी बंगला श्याम बाबा पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर निशान यात्रा में शामिल महिलाएं भजन प्रस्तुत करते हुए चल रही थी, जिसमें हाथों में लेकर चले निशान, श्याम बाबा पथ स्थित श्याम बाबा के धाम., कल रात सपने में आये मुरली वाले., दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी मेरे से., बाजरा की रोटी खा ले श्याम चूरमा ना भूल जाओ., जैसे भजन प्रस्तुत किये जा रहे थे।

एक नजर में

# गोड्डा में आइएनडीआइए गठबंधन की रैली




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज इंडिया गठबंधन में शामिल झामुमो, कांग्रेस, राजद, के कार्यकताओं ने अपने उच्च पार्टी पदाधिकारियों के निर्देश पर आज सड़क मार्च करते हुए रैली निकाली और शहीद स्तंभ पर रैली को सभा में परिवर्तित कर उपस्थित कार्यकताओं आती जाती जनता और प्रेस मीडिया समाचार संकलन करने वालों की उपस्थिति में केंद्र सरकार, बीजेपी, प्रधान मंत्री मोदी के खिलाफ जम कर नारे बाजी की गई। मुख्य मुद्दा लोक सभा में निष्कासित सांसदों के निलंबन को लेकर ये प्रतिक्रियामक रैली और सभा थी जिसमे झामुमो के राजेश मंडल सदस्य केंद्रीय समिति, झामुमो अध्यक्ष वासुदेव सोरेन, उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, जिला कॉन्ग्रेस अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव अपने कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों के साथ मौजूद थे। राजद की ओर से जिलाध्यक्ष गोड्डा सुरेश यादव, जाहिद अली के साथ अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित वक्ताओं में राजेश मंडल, दिनेश प्रसाद यादव, वासुदेव सोरेन आदि सभी वक्ताओं ने मुख्य रूप से एक मत हो कर मोदी सरकार और बीजेपी के साथ स्थानीय सांसद की भी हाय हाय और मुदार्बाद के साथ एनडीए एलायंस की आलोचना करते हुए कहा आगामी 2024के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उखाड़ फेंकने की बात की और 142 सांसदों को निलबित किए जाने पर आक्रोश प्रकट किया।

## केंद्र सरकार के खिलाफ इंडी महागठबंधन ने किया धरना प्रदर्शन

**दुमका।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह चौक पर इंडी महागठबंधन दलों ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें राजद, कांग्रेस, सीपीआई, माले और जदयू के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार के नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना पर बैठे नेताओं को संबोधित करते हुए झामुमो नेता अब्दुल सलाम अंसारी ने कहा कि अब जनता मोदी सरकार के जुमले को समझ गई है। पूरा देश लालू-नीतीश के गठबंधन के साथ है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता नरेंद्र मोदी को मौका नहीं देने वाली है। मौजूदा केंद्र सरकार पूरी तरह से तानाशाही हो चुकी है। केंद्र सरकार का विरोध करने वाले पार्टियों के नेताओं को ईडी और सीबीआई का सामना करना पड़ रहा है।

## क्रॉस कंट्री रेस एवं क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी और जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र, जिला खेलकूद संघ,जिला एथलीट संघ जिला वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिस के संयुक्त द्वारा शुक्रवार को 168 वां संताल परगना स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डीसी चौक दुमका से सृष्टि पहाड़ कुरवा तक रन फॉर कालाजार फ्री क्रॉस कंट्री रेस का आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाश भारद्वाज, अमित रविदास (प्रशिक्षु डीएसपी), किशोर कुमार (सार्जेंट), एवं प्रांजल ढाढा (प्रशिक्षु आईएएस) ने हरी झंडी दिखाकर रेस को रवाना किया। साथ ही रेस में शामिल सभी प्रतिभागियों को कलाजर मुक्त का शपथ भी दिलाया गया। क्रॉस कंट्री रेस में बालक वर्ग में प्रथम ब्रेंतीयस मरांडी, द्वितीय सुनील टुडू तृतीय राकेश मुर्मू ने स्थान हासिल किया, एवं बालिका वर्ग में प्रथम बिजुली हेंब्रम, द्वितीय सोहागिनी हांसदा तृतीय सुमिता हेंब्रम ने स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जोहार सभागार में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में सात विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिनमे से प्रथम सुरजुडीह स्कूल, द्वितीय फातिमा हाई स्कूल एवं तृतीय स्थान सैक्रेट हार्ट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अर्जित किए। कार्यकर्म में मुख्य रूप से डा. प्रमोदिनी हांसदा, उमाशंकर चौबे, डा. एएम सोरेन एसीएमओ दुमका,फादर जॉन फेलिक्स, ई. जे. सोरेन सिरिल सोरेन, सनातन मुर्मू, सुहागिनी मुर्मू उपस्थित थे। गैमलिएल हांसदा ने उपस्थित प्रतिभागियों को मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, गोंदली, जान्हें)के गुणों से अवगत कराते हुए सबों को मडुआ बीज वितरण किया।

## 13 वर्षों से विधवा पेंशन के लिए दर-दर भटक रही है जीरा कुंवर

**केतार।** प्रखण्ड मुख्यालय से 11 किमी दूर ग्राम छाताकुण्ड की 73 वर्षीय वृद्ध महिला लगभग 13 वर्षों से विधवा पेंशन के लिए दर-दर भटक रही है। ग्राम पंचायत एवं प्रखण्ड कार्यालय में 5 आवेदन देने के बावजूद महिला को कोई आश्वासन नहीं मिल पाया है। ग्राम छाताकुण्ड निवासी वृद्ध महिला जीरा कुवंर पति स्व.बिन्देशवरी सिह ने बताया कि लगभग सात वर्ष पूर्व उनके पति का निधन हो गया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विधवा पेंशन योजना का लाभ लेना चाहा। कई बार आवेदन देने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल पाया। वृद्ध महिला ने बताया की पूर्व मे हुए जनता दरबार में मामले को मुखिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा की अबकी बार आपका निश्चित हो जाएगा लेकिन कोई असर नहीं हुआ, आवेदन बार-बार निरस्त हो रहा है।

## श्रीनिवास रामानुजम की जयंती मनी

**कोडरमा।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडे ने पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच गणित मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य ने बताया गणित हमारे दैनिक जीवन का आवश्यक विाा है, इसके बिना हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में एक पल भी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। श्री रामानुजन की जो गणित विषय के प्रति योगदान है, उसे पूरी दुनिया युगों युगों तक याद करती रहेगी।

## चक्रधरपुर–राउरकेला के बीच दस घंटे ट्रेनों का परिचालन रहा ठप



क्षतिग्रस्त रेल पटरी की मरम्मत करते रेलकर्मी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के गोइलकेरा व पौसेता स्टेशन के बीच कारो नदी के पास प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने बम विस्फोट कर रेल पटरी उड़ा दी। जिस कारण हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग के चक्रधरपुर-राउरकेला के बीच करीब दस घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा।

इस दौरान कई ट्रेनें चक्रधरपुर, मनोहरपुर व राउरकेला स्टेशनों में पुरी रात खड़ी रही। नक्सली घटना के बाद रेल परिचालन बंद किये जाने से कड़ाके की ठंड में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों ने चक्रधरपुर स्टेशन में हंगामा भी मचाया। जिसके बाद शुक्रवार सुबह पौने नौ बजे के लगभग ट्रेनों का परिचालन बहाल हुआ। चक्रधरपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से सबसे पहले हावड़ा पुणे दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया गया।

यह ट्रेन गुरूवार रात 11:50 से चक्रधरपुर स्टेशन में फंसी थी। सुरक्षा कारणों से साढ़े आठ घंटे इस ट्रेन को चक्रधरपुर स्टेशन में रोक कर रखा गया था। इस बीच रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल में चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को बड़ी संख्या में रद्द कर दिया है। ज्यादातर ट्रेनें टाटा से राउरकेला के बीच चलने वाली ट्रेन है। इन ट्रेनों के रद्द कर दिए जाने से रेल यात्री स्टेशन में परेशान रहे। वहीं टिकट काउंटर में भी यात्रियों की भीड़ लगी रही। अधिकारी परेशान हैं। आज रात में भी ट्रेनों का परिचालन रेलवे के लिए चुनौती बनी है।

### बम विस्फोट कर रेल पटरी उड़ायी, नक्सल इलाकों में रातभर खड़ी रही ट्रेनें

**22 दिसंबर को खुलने वाली ये ट्रेनें की गयी रद्द:** ट्रेन संख्या08167/08168 राउरकेला झारसुगुड़ा राउरकेला
ट्रेन संख्या 08163/18164 चक्रधरपुर राउरकेला चक्रधरपुर मेमू पैसेंजर
ट्रेन संख्या 08145/08146 राउरकेला टाटा राउरकेला पैसेंजर
ट्रेन संख्या 08147/08148 टाटा बादामपहाड़ टाटा पैसेंजर
ट्रेन संख्या 08109 टाटा इतवारी एक्सप्रेस
ट्रेन संख्या 18175/18176 झारसुगुड़ा हटिया झारसुगुडा
ट्रेन संख्या 08121/08122 बिरमित्रपुर बरसूआं बिरमित्रपुर पैसेंजर
ट्रेन संख्या 08174 टाटा आसनसोल पैसेंजर
ट्रेन संख्या 08055 टाटा खड़गपुर पैसेंजर
ट्रेन संख्या 08697 झाड़ग्राम पुरुलिया पैसेंजर

## पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है : मुकेश

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित किंडर गार्टन स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मुकेश पांडेय ने विाित किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को सम्बोाित करते हुए कहा कि पढाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है, इसके नियमित अभ्यास से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। प्रतियोगिता में 200, 300 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कब्बडी, सुई धागा दौड़ के अलावे चेयर रेस, चित्रकला, क्विज, फ्रॉग रेस, बिस्कुट रेस आदि प्रतियोगिताए आयोजित किया गया। मौके पर किरण कुमारी, संगीता कुमारी, नन्दू मिस्त्री आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों, आजीविका सखी मंडल की सदस्या, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों, गन्मान्यों, शिक्षाविदों आदि को संबोधित करते हुए बी डी ओ आलोक वरन केसरी ने कहा इस कार्यक्रम के तहत आगामी वर्ष 2047 तक देश को पूर्ण विकसित बनाने की योजना चल रही है। पी एम श्रम सम्मान योजना,पी एम सम्मन निधि,पी एम उज्जवला योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिया।कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसार नैनो यूरिया,नैनो डी ए पी उर्वरक का उपयोग करें तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी।और ऐसे बाजार के समान उर्वरक के उपयोग करने से खेतों की उर्वरा शक्ति दिनों दिन कमजोर होती जा रही है।बताया कि सभी ग्रामीण,किसान,मजदूर अपने खेतों की मिट्टी की जांच करावे और जांच रिपोर्ट के आधार पर ही खेती करें। सखी मंडल की बैंक सखी रानी कुमारी और मीना देवी, ब्यूटी देवी आदि ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने बारे में बताई की आजीविका सखी मंडल से जुड़ने के बाद वे काफी लाभान्वित हुई है।आज वे अच्छे ढंग से परिवार का भरण पोषण कर पा रही हैं।

बच्चों को अच्छे ढंग से पढ़ा लिखा रही है। कई सखी मंडल की सदस्या ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी ग्रामीणों को जैविक खेती करने, आत्मनिर्भर होने के लिए जानकारी दिया। बेहतर कार्य करने वाली सखी मंडल की कई सदस्या को बी डी ओ आलोक वरण केसरी,मुखिया गीता देवी, मनोज कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल यादव आदि ने मिलकर पुरस्कृत किया। कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों द्वारा ड्रोन मशीन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव कर दिखाया गया।करीब 125 से अधिक ग्रामीणों का होमोग्लोबिन, शुगर, टी वी, स्क्रीनिंग के आलावे अन्य प्रकार कभी जांच किया गया। कार्यक्रम में जे एस एल पी एस के शमीम अख्तर,अंजू देवी,मीना देवी, शिववचन शाह, विनोद यादव सहित बनियाडीह और पंजराडीह पंचायत के विभिन्न गांव के सैकड़ो ग्रामीण, किसान, मजदूर, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल थे।

## डायन कहकर प्रताड़ित करने का आरोप

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डूमरडीहा निवासी राजू साव की पत्नी ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। वहीं दिये गये आवेदन में बताया है कि अपने देवर सिकंदर साव एवं उसकी पत्नी के द्वारा हमेशा मुझे डायन कहकर प्रताड़ित करते आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि तुम डायन हो तंत्र मंत्र से तुम हमलोगों को बच्चा नहीं होने दे रहे हो। वहीं 21 दिसम्बर की सुबह उक्त दोनों लोगो ने मुझे डायन कहकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर मुझे बेहोश कर वहां से भाग निकले।

# सांसदों के निलंबन पर इंडिया महागठबंधन ने चाईबासा में किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा।** केन्द्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर करारा हमला किया है। संसद के दोनों सदनों से आश्चर्यजनक रूप से 142 विपक्षी दल के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। प०सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में सदर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष इंडिया ₹इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायन्स₹ के सहयोगी दलों के साथ मिलकर केन्द्र की तानाशाही मोदी सरकार द्वारा 142 सांसदों की निलंबन एवं लोकतंत्र को बेहरमी से खत्म करने के खिलाफ सामुहिक केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। `धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष के सवालों से बचने के लिए सांसदों को सदन से बाहर किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी सांसद को सदन के अंदर सरकार से सवाल करने का पूरा अधिकार है पर भाजपा इस अधिकार का हनन कर रही है जो बहुत ही चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन आज देशभर में इस तानाशाही के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रही है, जिससे देश के लोगों को भी भाजपा के असली चहरे को जान सकें। श्री कोड़ा ने आगे कहा कि देश मे इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ भाजपा की जनविरोधी नीतियों व तानाशाही के खिलाफ एकजुट है। भाजपा के कुशासन से लोग परेशान हो गए है। धरना प्रदर्शन का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा और धन्यवाद ज्ञापन जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय ने किया। धरना प्रदर्शन को कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, राजद जिलाध्यक्ष आफताब आलम, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीतिमा बारी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष इकबाल अहमद, राहुल आदित्य, कांग्रेस जिला महासचिव राजकुमार रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, सेवादल मुख्य संगठक लक्ष्मण हांसदा, झामुमो छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष सनातन पिंगुआ, उपाध्यक्ष मनजीत हांसदा ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में पूर्व जिप अध्यक्ष अनिता सुम्बरुई, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रंजीत यादव, जिला महासचिव मासुम रजा, झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष कैसर परवेज, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार , प्रखंड अध्यक्ष सिकुर गोप, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेश सावैयां, वरिष्ठ कांग्रेसी घनश्याम गागराई, जंग बहादुर, राजेन्द्र कच्छप, राम सिंह सावैयां, अविनाश कोड़ाह, रुप सिंह बारी, अशोक रजक, राकेश सिंह, मथुरा चंपिया, हरीश चंद्र बोदरा, जितेन्द्र बारी, वसीम अकरम, सुरसेन टोपनो, अनिल शर्मा, रवि कुमार, सिंघराय गोप, जगदीश सामड, लखन तापेए, महीप कुदादा, मो.सुल्तान, सुशील दास, झामुमो नेता विश्वनाथ बाड़ा, तुरम बिरुली सहित काफी संख्या में इंडिया महागठबंधन दल के लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### दो साल में ताकतवर...

**युवाओं को हुनरमंद बना रहे हैं :** उन्होंने कहा कि आज मशीनी युग है। फैक्ट्री में में इंसान की जगह मशीनें लेती जा रही है। ऐसे में युवाओं को हुनरमंद होना अति आवश्यक है ए वरना वे काफी पीछे छूट जायेंगे। इसी वजह से अब प्रखंड स्तर पर युवाओं को स्किल डेवलपमेंट का ट्रेनिंग दे रहे हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस जमाने में समर्थ रहें। दसवीं से 12वीं के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दे रहे हैं, ताकि वे इंजीनियर, डॉक्टर, लॉयर, जर्नलिस्ट और अफसर बन सके। विद्यार्थी आर्थिक कठिनाई की वजह से अपनी पढ़ाई को ना छोड़े, इसका भी ख्याल है। झारखंड ग्रामीण परिवेश वाला राज्य है। यही वजह है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। **हकीकत का ले रहा हूं जायजा :** सीएम ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत यह 20वां शिविर है। इसमें स्वयं शामिल हो रहा हूं। मैं इन शिविरों में आकर यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि सरकार की योजनाओं की क्या प्रगति है। हमारी कोशिश है कि सरकार की योजनाएं हकीकत में धरातल पर उतरे। उन्होंने कहा कि दुमका में एविएशन ट्रेनिंग सेंटर खोलने का काम अंतिम चरण में है। इसके शुरू होने से यहां के युवक युवतियों को कमर्शियल पायलट, ग्राउंड इंजीनियर और एयर होस्टेस का प्रशिक्षण मिलेगा। उनकी सरकार ने एविएशन के क्षेत्र में झारखंड के नौजवानों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### रेल ट्रैक को बम...

रेलवे को नुकसान पहुंचाने की घटना के बाद झारखंड में एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार को धीमा कर रेलवे रूट की निगरानी बढ़ा दी गयी है। विस्फोट की वजह से हटिया से हावड़ा जाने वाली दो ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। **कई ट्रेनें रद्द :** पटरी उड़ाने की वजह से कई ट्रेनों को कैंसिल भी किया गया है। इनमें ज्यादातर ट्रेनें टाटा से राउरकेला के बीच चलने वाली ट्रेन हैं। नक्सली हमले की आशंका से कई ट्रेनें तो नक्सल प्रभावित इलाकों में रात भर खड़ी रहीं। पटरी क्षतिग्रस्त होने से दस घंटे तक ट्रेनों का परिचालन ठप्प रहा। हावड़ा-मुंबई रेलखंड भी बाधित रहा। सुरक्षा कारणों से ट्रेनों को करीब आठ घंटे तक चक्रधरपुर स्टेशन में रोक कर रखा गया था। **माओवादी मना रहे प्रतिरोध सप्ताह :** गौरतलब हो कि भाकपा माओवादी संगठन 16 से 22 दिसंबर तक प्रतिरोध सप्ताह मना रहा है। 22 को भारत बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों के खिलाफ चल रहे पुलिस अभियान के खिलाफ बंद बुलाया गया है। इसी के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया है। ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-कुर्ला अप एक्सप्रेस ट्रेन को महादेवशाल स्टेशन पर रोका गया, बाद में ट्रेन को गोइलकेरा रेलवे स्टेशन पर लाकर खड़ा कर दिया गया। नक्सलियों ने डेरंवा स्टेशन के पास अप लाइन पर बैनर लगा दिया। बैनर टाटा-इतवारी पैसेंजर ट्रेन के इंजन में फंसकर आगे भी निकल गया और इसकी जानकारी किसी को नहीं चली।

### बिहार में भी दो मिले...

**केरल से सबसे अधिक मरीज :** केरल में कोरोना से सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के अबतक 265 नए मामले सामने आये। वहीं, एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गयी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश भर में कोविड-19 के कुल 328 मामले सामने आये है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि संक्रमण के मामलों से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। **ये लक्षण दिखे तो हो सतर्क रहें :** डाक्टरों के अनुसार बुखार के साथ गले में खराश हो तो सावधान हो जाएं और जल्द से जल्द किसी चिकित्सक से सलाह लें। इसके अलावा थकान, नाक बहना, सिर दर्द, खांसी, कंजेशन जैसे लक्षण दिखाई दे तो इसे अनदेखा न करें. तुरंत अपने चिकित्सक की सलाह लें।

### दिल के दौरे में...

**कोरोना के बाद मामले बढ़े :** कोरोना के बाद नाचते- गाते, व्यायाम करते अचानक ही डेथ के मामले बढ़ रहे हैं। डा नारायण ने सि संबंध में कहा कि इस पर दुनिया भर में कोई स्टडी नहीं हुई है। इस लिए यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि कोरोना महामारी की वजह से ऐसा हो रहा है। **ये लक्षण दिखे तो शीघ्र डॉक्टर्स से संपर्क करें :** डॉ हेमंत नारायण ने कहा कि दिल की बीमारियां ज्यादातर मामलों में अचानक नहीं होती। सीने में दर्द, सांस फूलना, जल्दी थक जाना, चक्कर आना/मूर्छित हो जाना, सीने में जलन, धड़कन तेज होना जैसे कई लक्षण हमें अलर्ट करते हैं। अगर ऐसे लक्षण दिखे, तो बिना देर किये डाक्टर से संपर्क करें। इससे पहले साइंटिफिक सत्र के पहले दिन के सेशन में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नीरज प्रसाद, डॉ दीपक गुप्ता, कोलकाता से आये डॉ एस पॉल चौधरी, डॉ नरसिम्हन, कोलकाता के डॉ मृणाल कांति दास, डॉ कुणाल सरकार, डॉ आशीष सप्रे और वर्चुअल माध्यम से अमेरिका से डॉ प्रणव सिन्हा और डॉ मिथिलेश दास ने अलग अलग विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

# गीता में हैं विश्व की सभी समस्याओं का समाधान : शाह

**संत सम्मेलन**

**कहा- कुरूक्षेत्र की धरती पर पांच हजार साल पहले भगवान कृष्ण ने गीता का उपदेश देकर समूची मानवता को दिखायी थी नयी राह**



एजेंसी

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें विश्व की सभी समस्याओं का समाधान है। गीता का अनुसरण करके कई बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि कुरूक्षेत्र की पावन धरती पर पांच हजार साल पहले भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए गीता का उपदेश देकर समूची मानवता को नई राह दिखाई थी। अगर हम गीता का ज्ञान फैलाने में सफल रहें तो कभी युद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में यहां आकर गीता का प्रचार विश्व स्तर पर करने का संदेश दिया था। जिसका अनुसरण करते हुए हरियाणा की मनोहर सरकार और स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज आज कई देशों में गीता जयंती का भव्य आयोजन करवा चुके हैं और यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा की मान्यताएं संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र व हरियाणा की सरकारों ने गीता के उपदेश का अनुसरण करते हुए न केवल शासन को संचालित किया है बल्कि आमजन में भी आपसी भाईचारे को मजबूत किया है। केंद्र सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बनाया है। हरियाणा सरकार ने भी केंद्र की योजनाओं को सबसे पहले लागू कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का कुरूक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि कई हजार साल पहले दिया गया गीता का संदेश आज भी शाश्वत है। वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश में कुछ चुनौतियां थीं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की रियासतों को मिलाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण, धारा 370 जैसे मुद्दे रहते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने उनका आसानी से समाधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र की सरकार ने जिस भावना के साथ काम किया है, उससे प्रधानमंत्री मोदी तथा गृहमंत्री शाह को अगर आधुनिक भारत का लौह पुरूष कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस तहत के फैसले केंद्र सरकार ने लिए हैं, उनसे देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव भी बढ़ा है। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, योग गुरू आचार्य रामदेव के अलावा कई संत महात्मा मौजूद थे।

# मिट्टी की उर्वरा क्षमता को नैसर्गिक तरीके से बढ़ाएं

## देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है कृषि : अर्जुन मुंडा



**प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में काफी बदलाव हुआ**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम सब अपनी मिट्टी से जुड़े रहें और मिट्टी की उर्वरा क्षमता को नैसर्गिक तरीके से बढ़ाएं। मेक इन इंडिया दृष्टिकोण से प्राकृतिक उत्पादों के प्रति सभी को संवेदनशील होना चाहिए।

मुंडा ने शुक्रवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि परिदृश्य में काफी सकारात्मक बदलाव हुआ है, जिसमें किसानों व वैज्ञानिकों का अहम योगदान है। यह देश किसानों का देश है, हमारे किसान देश की शान हैं। किसानों की लंबे कालखंड में उपेक्षा हुई लेकिन मोदी सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुंडा ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आज भारत अनेक कृषि उत्पादों में नंबर वन है। इन्हें उपजाने वाले हमारे कृषक खुशहाल होंगे, तो देश खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि विकास एवं किसानों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं प्रारंभ की गई है। निःसंदेह हमारा कृषि क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहा है लेकिन सबको मिल-जुलकर आगे और भी प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया है कि खोज भी हो, शोध भी हो और आत्मनिर्भरता भी हो, जिसका उद्देश्य यही है कि हर किसान परिवार खुश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार ही है जिसने खेती-किसानी करने वाले व मत्स्य पालन एवं पशु पालन करने वाले प्रगतिशील लोगों को पद्मश्री से नवाजा है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।



## प्रधानमंत्री मोदी से मिले मप्र के सीएम

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के साथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई दिल्ली में आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर मध्य प्रदेश के विकास, प्रगति एवं जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# ललित झा की पुलिस हिरासत 14 दिन बढ़ी

**संसद सुरक्षा में सेंध मामला**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा में सेंध लगाने के कथित मास्टरमाइंड ललित झा की पुलिस हिरासत शुक्रवार को चौदह दिनों (05 जनवरी तक) के लिए बढ़ा दी। ललित को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) हरदीप कौर के समक्ष पेश किया गया क्योंकि उसकी सात दिन की प्रारंभिक पुलिस हिरासत समाप्त हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कौर ने दिल्ली पुलिस की ओर से दी गयी दलीलें सुनने के बाद मुख्य आरोपी की चौदह दिन की पुलिस हिरासत बढ़ा दी। मास्टमाइंड ललित अब 05 जनवरी तक पुलिस की हिरासत में रहेगा।

दिल्ली पुलिस के सरकारी वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि वह घटना का मास्टरमाइंड है और मामले में सबूत नष्ट करने और साजिश रचने का भी आरोपी है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है और इसके लिए 14 दिन की पुलिस हिरासत की मांग की थी, क्योंकि यूएपीए अधिकतम तीस दिन की अवधि की अनुमति देता है, इसके तहत जांच एजेंसी किसी आरोपी की हिरासत मांग सकती है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों को उसी दिन फिर से अदालत में पेश किया जा सके। अदालत को बताया गया कि जांच एक महत्वपूर्ण चरण में है और आरोपी व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर ले जाने की आवश्यकता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके पीछे कौन लोग हैं।

## छत्तीसगढ़ में नौ मंत्रियों ने ली शपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दस दिन पुराने विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार हुआ और नौ नए मंत्री शामिल किए गए। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन दोपहर राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, ओ.पी.चौधरी, टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन एवं लक्ष्मी राजवाड़े को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। शपथ ग्रहण के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डा.चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दोनो दलों के वरिष्ठ नेता एवं विधायक, राज्य सरकार के आला अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। शपथ लेने वालों में अग्रवाल, नेताम, बघेल एवं कश्यप भाजपा की रमन सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पूर्व आईएएस ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन एवं लक्ष्मी राजवाडे पहली बार मंत्री बनी हैं, जायसवाल दूसरी बार विधायक बने हैं।

# अयोध्या में 30 को होगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का 'ग्रैंड रिहर्सल'

**प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में 30 दिसंबर को एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सज्जा का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जायेगा**



एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह बाद है। राज्य की योगी सरकार 22 जनवरी को होने वाले विशाल आयोजन का 'ग्रैंड रिहर्सल' कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सज्जा का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी के लिए तैयारी है। योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग- राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज-सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज-वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाई-वे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुलतानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं।

# फिल्म मर्दानी 3 में काम करेंगी रानी मुखर्जी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती है। रानी मुखर्जी की फिल्म मदार्नी वर्ष 2014 में प्रदर्शित हुयी। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मदार्नी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मदार्नी 2 बनायी गयी। चर्चा है कि अब मदार्नी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मदार्नी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे। तभी हम मर्दानी 3 बना सकते हैं। इसे सिर्फ इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि, यह रोमांचक लगता है। मुखर्जी ने बताया कि मर्दानी फ्रेंचाइज की फिल्म केवल दर्शकों के प्यार की वजह से आगे बढ़ रही है, क्योंकि महिला प्रधान फ्रेंचाइज फिल्म का चलना बहुत कठिन होता है। इसे आगे बढ़ाने के लिए दर्शकों का प्यार चाहिए। जहां तक मर्दानी 3 की बात है, तो मैं खुद वापस आना चाहती हूं। हर फिल्म को एक अच्छी कहानी की तलाश होती है। मर्दानी 3 फिल्म भी ऐसी है, जिसे बनाया जाना चाहिए। लेकिन बिना अच्छी स्क्रिप्ट के इसका तीसरा पार्ट बनाने का कोई मतलब नहीं है। ऐसे में हम अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं। हमें अच्छी स्क्रिप्ट मिलेगी, हम मर्दानी 3 पर तुरंत काम शुरू कर देंगे। फ्रेंचाइज फिल्म हो या फिर दूसरी कोई नई फिल्म, हर फिल्म में आपका नाम जुड़ा होता है, आप उसमें होते हैं, तो आपसे दर्शकों की एक उम्मीद जुड़ जाती है। उन उम्मीदों पर आपको खरा उतरना होता है। कलाकार की जिम्मेदारी हर फिल्म की ओर बनती है।

## फिल्म फाइटर का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर का दूसरा गाना इश्क जैसा कुछ रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के साथ अनिल कपूर अहम किरदार में हैं। फाइटर का दूसरा गाना इश्क जैसा कुछ रिलीज हो गया है। इस गाने में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण का हॉट केमेस्ट्री नजर आ रही है। इश्क जैसा कुछ गाने को विशाल, शेखर, शिल्पा राव और मेलो डी ने गाया है। वहीं, इसका म्यूजिक विशाल और शेखर की जोड़ी ने ही कंपोज किया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन

**नयी दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति ने नयी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत आने की पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि रणनीतिक साझीदार के रूप में, भारत और फ्रांस कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उच्च स्तर की समानता साझा करते हैं। इस वर्ष, हम भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री 14 जुलाई 2023 को पेरिस में आयोजित बैस्टिल-डे परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

**एक नजर में**

## इजराइली सैनिक की आइफोन ने बचाई जान



**यरूशलम।** गाजा में हमास के खिलाफ लड़ रहे एक इजराइली सैनिक की जान आईफोन ने बचा दी है। जानकारी के अनुसार इजराइल-हमास युद्ध के दौरान इजराइली सैनिक को लगी गोली आईफोन पर जाकर लग गई। फोन ने गोली की रफ्तार को पूरी तरह रोक दिया, जिसकी वजह से सैनिक की जान बच गई। इजराइल के प्रधानमंत्री को इस घटना की जानकारी दी गई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू घायल सैनिकों से मिलने अस्पताल भी पहुंचे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दावा किया जा रहा कि आईफोन की वजह से सैनिक की जान बच गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि आईफोन रग्ड केस के साथ दिख रहा है, फोन पर गोली के निशान दिख रहे हैं। इस फोन को बेंजामिन नेतन्याहू को भी दिखाया गया। एप्पल इस बात का दावा करता है कि आईफोन वाटरप्रूफ है लेकिन क्या यह बुलेटप्रूफ इसका जवाब अभी तक कंपनी ने भी आधिकारिक तौर पर नहीं दिया है। जून 2022 में आईफोन ने रूस के खिलाफ लड़ रहे एक यूक्रेनी सैनिक की भी जान बचाई थी।

## गाजा में 23 लाख लोग भुखमरी से जूझ रहे

**यरुशलम।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना और हमास के बीच जारी भीषण लड़ाई के बीच संयुक्त राष्ट्र की आई रिपोर्ट युद्ध की भयावता के साथ डराने वाली है। इजराइली विमानों द्वारा गुरुवार को किए भीषण हमले व बमबारी में कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। अमेरिका, यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्धविराम का दबाव बना रहे हैं। युद्ध की वजह से अब तक 20 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र समर्थित निकाय ने गुरुवार को एक रिपोर्ट साझा की है। रिपोर्ट के अनुसार गाजा में 2.3 मिलियन यानी 23 लाख लोग भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। वहीं, युद्ध की वजह से गाजावासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अकाल का खतरा हर दिन बढ़ रहा है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण की एक रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में लोग दो-जून की रोटी के लिए मशक्कत कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले मिस्र की ओर से गाजा वासियों के लिए भोजन, पानी और दवाएं भेजी गई थी। हालांकि, यह मदद ऊंच के मुंह में जीरे जैसी है। रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में मौजूद दस प्रतिशत लोगों को ही इस मदद से लाभ मिलने वाला है।

## संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली । दिल्ली** की एक अदालत ने कथित शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सुनाया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 12 दिसंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सिंह का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने पहले तर्क दिया था कि ईडी ने सिंह की गिरफ्तारी से पहले उनसे पूछताछ नहीं की थी। उन्होंने आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास का भी हवाला दिया था। ईडी ने जांच का हवाला देते हुए जमानत याचिका का विरोध किया और चिंता व्यक्त की थी कि सिंह की रिहाई जांच में बाधा डाल सकती है, सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकती है और गवाहों को प्रभावित कर सकती है। गुरुवार को अदालत ने मामले में आप नेता की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी और ईडी को अपने पांचवें पूरक आरोप पत्र और संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उन्हें उपलब्ध कराने को कहा। अदालत ने 19 दिसंबर को आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था और गुरुवार के लिए सिंह का प्रोडक्शन वारंट जारी किया था।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

J.J.A.- Registration No.-202300157557
JHARKHADN JOURNALIST ASSOCIATION
Kshori Yadav Chowk, Ratu Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Contact No.- 7631138020, 9472752955(W)
E-Mail : bsps.jja@gmail.com
(प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व वेब मीडिया का राष्ट्रीय संगठन)
सार्वजनिक सूचना

झारखंड के समस्त जिलों में उनके लिए, जो इससे सम्बद्ध हो सकते हैं, को सूचित किया जाता है कि झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (JJA) के नाम पर झारखंड में एक मात्र निबंधित संगठन है, जिसकी निबंधन संख्या 202300157557 एवं Documents No: 2023 / RANU2 / 2748 / BK4 / 176 है।

संगठन के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष श्री संपूर्णानंद भारती, प्रदेश महासचिव श्री अभय लाभ एवं प्रदेश संगठन सचिव श्री मनोज स्वर्णकार हैं। JJA के नाम का उपयोग अन्य पत्रकार संगठन द्वारा करने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

संगठन विरोधी गतिविधियों को देखते हुए चतरा, पलामू, गढ़वा एवं धनबाद जिला इकाई को भंग किया गया है। उपरोक्त जिलों में JJA जिला इकाई का गठन शीघ्र किया जायेगा।

संदीप बर्नवाल
प्रदेश प्रवक्ता
झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (JJA)

# आपकी डाक सुविधाओं को भी उपभोक्ता कानून का संरक्षण

**श्रीगोपाल नारसन**




यदि डाक विभाग की किसी सेवा में कोई विलंब, कमी या चूक पायी जाये अथवा सामान खराब हो जाये तो प्रभावित व्यक्ति उपभोक्ता आयोग का द्वार खटखटा सकता है। यानी राहत मांग सकता है। यदि डाक विभाग की किसी सेवा में कोई विलंब, कमी या चूक पायी जाये अथवा सामान खराब हो जाये तो प्रभावित व्यक्ति उपभोक्ता आयोग का द्वार खटखटा सकता है। यानी राहत मांग सकता है। डाक विभाग की सेवाएं भी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के दायरे में आती हैं। उपभोक्ता की डाक का समय से गन्तव्य तक न पहुंचना, बचत या सावधि खाते में किसी अनियमितता का होना या फिर अन्य कोई निर्धारित मूल्य अदा करके ली गई सेवा में कोई कमी या लापरवाही पाया जाना आदि मामलों में प्रभावित उपभोक्ता न्याय के लिए उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटा सकता है। अगर किसी ने स्पीड पोस्ट से या फिर पंजीकृत डाक से कोई पत्र या कागजात भेजे हैं अथवा कोई पार्सल किया है और वह रास्ते में गुम हो जाता है या क्षतिग्रस्त हो जाता है या फिर देरी से पहुंचता है तो इसके लिए वाजिब राहत प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत उक्त सेवाएं लेने वाले को एक उपभोक्ता माना जाएगा।

## सेवा के लिए शुल्क भुगतान

भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 की धारा 6 के आधार पर भी डाक विभाग अपने दायित्व से बच नहीं सकता। उपभोक्ता राज्य आयोग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के विधिक निर्णयों के आधार पर, स्पीड पोस्ट के गन्तव्य तक पहुंचने में हुई 19 दिनों की देरी के लिए डाक विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। डॉ. रवि अग्रवाल बनाम स्पीड पोस्ट, राजस्थान यूनिवर्सिटी, 2019 में भी राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग द्वारा इसी तरह का विधिक सिद्धांत प्रतिपादित किया गया था। कोई व्यक्ति जिसने स्पीड पोस्ट भेजी है, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत इसलिए आता है क्योंकि उसने इसके लिए शुल्क का भुगतान किया था।

## स्पीड पोस्ट में देरी को लेकर जवाब

एक उपभोक्ता ने एमएससी में अपने प्रवेश के लिए आवेदन पत्र दिनांक 22 जून, 2012 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से, जेएनयू, दिल्ली से भेजा था,उक्त पोस्ट को 27 जून, 2012 तक यूक्रेन तक पहुंचना था। डाक विभाग की लापरवाही के कारण, स्पीड पोस्ट पहुंचने में 19 दिनों की देरी हुई, और इसके परिणामस्वरूप, उसने उच्च पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर खो दिया। उसने देरी का कारण जानने की कोशिश की, लेकिन डाक विभाग ने कोई कारण नहीं बताया। इसके विपरीत, डाक विभाग ने तर्क दिया कि वह भारतीय डाकघर एक्ट की धारा 6 के आधार पर डाक द्वारा प्रसारण के दौरान किसी भी डाक वस्तु के नुकसान, देरी, क्षति या गलत वितरण के लिए किसी भी दायित्व से मुक्त है।

मामले और विवाद पर गौर करते हुए, राज्य आयोग ने एनसीडीआरसी द्वारा तय किए गए मामलों पर भरोसा किया, जिसमें राष्ट्रीय आयोग ने स्पष्ट रूप से माना था कि स्पीड पोस्ट एंटरप्राइजेज उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में निर्दिष्ट ग्राहक है और डाक विभाग अपने दायित्व से बच नहीं रहा है। पूर्वोक्त दस्तावेज और उदाहरणों पर पोर्टफोलियो के साथ, राज्य आयोग को जिला आयोग द्वारा जारी आदेश में कोई कमी नहीं मिली।

लापरवाही को लेकर शिकायत

इसी प्रकार के अन्य मामले में अभ्यर्थी ने डाक विभाग के कर्मियों के अलावा बेगूसराय के जिलाधिकारी से शिकायत की, जिलाधिकारी ने उक्त मामले में डाक विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है। बेगूसराय के बरौनी मिजार्पुर चांद निवासी मिथुन कुमार पोद्दार का आरोप है कि डाक विभाग की लापरवाही की वजह से उनकी एक साल की मेहनत बेकार हो गई। 19 मार्च 2023 को उन्हें यूको बैंक की तरफ से आयोजित सहायक की परीक्षा में शामिल होना था, जिसके लिए विभाग की तरफ से एक मार्च को ही एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया, लेकिन डाक विभाग के कर्मियों की लापरवाही की वजह से उन्हें इस परीक्षा का एडमिट कार्ड 5 अप्रैल को दिया गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष उपभोक्ता आयोग में उक्त बाबत शिकायत दर्ज करा सकता है।

## डॉक्यूमेंट फेंकने के मामले की जांच

इसी प्रकार सुल्तानपुर जिले में डाक विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में आधार कार्डों को आवंटित करने के बजाय कूड़े में फेंक दिया। मामले की जानकारी होने पर सहायक डाक अधीक्षक ने जांच कराने की बात कही है। बिहार के मधुबनी जिले से भी डाक विभाग की भारी लापरवाही के कारण कई आधार कार्ड नदीं में तैरते हुए मिले हैं। सभी आधार कार्ड आसपास के ग्रामीणों के हैं। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस की देखरेख में करीब 800 आधार कार्ड नदी से निकाले गए हैं।

## डाक टिकट जारी करने में लापरवाही

ऐसे ही मामले के तहत कानपुर क्षेत्र के प्रधान डाकघर ने अंतर्राष्ट्रीय डॉन छोटा राजन और यूपी के कुख्यात मुजरिम मुन्ना बजरंगी का डाक टिकट जारी कर दिया। यह टिकट ह्यमाइ स्टाम्पह्न स्कीम के तहत जारी किया गया। दोनों के नाम से जारी इन डाक टिकटों के पहले उनके बारे में कोई जानकारी नहीं जुटाई गई और न ही फोटो मैच किया गया। इसके लिए 600 रुपये की फीस भी ली गई है,जबकि पोस्ट मास्टर ने डाक टिकट जारी कराने के लिए व्यक्ति को खुद आना पड़ता है। वेबकैम के सामने फोटो खिंचवाई जाती है। इन मामलों में प्रभावित व्यक्ति या फिर कोई पंजीकृत संस्था उपभोक्ता आयोग जा सकती है और इस तरह की पुनरावृत्ति पर रोक लग सकती है।

लेखक उत्तराखंड राज्य उपभोक्ता आयोग केवरिष्ठ अधिवक्ता हैं।

# विकास की राह देखता झारखंड

**रानी राज**

झारखंड राज्य बने 23 वर्ष से अधिक हो गये, लेकिन आज भी वे सपने अधूरे हैं जो 'झारखण्ड अलग राज्य' आंदोलन के आधार बने थे । राज्य अलग बना लेकिन आज भी रोजगार हो या पढ़ाई , यहाँ के लोगों को राज्य से बाहर जाना पड़ता है । यहां पर रोजगार के अभाव के कारण लोगों का यहाँ से पलायन मजबूरी बन गया है। उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए बारहवीं के बाद बहुतायात में बच्चे दिल्ली , महाराष्ट्र या दक्षिण भारत के राज्यों में जा रहे हैं। पलायन का मुख्य कारण शिक्षा के क्षेत्र में विकास नहीं होना एवं राज्य में रोजगार सृजन का अभाव है। साथ ही झारखंड में मजदूरी दर कम है , जबकि औद्योगिक विकास वाले राज्यों में मजदूरी दर अधिक है। अगर साल में एक बार भी श्रमिक वहां चले जाते हैं तो उनके पास अच्छी बचत हो जाती है। देश में आंतरिक पलायन के अलावा झारखंड के श्रमिक अब सऊदी अरब, मलेशिया, तजाकिस्तान, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, नाइजीरिया, ईरान, कुवैत, दुबई, कजाकिस्तान आदि देशों में भी जा रहे हैं।

झारखंड से किए जाने वाले पलायन और दूसरे राज्यों में होने वाले पलायन में एक आधारभूत अंतर यह है कि यहां के युवक-युवतियां पलायन कर अपना भूख मिटाते हैं जबकि अन्य राज्यों से पलायन करने वाले श्रमिक अपने लिए और परिवार के लिये संसाधन जुटाते हैं। झारखंड में पलायन के माध्यम में मानव तस्करी और जॉब कंसल्टेंसी/प्लेसमेंट एजेंसी की भूमिका भी कई बार चर्चा का विषय भी बनता रहा है।झारखंड में इन तस्करी के शिकार लोगो में अधिकतर आदिवासी लड़कियां होती हैं। पलायन व मानव तस्करी विकास से जुड़े कई विरोधाभासी मुददों में से एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। न्यूज पेपरों के आकड़ो के अनुसार झारखंड में मानव तस्करी का शिकार होने वाली बच्चियों में 90 फीसदी आदिवासी हैं। महिलाएं पलायन हो रहे समुदाय में सबसे बड़ा हिस्सा हैं और वे लिंग आधारित हिंसा और घरेलू हिंसा का भी सबसे ज्यादा शिकार होती हैं। जलवायु परिवर्तन ने भी झारखंड से पलायन को प्रेरित किया है। वनों की कटाई और खेतों की घटती उत्पादकता ने यहाँ के निवासियों को दिहाड़ी मजदुर बनने को मजबूर किया है। लोग भूख की आग में आसानी से मानव तस्करी के चपेट में आ जा रहे हैं। मानव तस्करी का एक प्रमुख उद्देश्य महानगरों में इन आदिवासी लड़कियों से घरेलू काम करवाना होता है। जहाँ इनके साथ गुलामों जैसा व्यव्यहार किया जाता है।

झारखंड से पलायन और मानव तस्करी की समस्या कोई आर्थिक नहीं बल्कि आर्थिक - सामाजिक और प्रशासनिक समस्या है। रोजगार सृजन के साथ प्रशासनिक स्तर पर गहन जाँच और निगरानी ही मानव तस्करी को रोक सकती है।

कई बार तो आम लोग शिकायत तक नहीं कर पाते है और चुपचाप शोषण का शिकार हो जाते है। समाज को भी सशक्त एवं जागृत रहने की आवश्यकता है ताकि मानव तस्करी के एजेंट गावों में घुस न सके और न ही कोई बहला - फुसला कर उन्हें शहरों में ले जा सके। समाज को उस आदिम व्यवस्था को अपनाने की आवश्यकता है जिसमें सभी एक - दूसरे की सहायता कर खुशहाल रहते हैं।

# उत्तर प्रदेश बना पर्यटकों के लिये नबर वन स्टेट

## इस साल यात्रियों के बीच हैदराबाद सबसे लोकप्रिय शहर, राज्यों में उत्तर प्रदेश नंबर वन: ओयो

बुकिंग के लिहाज से आध्यात्मिक और तीर्थस्थलों में पुरी को टॉप स्थान मिला। इसके बाद अमृतसर, वाराणसी और हरिद्वार रहे।

इस साल यात्रियों के बीच हैदराबाद सबसे लोकप्रिय शहर और उसके बाद बेंगलूरु का स्थान रहा। प्रौद्योगिकी आधारित होटल कंपनी ओयो के ह्यट्रैवेलोपीडिया 2023ह्न में यह कहा गया है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा दौरा किया जाने वाला राज्य था। इस लिस्ट में दूसरा स्थान महाराष्ट्र का रहा।



## 30 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच हुई सबसे अधिक बुकिंग

ओयो ने एक बयान में कहा कि वार्षिक यात्रा रुझान सूचकांक ह्य ह्यट्रैवेलोपीडिया 2023ह्न के अनुसार साल के किसी भी सप्ताहांत की तुलना में 30 सितंबर से दो अक्टूबर के दौरान सबसे अधिक बुकिंग की गईं। बयान के मुताबिक, ह्नहैदराबाद भारत में सबसे अधिक बुक किए जाने वाले शहर के रूप में उभरा है। इसके बाद बेंगलूरु, दिल्ली और कोलकाता का स्थान है। दूसरी ओर गोरखपुर, दीघा, वारंगल और गुंटूर जैसे छोटे शहरों में सालाना आधार पर सबसे अधिक बुकिंग वृद्धि हुई।

## 2023 में छुट्टियां बिताने के लिए जयपुर नंबर वन

ओयो ने कहा कि 2023 में छुट्टियां बिताने के लिए लोकप्रिय स्थलों में जयपुर सबसे आगे रहा। उसके बाद गोवा, मैसूर और पुडुचेरी का स्थान था। बुकिंग के लिहाज से आध्यात्मिक और तीर्थस्थलों में पुरी को टॉप स्थान मिला। इसके बाद अमृतसर, वाराणसी और हरिद्वार रहे।

## बुकिंग के मामले में उत्तर प्रदेश नंबर वन

बयान में कहा गया कि देवघर, पलानी और गोवर्धन जैसे कम प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थलों में भी आगंतुकों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश इस साल सबसे अधिक बुक किया जाने वाला राज्य था। उसके बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश थे।

# गीता अवसाद से आनंद की यात्रा है - मधुसूदन मुकुंद दास




**गोस्सनर** महाविद्यालय के आइक्यूएसी और दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गीता जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी का विषय था भारतीय शिक्षा एवं संस्कृति के निर्माण में गीता की भूमिका ।कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत व विषय- प्रवेश दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप गुप्ता ने किया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित थे इस्कॉन राँची के जनरल मैनेजर मधुसूदन मुकुंद दास प्रभुजी ( बी.टेक , कंप्यूटर विज्ञान , एमबीए , आईआईटी कानपुर )।

अपने उद्बोधन में मधुसूदन दास प्रभु ने कहा कि भगवतगीता विश्वभर में भारत के आध्यात्मिक ज्ञान के मणि के रूप में ख्यात है । इसका संदेश भगवान कृष्ण और अर्जुन तक ही सीमित न होकर सम्पूर्ण मानवता के लिए है ।

आगे उन्होंने कहा कि भारत में प्रति तीन सेकेंड में एक लोग आत्महत्या की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं, वहीं प्रत्येक वर्ष आठ लाख लोग आत्महत्या कर रहे हैं । इसका मूलकारण चिंता , तनाव और डिप्रेशन है । भौतिकतावादी की अंधी दौड़ में पूरा विश्व शामिल है । हम सभी शरीर की तल में जीते हैं और वहीं मर जाते हैं । अपने मूल आत्म स्वरूप का विस्मरण सभी दुःख का कारण है ।गीता अवसाद से आनंद की यात्रा है । ।

कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक प्रो डॉ हाराधन कोईरी ने कहा कि भारतीय चिंतन परंपरा की पराकाष्ठा है गीता । इसमें किसी मत का आग्रह न होकर सम्पूर्ण जीव के कल्याण का आग्रह है ।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत गौरव ने की वहीं आभार ज्ञापन दर्शन शास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ विनोद राम ने किया ।

मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया , जिसमें गीता प्रश्नोत्तरी , निबंध ,भाषण आदि शामिल है । विजेता विद्यार्थियों को यथार्थ गीता की प्रति देकर सम्मानित भी किया गया ।

कार्यक्रम में कला संकायाध्यक्ष डॉ जयपाल कच्छप , डॉ ज्योति टोप्पो , डॉ एस के सेन गुप्ता , डॉ सुब्रतो सिन्हा , डॉ ध्रुपद चौधरी , डॉ अनीता रंजन , डॉ मीना सुरीन ,डॉ नीलम तिरु , डॉ अब्दुल बासित , डॉ सुप्रीति जाना , सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थी मौजूद थे ।

# डीपफेक2024 में भी तकनीक चुनौती का सामना करना होगा

**डॉ. संजय वर्मा**



**डीपफेक** तकनीक के गलत इस्तेमाल के चलते ऑनलाइन दुनिया में लोगों की सुरक्षा चिंताएं और बढ़ गयी हैं। हाल ही में कुछ अभिनेत्रियों के हूबहू असली जैसे लगने वाले नकली वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। किसी ओर के मूल वीडियो में चेहरा इन एक्ट्रेस का चस्पां था। दरअसल, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से किसी व्यक्ति की फर्जी (डीपफेक) इमेज या वीडियो बनाये जा सकते हैं। कंप्यूटर या फोन पर लोग किसी भी फोटो, ऑडियो या वीडियो को किसी और शख्स की फोटो-वीडियो आदि में बदल सकते हैं। हालांकि डीपफेक वीडियो की थोड़ी-बहुत पहचान पात्र के पलक न झपकने आदि से हो सकती है।

अपनी बहन शूर्पनखा के अपमान का बदला लेने के लिए रावण ने जो योजना बनाई, उसमें वन में श्रीराम-लक्ष्मण के साथ निवासित सीता का छल से हरण करना ही अहम था। मारीच को स्वर्ण-हिरण का रूप धरकर पहले तो श्रीराम को उसके पीछे कुटिया से निकालकर वन में जाने को प्रेरित किया। फिर छल से लक्ष्मण को भी वन में जाने को विवश कर दिया। लक्ष्मण ने एक रेखा खींचकर व्यवस्था कर दी थी ताकि सीता मैया की सुरक्षा पर कोई संकट न आए। लेकिन कौन जानता था कि रावण छलिया है। बहुरूपिया है। डीप फेक का उस्ताद है। वह साधु का वेश धरकर कुटिया पर आया। सीता नकली साधु वेश के पीछे छिपे रावण को पहचान न पायीं और लक्ष्मण-रेखा से पांव बाहर निकालते ही रावण उन्हें छल से हर ले गया। भारतीय जनमानस में रचे-बसे प्रभु श्रीराम-सीता के जीवन से जुड़े इस किस्से में रावण के छलिया वेश का प्रसंग इतना अहम है कि यदि आज इसे बतौर डीपफेक की शुरूआती पौराणिक घटना दर्ज किया जाए, तो शायद किसी को आपत्ति नहीं होगी।

पौराणिक आख्यानों में डीपफेक का उल्लेख एक तकनीकी प्रबंध के रूप में नहीं मिलता। किस्से-कहानियों में भी किसी दूसरे का रूपाकार धारण कर कोई छल या माया रचने वाली असंख्य घटनाओं का वर्णन मिलता है। लेकिन इनमें दूसरे का चेहरा या रूपाकार अपनाने को या तो बहुरूपिया कला से जोड़ा जाता था या फिर माया की सिद्धि से, जिसमें व्यक्ति किसी दूसरे इंसान का ही नहीं, बल्कि किसी जीव-जंतु का रूप भी धर सकता था। इधर ऐसा ही एक छल बॉलीवुड की कुछ चर्चित अभिनेत्रियों के ऐसे वीडियोज की शक्ल में सामने आया है, जिनमें किसी अन्य स्त्री के शरीर पर इन अभिनेत्रियों का चेहरा इतनी सफाई से चस्पां कर दिया गया कि मालूम नहीं होता कि उन वीडियो में भदेस या अश्लील किस्म की भाव-भंगिमाएं दिखाती महिला असल में कोई और है। इस किस्से की शुरूआत एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना से हुई। एक माह के अंदर ऐसे डीपफेक वीडियो अभिनेत्री आलिया भट्ट और काजोल के भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। मामला सिनेमाई हस्तियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे गरबा करते नजर आ रहे हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और फेसबुक (अब मेटा) के संस्थापकों में से एक मार्क जुकरबर्ग तक इस गोरखधंधे की चपेट में आ चुके हैं। अंदरूनी पड़ताल नहीं की जाए, तो ये वीडियो असली लगते थे।

### एआई का मसालेदार छौंक

रश्मिका मंदाना के हालिया वायरल डीपफेक वीडियो की असलियत की पड़ताल के दौरान यदि हमारे सामने किसी अन्य लड़की का असली वीडियो तुलना के लिए नहीं रखा जाए तो शायद ही कोई यकीन करे कि ये हरकतें रश्मिका ने नहीं, किसी और ने की हैं। दोनों वीडियो साथ में चलाने पर पता चलता है कि अनाम लड़की के वीडियो में रश्मिका का चेहरा बेहद सटीकता से चिपकाया गया है। ऑडियो भी डीपफेक बन सकते हैं। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) ने किसी भी व्यक्ति की फर्जी (डीपफेक) इमेज या वीडियो बनाना बायें हाथ का खेल कर दिया है। सिद्धहस्त लोग किसी भी फोटो, ऑडियो या वीडियो को डीपफेक में किसी और शख्स की फोटो-वीडियो आदि में बदल सकते हैं। कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर ऐसी तस्वीरें और वीडियो गढ़े जा सकते हैं, जहां असली असली नहीं रहता, उस पर नकलीपन हावी हो जाता है। डीपफेक का आरंभ छह साल पूर्व 2017 से मान सकते हैं, जब माइक्रोब्लॉगिंग साइट रेडिट के एक उपयोगकर्ता ने अश्लील वीडियो में चेहरा बदलने को इस तकनीक का उपयोग किया। हालांकि रेडिट ने इस तकनीक को ह्यडीपफेक पॉर्नह्न की श्रेणी में डाल ऐसी गतिविधि को मंच पर प्रतिबंधित कर दिया था।

### तकनीकी प्रक्रिया

एआई के आगमन के बाद किसी वीडियो या ऑडियो में दूसरों के चेहरे व आवाजों को बदलना थोड़ा आसान हो गया, लेकिन आम तौर पर यह पेचीदा तकनीक मानी जाती रही है। इस हेतु व्यक्ति को कंप्यूटर से संबंधित मशीन लर्निंग का पूरा ज्ञान होना चाहिए।

### इस्तेमाल कहां-कहां

एक आंकड़ा बताता है कि वर्ष 2019 में मौजूद डीपफेक वीडियो में से 96 फीसदी अश्लील सामग्रियों वाले थे। डीपट्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 14,678 डीपफेक वीडियो ऑनलाइन मौजूद थे। यह भी कि डीपफेक वीडियो के आकलन में पता चला कि डीपफेक पोर्नोग्राफी का इस्तेमाल महिलाओं की छवि को धूमिल करने के लिए किया गया था। साइबर अपराधियों ने ब्लैकमेलिंग या फिरौती वसूलने के लिए भी डीपफेक का इस्तेमाल किया है। शेष चार फीसदी डीपफेक वीडियो विशुद्ध मनोरंजन, पुरानी यादों को ताजा करने अथवा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए खुद को अव्वल और दूसरे को नीचा दिखाने को बनाए गए थे।

### कानूनी स्थिति और नीतिगत उपाय

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वस्त किया कि सरकार जल्द ही सोशल मीडिया कंपनियों से डीपफेक संबंधी मामलों पर चर्चा करेगी। यदि इन कंपनियों (मंचों) ने इस प्रचलन को रोकने के उपाय नहीं किए तो उन्हें आईटी एक्ट के सेफ हार्बर के तहत इम्यूनिटी या सरंक्षण नहीं मिलेगा। यहां इम्युनिटी का अभिप्राय है कि आईटीएक्ट की धारा- 79 के एक अपवाद के तहत कंपनियों को यह सरंक्षण प्राप्त था कि यदि किसी प्लेटफॉर्म पर तीसरी पार्टी ने कोई आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की है, लेकिन उस प्लेटफॉर्म ने उस सामग्री को सर्कुलेट नहीं किया है तो प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी नहीं मानी जाएगी। अब इस नीति में बदलाव हो गया है। हालांकि भारत के आईटी एक्ट में पहले से ऐसे मामलों में सजा के प्रावधान रहे हैं।

### पहचान कैसे करें

यूं एआई की मदद से तैयार डीपफेक सामग्री की पहचान करना अब काफी मुश्किल हो गया है। अब ऐसी सामग्री तभी पकड़ में आ पाती है, जब हमारे सामने उससे संबंधित असली फोटो, वीडियो या ऑडियो मौजूद हो। फिर भी सामान्य सावधानी यह बरती जा सकती है कि यदि किसी वीडियो में व्यक्ति बहुत देर से पलकें नहीं झपका रहा है, तो माना जा सकता है कि वह वीडियो

# 22 जनवरी को राम मंदिर उद्धाटन सभी होटल लॉज फुल

योगी सरकार ने होटलों में एडवांस बुकिंग बंद करने का दिया आदेश, 22 जनवरी के लिए होटल्स हुए हाउसफुल

राम मंदिर के निर्माण व संचालन का काम देख रहे श्रीराम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का कहना है कि श्रद्धालुओं को दर्शन प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन से मिलेंगे।

राम मंदिर में जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या में युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को आने वाले बड़ी तादाद में अति विशिष्ट अतिथियों को देखते हुए अयोध्या के होटलों व गेस्ट हाउस में बुकिंग बंद करा दी गयी है। योगी सरकार ने आदेश जारी कर 22 जनवरी को आमजन के लिए बुकिंग पर रोक लगाते हुए सभी तरह की एडवांस बुकिंग रद्द करने को कहा है।

## अयोध्या में होटलों, होम स्टे व गेस्ट हाउस की मांग जबरदस्त बढ़ी

राम मंदिर के निर्माण व संचालन का काम देख रहे श्रीराम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का कहना है कि श्रद्धालुओं को दर्शन प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन से मिलेंगे। ट्रस्ट का अनुमान है कि 22 जनवरी के बाद से अयोध्या में हर दिन दो लाख के करीब श्रद्धालु दर्शन के लिए आएंगे जबकि विशेष तिथियों पर यह तादाद पांच लाख तक जा सकती है। इतनी बड़ी तादाद में अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए होटलों, होम स्टे व गेस्ट हाउस की मांग जबरदस्त बढ़ी है। अब तक अयोध्या में 5000 से ज्यादा घरों को होटलों में परिवर्तित कर दिया गया है। सैकड़ों की तादाद में पर्यटन विभाग को होम स्टे बनाने के आवेदन मिल चुके हैं।

प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अयोध्या के श्री राम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 100 के करीब निजी विमान अतिथियों को लेकर उतरेंगे। मंदिर ट्रस्ट नें प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश-विदेश में न्योता भेजा है। कई विदेशी प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद है। ट्रस्ट की ओर से आमंत्रित लोगों में राजनेताओं के अलावा मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर व माधुरी दीक्षित जैसे वीवीआईपी भी शामिल हैं जो अपने निजी विमानों से आएंगे।

## राम मंदिर के उद्धाटन के लिए रेलवे की बड़ी तैयारी, देश भर से चलेगी 1000 स्पेशल ट्रेन

अयोध्या में नया बना इंटरनेशनल एयरपोर्ट 30 दिसंबर से संचालित होने लगेगा। इसी दिन दिल्ली से अयोध्या की पहली उड़ान सुबह 11.20 बजे आएगी। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट का उद्घाटन करने अयोध्या आ रहे हैं। एयरपोर्ट के सामने ही प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे जिसके बाद अयोध्या में बने अंतरराष्ट्रीय रेलवे स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के साथ ही प्रधानमंत्री 30 दिसंबर को ही 3000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या के मौके पर ही रामलला के दर्शन के लिए भारतीय रेलवे 1000 स्पेशल ट्रेन चलाएगा। इन ट्रेनों को देश के डेढ़ दर्जन राज्यों के प्रमुख शहरों से अयोध्या तक चलाया जाएगा।